लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 357, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, होली : यौवन के उन्माद का त्योहार व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

किआरा को पसंद आई सिद्धार्थ की 'योद्धा'...15

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 32.0° अधिकतम तापमान | 12.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, हल्के बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 06 : 16 | सूर्यास्त 18 : 19 | मुरादाबाद, रविवार 17 मार्च 2024

लोकसभा चुनाव घोषित, सात चरणों में मतदान

543 सीटों के लिए 19 अप्रैल से 1 जून तक होगा मतदान, 4 जून को मतगणना

चुनावों की घोषणा के साथ ही देशभर में लागू हुई आदर्श आचार संहिता

चार राज्यों की विधानसभाओं के लिए भी मतदान की तिथियों की घोषणा

नई दिल्ली, ब्यूरो/एजेंसी

चुनाव आयोग ने 18वीं लोकसभा के चुनावों, चार राज्यों के विधानसभा चुनाव तथा 13 राज्यों की 26 विधानसभा सीटों के उपचुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में कराने तथा मतगणना चार जून को कराने का एलान किया है। इसके साथ ही देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार एवं सुखबीर सिंह संधू की मौजूदगी में शनिवार को यहां विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लोकसभा की सभी 543 सीटों के साथ साथ सिक्किम (32 सीटें), अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें), ओडिशा (147 सीटें) एवं आंध्र प्रदेश (175 सीटें) की विधानसभा चुनावों एवं 13 राज्य विधानसभाओं की 26 रिक्त सीटों पर उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि 543 लोकसभा सीटों में से 84 सीटें अनुसूचित जाति और 47 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। कुमार ने भारत के आम चुनाव को दुनिया में लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व करार देते हुए कहा कि आयोग ने दो साल से इसकी तैयारी की और वह हिंसा, रक्तपात, धनबल एवं दुष्प्रचार को रोकने के लिए अब तक की सबसे प्रभावी व्यवस्था के साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि चुनावों की शुरुआत 20 मार्च को पहली अधिसूचना के साथ होगी। पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर, दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 89 सीटों पर, तीसरे चरण में सात मई को 12 राज्यों की 94 सीटों पर, चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों की 96 सीटों पर, पांचवें चरण में 20 मई को आठ राज्यों की 49 सीटों पर, छठवें चरण में 25 मई को सात राज्यों की 57 सीटों और सातवें चरण में एक जून को आठ राज्यों की 57 सीटों पर मतदान होगा। 22 राज्यों के लिए एक ही चरण में मतदान होगा। जबकि बिहार, पश्चिम बंगाल एवं उत्तर प्रदेश की सीटों के लिए सभी सातों चरणों में मतदान कराया जाएगा। चार राज्यों - कर्नाटक, राजस्थान, त्रिपुरा एवं मणिपुर में दो चरणों में, छत्तीसगढ़ एवं असम में तीन चरणों में, ओडिशा, मध्य प्रदेश एवं झारखंड में चार चरणों में, महाराष्ट्र एवं जम्मू कश्मीर में पांच चरणों में मतदान कराया जाएगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सभी की मतगणना चार जून को होगी। कुमार ने बताया कि इस बार के आम चुनाव के लिए करीब 96.8 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं जिनमें पुरुष मतदाता 49.7 करोड़, महिला मतदाता 47.1 करोड़ तथा ट्रांसजेंडर मतदाता 48 हजार हैं। 12 राज्यों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। उन्होंने कहा कि 19.74 करोड़ मतदाता युवा वर्ग (20 से 29 वर्ष आयु) के हैं जबकि 1.82 करोड़ मतदाता 18 से 19 वर्ष आयु के हैं और मतदान के लिए पहली बार पंजीकृत किए गए हैं जिनमें 85.9 लाख महिलाएं हैं।

नई दिल्ली में शनिवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसएस संधू।

- 96.8 करोड़ कुल पंजीकृत मतदाता
- 49.7 करोड़ पुरुष, 47.1 करोड़ महिलाएं
- 19.74 करोड़ वोटर 20 से 29 आयु व र्ग के
- 1.82 करोड़ वोटर 18 से 19 आयु वर्ग के
- 48 हजार ट्रांसजेंडर मतदाता

ईवीएम से सुरक्षित और निष्पक्ष मतदान संभव

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि देश में मतदान के लिए प्रयोग की जा रही इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पूरी तरह से सुरक्षित और निष्पक्ष है तथा इसके साथ छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। राजीव कुमार ने संवाददाताओं के सवालों के जवाब में यह बात कही।

85 साल से ज्यादा उम्र के वोटर करेंगे घर बैठे वोटिंग

चुनाव आयोग ने इस बार 85 वर्ष से ऊपर के 82 लाख और 40 प्रतिशत तक दिव्यांगता वाले 88.4 लाख मतदाताओं से घर से मतदान करने का विकल्प उपलब्ध कराने का फैसला किया है। चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी के लिए 2100 पर्यवेक्षक तैनात किये हैं।



10.48 लाख मतदान केंद्र, 55 लाख ईवीएम

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि 2.18 लाख मतदाता 100 वर्ष से अधिक आयु के हैं। जबकि पांच से छह लाख ऐसे मतदाता भी वोट दे सकेंगे जो एक अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे। उन्होंने मतदाता पंजीकरण के लिए पहले से आवेदन कर रखा था। मुख्य चुनाव आयुक्त के अनुसार 10.48 लाख मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे जिनमें करीब 55 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) उपलब्ध कराई जाएंगी।

उत्तर प्रदेश में किस चरण में, कहां मतदान

पहला चरण	19 अप्रैल 8 सीट	सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत।
दूसरा चरण	26 अप्रैल 8 सीट	अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा।
तीसरा चरण	7 मई 10 सीट	संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, बदायूं, आंवला और बरेली।
चौथा चरण	13 मई 13 सीट	शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच।
पांचवां चरण	20 मई 14 सीट	मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा।
छठा चरण	25 मई 14 सीट	सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही।
सातवां चरण	1 जून 13 सीट	महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज।

उत्तराखंड में 20 मार्च को अधिसूचना, 19 अप्रैल को मतदान

उत्तराखंड की सभी पांच संसदीय क्षेत्र में पहले चरण में 19 अप्रैल को एक साथ मतदान होगा। 20 मार्च को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और 27 मार्च तक नामांकन की अंतिम तिथि है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी और नाम वापसी 30 मार्च तक हो सकेगी। उत्तराखंड में टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, अल्मोड़ा (सु), नैनीताल, उधम सिंह नगर एवं हरिद्वार संसदीय क्षेत्र हैं।

एक नजर

ईडी को मिली 23 मार्च तक कविता की हिरासत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शनिवार को 23 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने हिरासत के अनुरोध संबंधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर यह आदेश सुनाया। एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को अदालत के समक्ष पेश किया और 10 दिन की हिरासत मांगी। हालांकि, अदालत ने केवल 23 मार्च तक की हिरासत प्रदान की। अदालत में पेश किए जाने के दौरान कविता ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया और कहा कि हम इसे (मामले को) अदालत में लड़ेंगे।

शिवसेना (यूबीटी) नेता की 88.51 लाख की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोविड-19 अवधि के दौरान प्रवासियों के बीच खिचड़ी के वितरण में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में शिवसेना (यूबीटी) नेता सूरज चव्हाण की 88.51 लाख रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। ईडी के मुंबई कार्यालय ने मुंबई में चव्हाण के स्वामित्व वाले एक आवासीय फ्लैट और महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में कृषि भूखंड के रूप में 88.51 लाख रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की गई है।

गायिका अनुराधा पौडवाल भाजपा में हुईं शामिल

नई दिल्ली। प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका अनुराधा पौडवाल लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को यहां भाजपा में शामिल हो गईं। यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी के नेताओं के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में पौडवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें मोदी की अगुवाई वाली पार्टी में शामिल होकर खुशी हो रही है। इस मौके पर उन्होंने 'सर्व मंगल मांगल्ये' भी गाया और आदि शक्ति को नमन किया। पौडवाल ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मैं उन लोगों और उनकी सरकार में शामिल हो रही हूं जिनका सनातन से बहुत गहरा संबंध है।

पांच आईएएस अफसरों के तबादले, एक का रद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नितिन का केडीए उपाध्यक्ष पर किया गया तबादला निरस्त

अमृत विचार : राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले फिर पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। जबकि आईएएस नितिन का उपाध्यक्ष, कानपुर नगर विकास प्राधिकरण के पद पर किया गया ट्रांसफर निरस्त कर दिया गया है। वे विकास प्राधिकरण पिलखुवा, बुलन्दशहर में बने रहेंगे।

शासन ने एआईजी स्टाम्प आईएएस रवीश गुप्ता को प्रबंध निदेशक पर्यटन निगम बनाया है। जबकि विशेष सचिव ऊर्जा राहुल सिंह को एआईजी स्टाम्प बनाया गया है। आईएएस अतुल सिंह को आरएफसी लखनऊ का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। वहीं, आईएएस अनिता यादव को आरएफसी आगरा का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। आईएएस विजय कुमार को विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक लखनऊ बनाया गया है।

केजरीवाल अदालत में पेश हुए, मिली जमानत

नई दिल्ली, ब्यूरो

- दिल्ली शराब घोटाले में 1 अप्रैल को अगली सुनवाई

अमृत विचार: दिल्ली शराब घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को स्थानीय अदालत में पेश होना ही पड़ा। हालांकि उन्हें जमानत मिल गई है। अगली सुनवाई 1 अप्रैल को होगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर पेश न होने के विरुद्ध दो मामले दर्ज किए गए थे। दिल्ली शराब घोटाला मामले में पूछताछ करने के लिए ईडी ने केजरीवाल को भी तलब किया था लेकिन वह 8 बार समन भेजने के बावजूद नहीं गए थे और आरोप लगाया था कि भाजपा के इशारे पर ईडी उन्हें गिरफ्तार करना चाहता है। ईडी ने केजरीवाल के विरुद्ध दो मामले दर्ज करवाए थे। जिनकी सुनवाई के बाद अदालत ने मुख्यमंत्री को तलब किया था लेकिन जमानत मिलने के बाद केजरीवाल को व्यक्तिगत पेशी से राहत मिल गई है।

पिछली सरकारों पर कसा तंज, बोले वह कर्फ्यू लगाते थे हम कांवड़ यात्रा निकालते हैं

डबल इंजन की सरकार सपने नहीं हकीकत बुनती है : मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

बुद्धि विहार मैदान में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। साथ में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, एमएलसी सतपाल सैनी, गोपाल अंजान, डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त और महापौर विनोद अग्रवाल।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सपने नहीं हकीकत बुनती है, तभी तो जनता मोदी को चुनती है। उन्होंने प्रदेश की पिछली सरकारों पर तंज कसा कि वह कर्फ्यू लगाते हैं हम कांवड़ यात्रा निकालते हैं। मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद के बुद्धि विहार मैदान में राज्य विश्वविद्यालय के शिलान्यास के साथ ही 513.35 करोड़ रुपये की 112 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को मुरादाबाद व रामपुर भ्रमण के दौरान पहले मुरादाबाद के डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में प्रशिक्षु दरोगाओं की पासिंग आउट परेड की सलामी ली। बुद्धि विहार के मैदान में योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। जिसमें 167 करोड़ रुपये की लागत से राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद और मिर्जापुर के मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय का शिलान्यास भी शामिल है।

उन्होंने कहा कि हर मंडल में सरकारी विश्वविद्यालय, 22 निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। हर जिले में मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प विकसित भारत का है। इसके लिए विकसित उत्तर प्रदेश चाहिए। कहा कि देश से एक ही आवाज, फिर एक बार मोदी सरकार की आ रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद के लोगों की वर्षों पुरानी सरकारी विश्वविद्यालय की स्थापना करने की मांग को पूरा करते हुए पिछले साल बजट भी आवंटित कर दिया है। जनसभा में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री सत्येंद्र सिसौदिया आदि मौजूद रहे। रामपुर के राजकीय फिजिकल कॉलेज स्टेडियम के मैदान पर जनसभा को संबोधित कर मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए आजम खां के ड्रीम प्रोजेक्ट मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी पर निशाना साधा। कहा कि गरीबों की जमीनें हड़प कर यूनिवर्सिटी बना दी गई। उन्होंने कहा कि रामपुर की पहचान रामपुरी चाकू से थी। कुछ लोग चाकू का इस्तेमाल जेब कतरने में करते थे, हमने उसी चाकू का इस्तेमाल सबको सुरक्षा देने में कर दिया।

- मुरादाबाद में 112 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

आयोग के अधीन हुईं शासन की गतिविधियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : निष्पक्ष और निर्भीक होकर अधिकाधिक मतदान कराना अब शासन समेत जिलों के अधिकारियों और कर्मचारियों की प्राथमिकता होगी। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही शनिवार शाम से शासन की गतिविधियों पर केंद्र और राज्य चुनाव आयोग की सीधी निगरानी शुरू हो गई है। इसकी हनक भी दिखने लगी। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों और सभी राजनीतिक दलों व समर्थकों के होर्डिंग-बैनर आदि सड़कें-गलियों, चौराहों, संस्थानों आदि से साफ कराने का काम शुरू हो गया।

लोकसभा चुनाव के लिए तिथियों की घोषणा के साथ ही शनिवार शाम से स्वंतत्र, निष्पक्ष और निर्भीक मतदान कराना शासन से लेकर प्रशासन की प्राथमिकता हो गई। कार्यकारी हस्तक्षेप से मुक्त होकर चुनाव के संचालन के लिए मतदान केन्द्रों, उसके आस-पास किए जाने वाले प्रबंधों पर फोकस हो गया है। मुख्यमंत्री, मंत्रीगण समेत प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों के साथ वीवीआईपी आदि सरकारी सुविधाओं का न प्रयोग कर सकेंगे, न ही मतदाताओं को प्रभावित करने वाले कार्य ही करेंगे। शीर्ष अधिकारी भी अब इनके साथ सार्वजनिक रूप से सभाओं और रोड शो में मदद करते नहीं दिखेंगे। उनका कार्य सिर्फ चुनाव और सुरक्षा को लेकर व्यवस्थाएं देने तक सीमित होगा।

बदली प्राथमिकताएं

- चुनाव आयोग निगरानी में अफसर और कर्मचारी
- मंत्रियों के आगे-पीछे नहीं दिखाई देंगे अधिकारी

> उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। इसी के साथ पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। सभी जनपदों को निर्देश निर्गत कर दिए गए हैं। - **नवदीप रिणवा**, मुख्य निवार्चन अधिकारी (उत्तर प्रदेश)

प्रदेश में 15.34 करोड़ वोटर लेंगे चुनाव में हिस्सा

प्रदेश में वर्तमान में कुल मतदाताओं की संख्या 15.34 करोड़ है, जिसमें 8.17 करोड़ पुरुष, 7.17 करोड़ महिला, 6,638 तृतीय लिंग और 12,51,827 दिव्यांग मतदाता हैं। प्रदेश में कुल पोलिंग स्टेशन लोकेशन की संख्या 92,587 एवं मतदेय स्थल की संख्या 1,62,041 (1,62,012 मूल व 29 सहायक मतदेय स्थल) है।

डूंगरपुर मामले में आजम सहित 4 दोषी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 18 मार्च को सुनाई जाएगी सजा कोर्ट में पेश हुए आजम खां

अमृत विचार : डूंगरपुर के एक मामले में शनिवार को अदालत ने सपा नेता आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां, ठेकेदार बरकत अली और रिटायर्ड सीओ आले हसन को दोषी करार दिया है। इस मामले में सजा 18 मार्च को सुनाई जाएगी।

गंज थाना क्षेत्र के डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के आरोप में 2019 में 12 मुकदमे दर्ज हुए थे। ये सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती के आरोप में पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। शनिवार को सीतापुर जेल से आजम खां कोर्ट पहुंचे। पूर्व पालिका अध्यक्ष अजहर खां बिजनौर जेल से रामपुर आए। कोर्ट ने आजम खां समेत चार लोगों को दोषी ठहराया। इनके अलावा जिबरान नासिर, फरहान नासिर और पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि कोर्ट ने आजम खां सहित चार को दोषी करार दिया है। इस मामले में 18 मार्च को सजा सुनाई जाएगी।

सपा ने छह और प्रत्याशियों के नामों का किया एलान

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश के छह और प्रत्याशियों की सूची जारी की है। जिसमें आजमगढ़ सीट पर धर्मेंद्र यादव को प्रत्याशी घोषित किया गया हैं। शनिवार को जारी 5वीं सूची के बाद प्रदेश में सपा के प्रत्याशियों की संख्या 42 पहुंच चुकी है। इंडिया गठबंधन में प्रदेश में मिली 63 सीटों पर, समाजवादी पार्टी क्रमवार प्रत्याशी घोषित कर रही है। प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी सूची में गौतमबुद्ध नगर से महेंद्र नागर, मिश्रिख से मनोज कुमार राजवंशी, सुल्तानपुर से भीम निषाद, इटावा से जितेन्द्र दोहरे और जालौन में नारायणदास अहिरवार को प्रत्याशी बनाया गया है।

खेलकूद | जिले से लेकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं होंगी, छात्र-छात्रा पहली बार मैदान पर दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

'आश्रम' तैयार करेंगे भविष्य के अर्जुन और लक्ष्मीबाई

राजीव शुक्ला, लखनऊ

- 75 जिलों में 94 विद्यालयों के लिए पहली बार जारी हुआ वार्षिक खेल कैलेंडर
- समाज कल्याण विभाग ने दी प्रत्येक विद्यालय को 25,000 रुपये धनराशि

अमृत विचार : सिर्फ पढ़ाई ही नहीं आश्रम पद्धति विद्यालयों में अब छात्र-छात्राओं को खेलों में भी निपुण किया जाएगा। इन ''आश्रमों'' में भविष्य के ''अर्जुन'' और ''रानी लक्ष्मीबाई'' की नई पौध तैयार की जाएगी। जो न केवल देश में वरन विदेश में भी भारत का झंडा लहराएंगे। इसके लिए समाज कल्याण विभाग ने तैयारियां कर ली हैं। जल्द ही यहां पर विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण के लिए उपकरण भी आ जाएंगे। पहली बार आश्रम पद्धति विद्यालयों के लिए वार्षिक खेल कैलेंडर जारी किया गया है। सबकुछ कार्ययोजना के अनुसार हुआ तो यहां से देश और प्रांत का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी मैदान पर अपना हुनर दिखाएंगे।

प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों का संचालन समाज कल्याण विभाग कर रहा है। इन विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। पठन-पाठन के साथ अब इन विद्यालयों में वार्षिकोत्सव और विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जुलाई-अगस्त में विद्यालय-जिला स्तर पर, सितंबर-अक्टूबर में मंडल स्तर पर और नवंबर-दिसंबर में राज्य स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में कराया जाएगा। विभाग की ओर से विद्यालयों को 25-25 हजार रुपये की धनराशि दी गई है। इस धनराशि से खेल उपकरण मंगाए जाएंगे।

इन खेलों से तैयार होगी खिलाड़ियों की नई पौध : खो-खो, कबड्डी, शतरंज, वालीबॉल, फुटबाल, दौड़, तैराकी, लूडो, कैरम, रस्साकशी, दौड़, बैडमिंटन, गोला फेंक और डिस्क थ्रो आदि कई खेल भविष्य के खिलाड़ियों की नींव रखेंगे।

> आश्रम पद्धति विद्यालय में वार्षिकोत्सव कराया जाएगा। खेलों का भी आयोजन किया जाएगा। वार्षिकोत्सव और खेल प्रतियोगिता का कैलेंडर पहली बार जारी किया गया है। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता कराने के लिए खेल निदेशक से बातकर उसे अंतिम रूप दे दिया गया है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। -**कुमार प्रशांत**, निदेशक समाज कल्याण

बेहतर प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगा मौका

राज्य स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। अभी तक सिर्फ पढ़ाई को ही कैरियर मान रहे छात्र-छात्राओं को खेल में भी कामयाबी का शिखर चूमने का अवसर मिलेगा। विभागीय अधिकारियों की योजना है कि 94 विद्यालयों से खेल के क्षेत्र में नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाया जाएगा ताकि विश्व स्तर पर वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। समाज कल्याण निदेशक ने खेलों का बढ़ावा देने वाली सामग्री की सूची विद्यालयों से मांगी है। कुछ विद्यालयों ने सूची भेजी भी है।



रमजान मुबारक

17 मार्च, इफ्तार
सुन्नी- 6 बजकर 28 मिनट
शिया- 6 बजकर 36 मिनट

18 मार्च सहरी
सुन्नी- 4 बजकर 50 मिनट
शिया- 4 बजकर 50 मिनट

नोट- क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

☞ यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन रजा इंटर कॉलेज में सुबह 10:30 बजे।

☞ मिस्टनगंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में हवन पूजन सुबह 11:15 बजे।

एक नजर

पहले दिन 5384 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

रामपुर, अमृत विचार : शहर के दो विद्यालयों में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शनिवार से शुरू हो गया। मूल्यांकन के लिए 992 परीक्षकों को लगाया गया है। पहले दिन हाईस्कूल की 1910 और इंटर की 3474 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि मूल्यांकन के लिए राजकीय रजा इंटर कॉलेज और राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। हाईस्कूल की कॉपियों का मूल्यांकन 293 शिक्षकों ने किया। इंटर की कॉपियों का मूल्यांकन 168 शिक्षकों ने किया सभी को 15 दिन के अंदर कॉपियां चेक करने का लक्ष्य दिया गया है। रविवार को भी मूल्यांकन होगा।

मुख्यमंत्री ने शहर विधायक के प्रयासों को सराहा, बोले- अब रामपुर में नजर आ रहा है परिवर्तन

गरीबों के स्वरोजगार का मॉडल पीएम स्वनिधि गलियारा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम स्वनिधि गलियारे की सराहना की। कहा कि गरीबों का पुनर्वास और स्वरोजगार के मॉडल के रूप में पीएम स्वनिधि गलियारा बनकर तैयार हुआ है। उन्होंने सरस हॉट की भी जमकर सराहना की। कहा कि पहले रामपुर अराजकता के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब परिवर्तन हो रहा है। यहां विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। विकास की यह यात्रा आगे भी जारी रहेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां फिजिकल कॉलेज के मैदान पर 614 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि हमारे जनप्रतिनिधि जिले को विकास के पथ पर लेकर जा रहे हैं। वर्ष 2017 से पहले जिस रामपुर में गरीबों की जमीनों पर कब्जे होते थे, अब वही रामपुर गरीबों के पुनर्वास और स्वरोजगार का बड़ा मॉडल बनकर उभर रहा है।

शहर विधायक आकाश सक्सेना का नाम लेते हुए कहा कि सरस हॉट, पीएम स्वनिधि योजना के तहत बड़े कार्य हुए हैं। ऐसे में रामपुर को लगातार प्रगति के पथ पर लेकर चलने के लिए जरूरी है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत हो।

मुख्यमंत्री से वार्तालाप करते सांसद घनश्याम सिंह लोधी। ● अमृत विचार

रोजगार बढ़ाने के लिए सांसद ने किया आग्रह

रामपुर, अमृत विचार : सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह किया कि आज उद्योगपति प्रदेश में उद्योग लगा रहे हैं। यहां भी किसी उद्योगपति को भेजकर उद्योग लगवाने का प्रयास करें। ताकि जिले के लोगों को रोजगार मिल सके। सर्किट हाऊस का नाम संत रविदास महराज के नाम पर रखने पर सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस पर जनता ने सांसद और मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। लोगों ने कहा कि इससे पहले हमने विकास को सिर्फ कागजों में देखा था। अपने सामने हम इसे साकार होते हुए देख रहे हैं। यहां के लोगों की उम्मीदें भी जल्दी पूरी होंगी।

एक व्यक्ति की अकड़ के कारण पिछड़ा रामपुर का विकास: भूपेंद्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जनसभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सबसे पहले मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए जनता से अपील की तो लोगों ने तालियां बजाते हुए जय श्री राम के नारे लगाए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एक व्यक्ति की अकड़ के कारण रामपुर का विकास पिछड़ गया। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया संज्ञान ले रही है। मोदी की सरकार बिना भ्रष्टाचार बिना किसी भेदभाव के सभी का विकास किया। इसके पश्चात रामपुर में की जा रही शिलान्यास व लोकार्पण योजनाओं पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म का मंच से प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री ने 2 बजकर एक मिनट पर योजनाओं का शिलान्यास किया। उधर, सांसद घनश्याम लोधी ने कहा कि रामपुर एक पिछड़ा जिला रहा। यहां कई मंत्री भी रहे, लेकिन जिले के बारे में किसी ने नहीं सोचा। हिंदू-मुस्लिम के नाम पर वोट लेते रहे। जब भाजपा सरकार आई, तभी से देश विकास की राह पर है। जब सांसद ने मुख्यमंत्री की ओर इशारा करते हुए मांग की कि जिला में गंभीर रोगी को इलाज कराने के लिए जिले के बाहर ले जाना पड़ता है, इसे एक मेडिकल कॉलेज की आवश्यकता है। जिले में बेरोजगारी भी बहुत है। इसलिए जिले में बड़े उद्योगपति को भेजकर रोजगार की समस्या दूर करने की पहल करें। इस पर जनता जयश्रीराम के नारे लगाते हुए तालियां बजाकर बात का समर्थन किया।

वहीं लोकसभा क्षेत्र प्रभारी हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि अंग्रेजों के समय देश सपेरों का देश कहा जाता था। कांग्रेस के दौर में भिखारियों का देश कहा जाने लगा। लेकिन 2014 से देश को विश्व में अभूतपूर्व सम्मान दिलाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। लोकसभा की सह-प्रभारी मंजु दलेर ने कहा हमें प्रधानमंत्री का अहसान मानना चाहिए कि वह रामपुर और देश की जनता को विकास की राह पर ले गए। आज ऐसे मुखिया की जरूरत है जो विश्व में देश का परचम लहराए। पूर्व विधायक यूसुफ अली ने कहा ति आज देश को ईमानदार प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री मिले हैं। पूर्व विधायक बीना भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा दिलाने के साथ लाभकारी योजनाओं से लाभांवित किया है।

नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है रामपुर : योगी

मुख्यमंत्री ने राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के मैदान पर जनसभा को किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डबल इंजन की सरकार के लिए रामपुर वालों से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने अपने 27 मिनट 49 सेकेंड के भाषण में हाईवे, रेलवे, उद्योग, आईआईटी, एम्स समेत अन्य क्षेत्रों में हुए विकास कार्य गिनाए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 610 करोड़ रुपये की लागत वाली 84 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

स्वार रोड स्थित राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के मैदान पर जनसभा का आगाज उन्होंने जय श्री राम और वंदेमातरम के उदघोष से किया। यहां जनता की आवाज कमजोर निकलने पर कहा कि यह रामपुर वालों की आवाज नहीं है। इसके बाद भारत माता के जय के उदघोष से वातावरण गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस रामपुर में गरीबों की जमीनों पर कब्जा किया जाता था, आज उनका पुनरुद्धार और पुनर्वास किया जा रहा है। कहा कि हमारा रामपुर फिर नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। वायलिन से संगीत की लहरियां रामपुर घराने की पहचान को फिर पुनर्जीवित करने का काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि मूंढापांडे एयरपोर्ट का लाभ मुरादाबाद वालों से ज्यादा रामपुर वालों को लाभ मिलेगा, क्योंकि यह एयरपोर्ट रामपुर से बहुत करीब है। बाईपास की दूरी और कम कर देगा, उसका शिलान्यास हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जनपद रामपुर विकास की नई पहचान बना रहा है। पीएम स्वनिधि गलियारे के माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित करने का मॉडल भी जिले ने दिया है, जो सराहनीय है। रामपुरी चाकू का इस्तेमाल सबको सुरक्षा प्रदान करने में किया जा रहा है।

उन्होंने शहर में नवनिर्मित सर्किट हाउस का संत शिरोमणि रविदास के नाम पर नामकरण करने की घोषणा की। कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने उस काल खंड में भी कर्म की साधना को महत्व दिया था, रविदास जी की मन चंगा तो कठौती में गंगा उक्ति आज भी हम सबके लिए उतनी ही सार्थक है। रामपुर नई टाउनशिप स्कीम के साथ आगे बढ़ रहा है। लोगों को बेहतरीन टाउनशिप में पार्क और घूमने की बेहतरीन सुविधाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने जिले में किए गए उत्कृष्ठ कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी देखी। रामपुर टाउनशिप एवं सद्भावना मंडप के मॉडल का अवलोकन किया।

जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास मौजूद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, सांसद घनश्याम सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, शहर विधायक आकाश सक्सेना व अन्य।

दुनिया में बढ़ा है भारत का सम्मान

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में 56 लाख लोगों को आवास मिल गया। देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव में कहा था कि विकसित भारत होना चाहिए। इससे हर हाथ को काम मिलेगा और राष्ट्र बड़ी ताकत बनकर उभरेगा। कहा कि 200 वर्ष तक देश पर हुकूमत करने वाले ब्रिटेन से आगे निकल गया है। अब भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। चारों ओर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। कहीं कोई गुंडागर्दी नहीं है। किसानों को 2600 करोड़ रुपये बिजली के लिए दिए गए हैं। वादा किया, विकास देंगे, विरासत का सम्मान करेंगे, सुरक्षा और समृद्धि भी देंगे। उन्होंने डबल इंजन की सरकार को बनाए रखने के लिए जनता का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों में एक नया विश्वास भरा है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। यह केवल नरेंद्र मोदी का सम्मान नहीं बढ़ा है, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान बढ़ा है। नक्सलवाद, उग्रवाद, आतंकवाद समाप्त हो गया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एयरपोर्ट, हाईवे, रेलवे, उद्योग, आईआईटी, एम्स आदि क्षेत्रों में देश एक नई पहचान बना रहा है। एक तरफ विश्व स्तरीय आधारिक संरचना है तो दूसरी ओर गरीब कल्याण की महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं। सरकार शिक्षा, रोजगार, उद्योग, जन-जन की सुरक्षा, बेहतर कानून व्यवस्था के लिए कार्य कर रही है। सरकार ने हर पात्र को मुफ्त राशन, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से पहुंचाया है। प्रदेश सरकार एक ओर विरासत का संरक्षण कर रही है तो दूसरी ओर विकास कार्य भी कर रही है।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, सांसद घनश्याम सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, शहर विधायक आकाश सक्सेना, विधायक मिलक राजबाला सिंह और स्वार विधायक शफीक अहमद अंसारी, पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना, भाजपा नेता सूर्य प्रकाश पाल, एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो, जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, पूर्व विधायक अली यूसुफ अली, मंजू दिलेर, श्रीष गुप्ता, मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल, एडीएम राजस्व एवं वित्त हेम सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव, सीओ सिटी जितेंद्र कुमार, सीओ स्वार रवि खोखर आदि मौजूद रहे।

हैलीपेड से गांधी समाधि तक तैनात रही पुलिस

रामपुर, अमृत विचार : मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सुबह से ही अलर्ट हो गया था। पुलिस लाइन में हैलीपेड से लेकर गांधी समाधि के पास तक पुलिस का कड़ा पहरा रहा। मुख्यमंत्री के आने के दौरान स्वार रोड पर कुछ देर के लिए वाहनों का संचालन रोक दिया गया था। हालांकि बाद में संचालन चालू कर दिया गया।

सुबह आठ बजे से पुलिस लाइन में बने हैलीपेड से लेकर गांधी समाधि, अन्य चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारी भी सक्रिय रहे। करीब डेढ़ बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पुलिस लाइन पहुंचे। तभी रास्तों पर वाहनों का संचालन रोक दिया गया। फिजिकल कॉलेज स्टेडियम में पहुंचने के बाद रास्तों को खोला गया। इस दौरान गांधी समाधि के पास बने रास्ते पर सभी कार सवारों को रोका जा रहा था।

वहीं नवाब गेट पर भी पुलिस बल तैनात रहा। मालारोड की तरफ से आने वाले वाहन चालकों को भी दूसरे रास्ते से भेजा गया। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा में सुबह से ही लोग पहुंचने शुरू हो गए थे। बसों को रुहेल टाइगर्स क्लब के मैदान में खड़ा कराया गया। 10 बजे से ही बसें और अन्य वाहनों से लोग स्टेडियम पर पहुंचने लगे थे।

सांसद, राज्यमंत्री, विधायक की कभी नहीं टाली बात

सुहेल जैदी, रामपुर

अमृत विचार: मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने रामपुर के सांसद, विधायक, उनके सहयोगी और मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख की बात कभी नहीं टाली है। रामपुर के लिए जो कुछ भी उनसे मांगा गया उन्होंने तुरंत दिया है। रामपुर में हो रहे विकास कार्यों की डाक्यूमेंट्री देखकर मुस्कुराए। इस दौरान सांसद घनश्याम सिंह लोधी अपनी कुर्सी से उठकर खड़े हो गए। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं में भी जोश भरा।

जनसभा स्थल पर मुख्यमंत्री ने जनता का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान वह कभी कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख से बात करते रहे तो कभी शहर विधायक आकाश सक्सेना से। सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने मुख्यमंत्री के कान में कुछ कहा, तो वह मुस्कुराने लगे। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को वायलिन स्मृति चिह्न के रूप में दिया। इसके बाद उन्होंने वायलिन की स्वर लहरियों का सहारा लेते हुए रामपुरी चाकू पर भी वार कर गए। अपने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री ने दो बार रामपुर के संगीत घराने का जिक्र किया। मुख्यमंत्री वर्ष 2022 में हुए लोकसभा उपचुनाव के अलावा विधानसभा उपचुनाव में भी रामपुर वालों से रूबरू हो चुके हैं। उन्होंने रामपुर के लोगों से अपनत्व दर्शाया। कहा कि हमारा रामपुर विकास के पथ पर दौड़ने लगा है।

महिलाओं को किया सम्मानित, चेक बांटे

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अन्तर्गत सरोज एवं लतेश को रिवॉल्विंग फंड, सीआईएफ एवं सीसीएल के अन्तर्गत 33.46 करोड़ रुपये का चेक दिया। फिरदौस उस्मानी व अफसाना को लखपति दीदी के रूप में सम्मान पत्र दिया।

राष्ट्रीय नगरीय आजीविका मिशन के तहत मैनाज बी को जरी एवं पेचवर्क में बेहतर कार्य के लिए सम्मान पत्र दिया। उद्योग विभाग की पीएमईजीपी योजना के तहत विपुल गुप्ता को 50 लाख रुपये की धनराशि का चेक व रेडिको खेतान इंडस्ट्री की अनीता चौहान को सम्मान पत्र दिया। निवेशकों में स्वाति कैम्पर के संचित गुप्ता व ईको आर्गेनिक्स के विपिन कुमार को सम्मान पत्र मिला। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत अनुज भारद्वाज को 25 लाख का चेक मिला। नवाचार के क्षेत्र में ग्राम प्रधान धमोरा गौतम गुप्ता को प्रदेश का प्रथम ग्रामीण शॉपिंग मॉल तैयार कराने व ग्राम प्रधान दनियापुर निरंजना देवी को प्रदेश का प्रथम सरस हॉट का निर्माण व संचालन कराने की दिशा में अभिनव प्रयास सम्मानित किया गया। इससे पहले सांसद और जिलाध्यक्ष और कृषि राज्यमंत्री ने रजा लाइब्रेरी में रखी फारसी रामायण की छायाप्रति उपहार स्वरूप भेंट की।

महिला को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते मुख्यमंत्री। ● अमृत विचार

आंबेडकर सभा के पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री से मिलने से रोका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: मिलक क्षेत्र के गांव सिलईबड़ा प्रकरण को लेकर भारतीय आंबेडकर सभा के पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री से मिलने जाने से रोक दिया। कोतवाली पुलिस ने तोपखाना स्थित वाल्मीकि कॉलोनी में उन्हें नजरबंद किया।

जिलाध्यक्ष अनिल राज ने कहा कि प्रदेश सरकार में दलितों पर अत्याचार हो रहे हैं। संविधान खत्म करने की साजिश की जा रही है। संगठन सामाजिक मुद्दों को उठाता है। कहा कि सुमेश की मौत के मामले कीं जांच की उच्च अधिकारियों से कराई जाए। उसके परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा, घायलों को 50 लाख रुपये देकर आर्थिक सहायता की जाए।

कहा कि दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज पर अत्याचार हो रहा है। इस पर सरकार को संज्ञान लेना चाहिए। जितनी देर तक मुख्यमंत्री रामपुर रहे, तब तक भारतीय आंबेडकर सभा के पदाधिकारियों को वाल्मीकि बस्ती में नजरबंद किया गया। इस मौके पर जिला संयोजक धर्म कुमार वाल्मीकि समेत कई पदाधिकारी शामिल रहे।

समस्या 427 करोड़ की 34 परियोजनाओं का शिलान्यास, 183 करोड़ की 50 परियोजनाओं का लोकार्पण

84 परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण व शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार : विकास कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से लोकार्पित परियोजनाओं में 181.88 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित कुल 50 परियोजनाएं हैं। इनमें 12.3 करोड़ की लागत से राजकीय पॉलीटेक्निक नौगवां चमरौआ का निर्माण, 27.99 करोड़ से अहरो बंगाली कॉलोनी मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से होगा।

22.07 करोड़ रुपये से पटवाई मिलक मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, 5.05 करोड़ से सेंटा खेड़ा पेयजल योजना सहित नगर विकास विभाग, लोक निर्माण, अल्पसंख्यक, पंचायतीराज, प्रविधिक शिक्षा, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की अन्य परियोजनाएं शामिल है। शिलान्यास में 427.90 करोड़ रुपये की कुल 34 परियोजनाएं हैं। 62.02 करोड़ से जनपद में मुरादाबाद-टांडा, दढ़ियाल मार्ग एवं मानपुर दढ़ियाल मार्ग का चौड़ीकारण व सुदृढ़ीकरण, 31.25 करोड़ से खौद थूना मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। 37.54 करोड़ से बिलासपुर मिलक मार्ग रास डंडिया से सिलईबड़ा भोजीपुरा मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य होगा। 205.36 करोड़ से शाहबाद-रामपुर-बाजपुर मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, 18.30 करोड़ से जिला संयुक्त चिकित्सालय में 50 शैय्या क्रिटिकल केयर सेंटर का निर्माण सहित अन्य विभागों की परियोजनाएं शामिल हैं। इसमें 34 योजनाओं का शिलान्यास किया है। इनकी लागत 427 करोड़ रुपये है। 183 करोड़ की 50 योजनाओं को लोकार्पण हुआ है।

योजनाओं के क्षेत्रफल के बारे में जिलाधिकारी से बात करते मुख्यमंत्री। ● अमृत विचार

राज्यमंत्री ने किया गुरुद्वारा विस्तार का शिलान्यास

बिलासपुर, अमृत विचार : कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने शनिवार को नानकपुरी गुरुद्वारे के नवीनीकरण व विस्तार का शिलान्यास किया। उनके साथ संत बाबा चंदन सिंह चंदू भी शामिल रहे। पर्यटन विभाग द्वारा किए जाने वाले इस निर्माण कार्य में 288.23 लाख की लागत आएगी।

शिलान्यास के बाद वहां आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि धर्म व आस्था के केन्द्र स्थलों को सुंदरतम व आकर्षक बनाने के लिए सरकार प्रयासरत है। उन्होंने सरकार द्वारा किए जा रहे जनहित के कामों व योजनाओं का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, बाबा रवि, बाबा गुरजंट सिंह, हरजिंदर सिंह, सादा सिंह, गुरविंदर सिंह पप्पू, मेहर सिंह, मिंटू बाजवा, इंद्रजीत सिंह, दिलबाग सिंह, डॉ.देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

दलित नेताओं को किया गया नजरबंद

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार: आंबेडकर पार्क में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे दलित समाज के लोगों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट करने की जिले के अधिकारियों से गुहार लगाई थी। लेकिन देर रात ही पुलिस ने उन्हें नजर बंद कर लिया।

मुख्यमंत्री से मिलने की अनुमति न देने पर काले झंडे दिखाने की चेतावनी दी थी। पुलिस ने धरने पर बैठने वाले लोगों की घरों की घेराबंदी कर दी और उन्हें नजरबंद कर दिया। सुबह होते ही अपने घरों के बाहर पुलिस देख लोगों में खलबली मच गई। अधिवक्ता हरिओम रवि ने न्यायिक कार्यों के लिए कचहरी जाने की जिद की तो उन्हें कचहरी परिसर में भी नजरबंदी में कार्य करने दिया गया। हालांकि मुख्यमंत्री के रवाना होने के बाद सभी को आजाद कर दिया। उधर, आंबेडकर पार्क में चल रहे अनिश्चितकालीन धरना स्थल पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। इस दौरान गोली कांड में घायल हुए रहीसपाल के पिता व अन्य लोग धरना स्थल पहुंचे। नजरबंद किए गए लोगों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया। कहा कि जिला प्रशासन उनके साथ लगातार अन्याय कर रहा है। यदि प्रशासन चाहता तो उनका एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमत्री को सिलईबड़ा गांव में हुए गोली कांड के बारे में जानकारी देता। इस दौरान राजीव आंबेडकर, सपा युवा नेता रजत कुमार, भारत मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमृत सिंह, भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष राजेश खन्ना, सुनील कुमार सागर, एडवोकेट हरिओम रवि, भीम प्रिय गौतम, दिनेश बाबू, सत्यपाल सिंह बादल, सौरभ आदित्य आदि प्रमुख थे। इधर सिलई बड़ा गांव में भी पुलिस की दलित बस्ती में पैनी नजर रही।

घर में व्यक्ति के पास मौजूद पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

एक नजर

मुकदमे की रंजिश में ग्रामीण को पीटा

शाहबाद,अमृत विचार : ग्राम मित्तरपुर अहरौला निवासी सत्यपाल ने गांव के ही तीन सगे भाई अजमुद्दीन, रियाजुद्दीन व निजामुद्दीन पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि गुरुवार को आरोपियों ने मुकदमे की रंजिश में उनके घर के बाहर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

630 ग्राम चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

भोट,अमृत विचार : पुलिस ने क्षेत्र के खौदपुरा पुलिया के पास दो व्यक्ति को पकड़ लिया। इनके पास 630 ग्राम चरस मिली। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि गांव धनुपुरा निवासी मुमत्याज के पास 416 ग्राम व इलियास के 224 ग्राम चरस मिली है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। दोनों का चालान कर दिया है।

ग्रामीण की हत्या में आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

रामपुर,अमृत विचार: ग्रामीण की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में केमरी पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ने के बाद थाने ले आई। उसको कोर्ट में पेश किया। वहां से उसका चालान कर दिया गया। केमरी थाना क्षेत्र के गांव स्वार खुर्द में रंजिश के चलते कुछ लोगों ने अमर सिंह की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी बुद्धसैन को ग्राम सिमरिया रोड पर ब्रह्म देव स्थान के पास से गिरफ्तार कर किया।

शराब के साथ आरोपी पकड़ा

रामपुर,अमृत विचार: शहजादनगर पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को 20 लीटर शराब के साथ पकड़ लिया पुलिस ने प्रेमपाल निवासी ग्राम दबका को एक जरीकेन में 20 लीटर कच्ची शराब के साथ हरजीपुर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया। उसके बाद पुलिस आरोपी को थाने ले आई।

कोर्ट के बाहर आजम को देखने के लिए जुटे रहे समर्थक, बड़े बेटे ने की बातचीत, सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल रहा तैनात

45 दिन बाद फिर कोर्ट में पेश हुए सपा नेता आजम खां

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: सपा नेता आजम खां को डूंगरपुर से जुड़े दूसरे मामले में शनिवार को दोषी करार दिया गया है। वह कड़ी सुरक्षा के बीच करीब साढ़े तीन बजे कोर्ट में पेश हुए। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात रहा। वह लगभग डेढ़ घंटे कोर्ट में ही रहे। अब सोमवार को वीडियो कॉफ्रेंस के जरिये आजम खां कोर्ट में पेश होंगे।

सपा शासन काल में डूंगरपुर में बने मकानों को गिरवाने के बाद वहां सरकारी आसरा कालोनी बनवाई गई थी। भाजपा सरकार ने आजम खां सहित सभी सपाइयों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। डूंगरपुर में मकान गिरवाने और लूटपाट करने के मामले में 12 मुकदमे लोगों ने गंज थाने में दर्ज कराए थे। 31 जनवरी को डूंगरपुर के एक मामले में साक्ष्य के अभाव में आजम खां सहित सात आरोपियों को बरी कर दिया गया था, लेकिन डूंगरपुर के दूसरे मामले में शनिवार को फैसला होना था। कड़ी सुरक्षा के बीच आजम खां को सीतापुर जेल से लाकर कोर्ट में पेश किया। जहां कोर्ट ने उन्हें ,पूर्व पालिका अध्यक्ष सहित चार को दोषी करार दिया गया है। करीब डेढ़ घंटे तक कोर्ट में रहे। उसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच वह सीतापुर जेल के लिए रवाना हो गए।

पुलिस व अधिवक्ता के बीच सपा नेता आजम खां। ● अमृत विचार

सुबह से ही कलेक्ट्रेट के गेट से लेकर कचहरी के अंदर तक पुलिस फोर्स तैनात थी। आजम खां के आने के दौरान पुलिस सख्त हो गई थी। उधर, आजम खां के कोर्ट में आने की जानकारी मिलने के बाद सुबह से ही कचहरी परिसर में आजम खां के समर्थक जुटने शुरू हो गए। लेकिन पुलिस ने किसी को अंदर नहीं जाने दिया। दोपहर बाद आजम खां को कचहरी परिसर के मैन गेट से अंदर ले जाया गया तो समर्थक उसी गेट के पास जाकर खड़े हो गए। जहां पर काफी भीड़ एकत्र हो गई।

जाम लगने के कारण पुलिस सपा सर्मथकों को पुलिस वहां से हटाती रही। काफी महिला समर्थक भी आजम खां से मिलने का इंतजार करती रही। आजम खां के बड़े बेटे ने कोर्ट से बाहर आने के दौरान पिता से बात की। हालांकि इस दौरान उनके साथ कई अधिवक्ता भी शामिल थे।

चार मामलों में सजा तो एक मामले में दोषी करार

रामपुर,अमृत विचार : सपा नेता आजम खां को अब तक चार मामलों में सजा हो चुकी है,जबकि एक मामले में शनिवार को कोर्ट ने दोषी करार दिया है। जिसमे सजा का ऐलान होना बाकी है ।बता दे आजम खां की मुसीबतें कम होने का नाम नही ले रही हैं। भड़काऊ भाषण मामलें में आजम खां को सजा हो चुकी है हालांकि कोर्ट में सुनवाई चल रही है,जबकि दो जन्मप्रमाण पत्र मामले में सपा नेत आजम खां सात साल की सजा सीतापुर जेल में काट रहे हैं। मुरादाबाद के एक मामले में उनको सजा हो चुकी है। अब शनिवार को डूंगरपुर के मामले में उनको दोषी करार दिया गया है। जिसमे 18 मार्च को सजा सुनाई जाएगी।

चरस वाले बाबा के नाम से प्रसिद्व आलेहसन भी गए जेल

दरोगा से सीओ सिटी बने आले हसन के नाम से आरोपी कांपते थे। वह आजम खां के करीबियों में माने जाते रहे। आले हसन ने रामपुर में काफी समय नौकरी की। इस दौरान उन्होंने काफी लोगों को पांच किलो से लेकर 10 किलो तक चरस के मामले में जेल भिजवाया था। रिटायर्ड होने के बाद वह आजम खां के जौहर विवि में सुरक्षा अधिकारी बनाए गए थे। शनिवार को आलेहसन को भी दोषी करार दिया गया। लोग आले हसन को चरस वाले बाबा के नाम से पुकारते हैं।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे लोगों की बस डंपर में घुसी, 15 जख्मी

शाहबाद-रामपुर मार्ग पर उदयपुर की पुलिया के पास हुआ हादसा

संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)

अमृत विचार: रामपुर में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे लोगों से भरी बस डंपर में घुस गई। जिसमें 15 लोग घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बताया गया कि शनिवार सुबह शाहबाद क्षेत्र के कई गांवों के लोग बसों में सवार होकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में आ रहे थे। एक बस गांव शाहपुर देव व मीरापुर से भी रवाना हुई। जब यह बस शाहबाद-रामपुर मार्ग पर उदयपुर की पुलिया के पास पहुंची तो आगे चल रहे डंपर के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। जिससे बेकाबू होकर बस डंपर में जा घुसी। इससे लोगों में चीख पुकार मच गई। राहगीर बस में फंसे लोगों की मदद के लिए दौड़े।

सूचना के बाद पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, एमएलसी प्रतिनिधि महेश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, वेदप्रकाश चंद्रवंशी, संजीब ठाकुर, रामेसेवक शर्मा समेत अन्य भाजपाई मौके पर पहुंच गए। इसके बाद घायलों को सीएचसी पहुंचाया। सूचना के बाद एसडीएम सुनील कुमार प्रथम व बीडीओ नरेंद्र गंगवार भी मौके पर पहुंचे।

हादसे के बाद मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक, एसडीएम, बीडीओ व अन्य।

घायलों से जानकारी लेते सब इंस्पेक्टर।

ये लोग हुए घायल

गांव शाहपुर देव निवासी पर्वत, भूप सिंह, निर्भय, भूप सिंह, राजपाल, रामौतार, भारत सिंह, मोर सिंह, वीर सिंह, रामकुमार, दानसिंह, कुंवर पाल और मीरापुर गांव निवासी वीरेंद्र, मलखान, होतेलाल समेत 15 लोग घायल हुए हैं। पर्वत और निर्भय को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

दहेज के लिए महिला पर पेट्रोल डाला, तीन तलाक

शाहबाद,अमृत विचार: ग्राम रवाना निवासी जेबा पुत्री हनीफ खां के अनुसार, उसकी शादी 21 जनवरी 2024 को शाहबाद के मोहल्ला नालापार निवासी फिरासत के साथ हुई थी।

दहेज में मायके वालों ने काफी खर्च किया, लेकिन आरोप है कि उसके ससुराल पक्ष के लोग दिए गए दहेज से खुश नहीं थे। उन्होंने दस लाख रुपये और कार के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मायके वालों ने उधार कर्ज कर दो लाख रुपये और दे दिए थे। पति उसे कमरे में बंद रखता था। आरोप है कि 12 मार्च को पति, देवर अयान, ससुर रियासत खां, सास अंजुम, पटवाई के निसवी गांव निवासी ममेरे ससुर जकी व अहमद रफी उसे मारा पीटा और जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर पेट्रोल डाल दिया। इसके बाद पति ने तीन तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया।

साथ ही यह धमकी भी दी कि अभी तो सिर्फ पेट्रोल डाला है, अगर वापस आई तो जलाकर मार डालेंगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, बहन भी गंभीर घायल

संवाददाता, शहजादनगर (रामपुर)

अमृत विचार: रामपुर-बरेली हाइवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौत हो गई। उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। जिला अस्पताल में घायल का उपचार चल रहा है।

यह हादसा शनिवार सुबह शहजादनगर थाना क्षेत्र के हाइवे स्थित एक ढाबे के सामने हुआ। मुरादाबाद जिले के कटघर थाना क्षेत्र स्थित गांव सैदपुर पल्ला निवासी तालिब अपनी बहन गुलिस्ता को शहजादनगर थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में अपनी ससुराल आया था। जब वह ससुराल से अपने घर लौटा तो हाइवे स्थित एक ढाबे के पास पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे तालिब और उसकी बहन रोड पर गिर गए। गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे एबुंलेंस के चालक प्रदीप कुमार और ईएमटी राजा दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल के लिए रवाना हो गए। लेकिन तालिब की रास्ते में ही मौत हो गई। सूचना के बाद परिजन जिला अस्पताल के लिए रवाना हो गए।

अस्पताल में भर्ती घायल गुलिस्ता।

कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल : पटवाई रोड पर कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। अजीतपुर निवासी मनजोत बाइक से किसी काम से शाहबाद जा रहा कि रायपुर गांव के पास कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी कार चालक मौका पाकर फरार हो गया। लोगों ने घायल को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया।

हादसे के बाद काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा । बाद में सभी लोग अपने अपने रास्ते को चले गए। सूचना के बाद पुलिस भी आ गई,लेकिन जब तक घायल जा चुका था।

ट्रेन से कटकर वृद्व की जान गई, शिनाख्त नहीं

रामपुर, अमृत विचार : राम-रहीम पुल के नीचे रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से वृद्व की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। शनिवार दोपहर घटना की सूचना मिलने के बाद जीआरपी मौके पर पहुंची।,लेकिन घटनास्थल सिविल लाइन क्षेत्र का होने के कारण सिविल लाइन पुलिस को जानकारी दी गई। थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इससे पहले उसके शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। सिविल लाइन प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से वृद्व की मौत हो गई।

कार सवार पिता-पुत्र को टोल प्लाजा कर्मियों ने पीटा, रिपोर्ट

संवाददाता, भोट

- नकदी और सोने का ब्रेसलेट छीनने का भी आरोप
- मैनेजर समेत चार लोगों के खिलाफ हुई कार्रवाई

अमृत विचार: नेशनल हाईवे स्थित कोयला टोल प्लाजा पर टोलकर्मियों ने कार सवार पिता-पुत्र को पीट कर घायल कर दिया। जेब मे रखी नकदी व सोने का एक ब्रेसलेट छीन कर धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर टोल प्लाजा मैनेजर समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मुरादाबाद में सिविल लाइंस स्थित आवास विकास कॉलोनी निवासी संजय गुप्ता शुक्रवार देर शाम अपने पुत्र के साथ हल्द्वानी से रामपुर आ रहे थे। शाम करीब छह बजे कोयला टोल प्लाजा पर वाहनों की लंबी कतार देख टोल कर्मचारी से कारण पूछा तो वह भड़क गया। आरोप है कि विरोध करने पर गाली गलौज की। अपने अन्य साथियों को बुला लिया। इन लोगों ने गाली गलौज व मारपीट की। आरोप है कि उसकी जेब से 8500 रुपये और उसके पुत्र अनन्य अग्रवाल की कलाई पर बंधे सोने के ब्रैसलैट भी छीन लिया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि तहरीर के आधार पर टोल प्लाजा मैनेजर प्रियांशु, सुनील कुमार समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

85 लाख की अफीम पकड़ी, चार तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, स्वार

- तस्करों में तीन लोग बरेली के शामिल
- गांव नकटिया लोहे के पुल पर हुई गिफ्तारी

अमृत विचार: पुलिस ने अंतर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 85 लाख रुपये की साढ़े तीन किलो अफीम व एक कार मिली है। पुलिस ने कार को सीज कर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। तस्करों में तीन लोग बरेली के शामिल हैं।

कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि पुलिस शनिवार सुबह उत्तराखंड से आने वाले वाहनों की गांव नकटिया लोहे के पुल पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने कोतवाल संदीप त्यागी को सूचना दी कि उत्तराखंड के केलाखेड़ा की ओर से अंतराज्यीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी के लिए कार से अफीम लाई जा रही है। पुलिस ने कार सवारों को रुकने का इशारा किया तो वे भागन के कोशिश करने लगे। लेकिन पुलिस टीम ने मिलक क्षेत्र के गांव विक्रमपुर निवासी मन्दीप सिंह, जिला बरेली में भमौरा थाना क्षेत्र के गांव चकरपुर प्रदीप, संजीव कुमार और विसारतगंज क्षेत्र के गांव मझगवां के रहने वाले तुलसीराम को पकड़ लिया। पुलिस ने तस्करों की तलाशी ली तो उनकी कार में साढ़े तीन किलो अफीम मिली। बाद में पुलिस ने तस्करों की कोतवाली ले आई। कोतवाल ने बताया कि अंतराज्यीय स्तर पर आपूर्ति करने के लिए कार से लाई जा रही अफीम पकड़ी है।

पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

गिरोह चार सदस्यों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें भेज भेज दिया गया है। तस्करों की पकड़ने वाली टीम में उपनिरीक्षक वीरेश शुक्ला, अमरपाल सिंह, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, जितेन्द्र कुमार, अभिषेक कुमार, कांस्टेबल प्रेमराज सिंह, संजीव कुमार, सोमवीर सिंह अर्जुन सिंह शामिल रहे।

आउटसोर्सिंग स्वास्थ्यकर्मियों का ईपीएफ नहीं मिलने पर नोटिस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: जिला अस्पताल प्रशासन ने आउटसोर्सिंग स्वास्थ्यकर्मियों का ईपीएफ नहीं मिलने पर फर्म स्वामी को नोटिस थमाया है। कहा गया है कि नियमानुसार ईपीएफ खातों में जमा कराया जाए। उधर, स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि चार वर्षों से ईपीएफ नहीं दिया गया है। फर्म स्वामी उन्होंने आश्वासन दे रहे हैं। लाखों रुपये का गबन है, इसके लिए कई बार कहा गया तो उनको डरा-धमकाकर भगा दिया जाता है।

तहसील टांडा में अनमोल इंटरप्राइजेज फर्म को अस्पताल प्रशासन ने नोटिस दिया है। उनका कहा गया है कि एजेंसी द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को वर्ष 2019 से रखा गया है। अभी तक न तो उनके खातों में ईपीएफ भेजा गया और न ही ईएसआई कार्ड बनवाए गए हैं। रोस्टर से अतिरिक्त सेवाएं ली जा रही हैं। समय के अनुसार उनके खातों में मानदेय नहीं आता है। इसके लिए भी संबंधित एजेंसी से पूछा जाता है तो टालमटोल कर रहे हैं। स्वास्थ्य कर्मियों के ईपीएफ, ईएसआई कार्ड नहीं बनने का मामला जब सीएमएस के पास पहुंचा तो टांडा के अनमोल इंटरप्राइजेज के स्वामी को नोटिस दिया गया है। सीएमएस डॉ. एचके मित्रा ने बताया कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को ईपीएफ, ईएसआई कार्ड बनवाने के लिए अनमोल इंटरप्राइजेज को नोटिस दिया गया है।

तैयारी गली-मोहल्लों में रखी गई होलिका, त्योहार मनाने की तैयारियों में जुटे लोग

होली पर सजीं रंग बिरंगी पिचकारियों की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : होली का त्योहार करीब आते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है। दुकानें सज गई हैं। खाने-पीने की सामग्री बिक रही है। सुबह से लेकर शाम तक खरीदारों की भीड़ जुटने लगी है। बच्चे भी खरीदारी में किसी से पीछे नहीं है। बच्चों को जहां रंग बिरंगी पिचकारी आकर्षित कर रही हैं। वहीं बड़ों ने भी आने वाले मेहमानों के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं।

होली को लेकर कुछ ही दिन बाकी हैं। जिसको लेकर दुकानदारों ने रंग-बिरंगी पिचकारियां बेचनी शुरू कर दी हैं। शहर के गली-मोहल्लों के होलिका और बाजार में सजी हुई दुकानें त्योहार का संदेश दे रही हैं। दुकानदार लवी शर्मा बताते हैं कि नमकीन में 200 रुपये से लेकर 250 रुपये तक काजू वाली नमकानी उपलब्ध है। प्रेशर वाली पिचकारी की खरीदारी भी काफी हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि बच्चे पिचकारी पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। इसके अलावा कई अन्य स्थानों पर होली की दुकानें लगाई जाने को लेकर तैयारियां चल रही हैं।

आकाशवाणी केंद्र के पास होली खेलते बच्चे। ● अमृत विचार

मिस्टन गंज में दुकान पर रखीं पिचकारियां।

स्कूली बच्चों ने खेली होली

होली नजदीक आते ही बच्चें रंगों में रंगना शुरू हो गए है। शनिवार को स्टेट बैंक के पास कुछ बच्चों ने एक दूसरे को रंग लगाया। उसके बाद अपने-अपने घरों को चले गए। होली का त्योहार नजदीक आते ही चारों ओर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। वही स्कूली बच्चे भी होली को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। शनिवार को कुछ स्कूलों के बच्चे बस से उतरने के बाद आकाशवाणी केंद्र के सामने एक दूसरे के रंग लगाकर होली खोली। इस दौरान काफी देर तक लोग उस रास्ते से होकर नही गुजरे।

फर्जी तरीके से जमीन लेने वाले चार पर रिपोर्ट

शाहबाद, अमृत विचार: फर्जी तरीके से मृतक की जमीन हथियाने के मामले में पूर्व प्रधान समेत चार लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया गया है। गांव नरेंद्रपुर निवासी रामपाल के अनुसार उसके चचेरे भाई नत्थू सिंह ने जीवनपर्यंत शादी नहीं की। अपनी जमीन रामपाल को काश्तकारी के लिए दे रखी थी।

आरोप है कि 20 मई 2017 को उनकी मृत्यु के बाद बरेली जिले के थाना इज्जतनगर के गांव अड़ूपुरा निवासी धारा सिंह ने बिहार से लाई गई अपनी पत्नी संगीता को फर्जी तरीके से नत्थू सिंह की पत्नी कागजों में दर्ज करवा दिया। इसमें तत्कालीन प्रधान आराम सिंह की मिलीभगत रही। सात नवंबर 2023 को यह जमीन नरेंद्रपुर के रविंद्र बेच दी। जानकारी होने पर रामपाल ने कई स्तर पर शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली।

ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट में कमियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: जिला अस्पताल में बने ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट में केंद्र सरकार की ओर से आई टीम को कई कमियां मिली हैं। इस दौरान टीम में शामिल औषधि निरीक्षक गाजियाबाद पूर्विका महाजन ने यूनिट के अभिलेखों, संचालन के लिए मशीनों को देखा। उन्होंने लाइसेंस के बारे में भी जानकारी ली। सीएमएस ने बताया कि लाइसेंस के लिए शासन को लिखा जा चुका है। सिर्फ मंजूरी मिलनी रह गई गई है। इस पर पूर्विका महाजन ने सीएमएस को निर्देशत किया गया यूनिट के संचालन के पहले ही जो कमियां है उसे जल्द ही पूरा कराया जाए।

जिला अस्पताल गाजियाबाद की औषधि निरीक्षक पूर्विका महाजन, औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार के संग पहुंची। जहां उन्होंने सबसे पहले ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट को देखा। यूनिट के संचालन के लिए रखी मशीनों को बारे में जानकारी ली। इस दौरान वह चार घंटे तक अस्पताल में रूकी। सीएमएस डॉ. एचके मित्रा को निर्देशित किया कि यूनिट के संचालन के लिए गुणवत्ता को बरकरार रखा जाए। जिससे कि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके बाद ब्लड सेंटर का निरीक्षण किया। जहां यूनिट के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर डा. प्रद्ययुत सिंह पैथोलॉजिस्ट, इकरार अली, फिरोज, मनोज लैब टैक्नीशियन, स्टाफ नर्स सुधा, काउंसलर श्रोति, अस्पताल मैनेजर अनुभव भारद्वाज आदि शामिल रहे।

औषधि निरीक्षक गाजियाबाद पूर्विका महाजन के साथ सीएमएस और स्टाफ।

एक नजर

मार्केटिंग की परीक्षा में दो परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

रामपुर, अमृत विचार : सीबीएसई 12वीं के मार्केटिंग विषय की परीक्षा शनिवार को एक केंद्र पर हुई। इसमें केवल 33 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें कुल दो परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। 12वीं के परीक्षार्थी निर्धारित समय सुबह 10 बजे केंद्र पर पहुंच गए। जबकि केंद्र पर परीक्षा 10 :30 बजे आरंभ हुई। मार्केटिंग विषय में केवल 35 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया। परीक्षा केंद्र सेंट मेरी सैकेंड्री स्कूल में परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

खंभे हटवाने की उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन

रामपुर, अमृत विचार : श्री पातालेश्वर शिवालय सेवा ट्रस्ट भमरौआ मंदिर के प्रमुख सेवादार संदीप अग्रवाल सोनी ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण प्रथम को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया गया कि विद्युत निगम ने बिना सिंचाई विभाग की अनुमति के बिना खंभे निकट भमरौआ महादेव मंदिर के पास लगवा दिए हैं। सिंचाई विभाग की नहर पर काम होना है। इससे भमरौआ महादेव मंदिर की सुंदरता बढ़ेगी। भमरौआ महादेव मंदिर को राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है, लेकिन बिजली विभाग के पोल सौंदर्यीकरण में बांधा बन रहे हैं। इस दौरान हरिओम सैनी, प्रवीण गुर्जर, लालमन सैनी, राम अवतार सैनी व उदल सिंह आदि रहे।

किसान के दो पशु चोरी

सैफनी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के चंद्रपुर कला गांव निवासी धर्मपाल सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि शुक्रवार को वह लोग परिवार में हो रही शादी में लगे थे। उनके घर से कुछ ही दूर उनका एक घेर है जिसमे उनके पशु बंधे थे। शनिवार रात को करीब ढाई बजे चोर उनके घेर में घुसकर उनके दो कटरों को चुराकर फरार हो गए। सुबह तड़के जब पशुओं को चारा डालने के लिए पीड़ित के बच्चे गए तो घेर में से दो पशु गायब थे। पशुओं के पैरों के निशानों का पीछा कर काफी तलाश की गई, लेकिन पैरों के निशान बैरुआ गांव के करीब जाकर दिखाई देना बंद हो गए। जिससे कुछ पता नहीं लग सका। पीड़ित ने चोरी हुए कटरों की कीमत करीब 80 हजार रुपये बताई है।

डीएलएड की परीक्षा में स्तुति को मिले 96.25 प्रतिशत अंक

स्तुति

श्रीपाल

वैशाली कौशिक

सोबिया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज की ओर से डीएलएड की सेमेस्टर परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया। इसमें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में स्तुति ने 96.25 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान सुरक्षित किया है। श्रीपाल ने 94.5 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वैशाली कौशिक एवं सोबिया ने 94.25 अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। डीएलएड बैच 2022 के कक्षा प्रभारी श्याम रस्तोगी ने सभी प्रशिक्षुओं को बधाई दी।

वरिष्ठ प्रवक्ता अशोक कुमार ने बताया कि डायट में सभी प्रशिक्षुओं को गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि अच्छे शिक्षक तैयार हो सके। डायट प्राचार्य ने सभी प्रशिक्षुओं को बधाई दी।

सर्वर में तकनीकी समस्या से नहीं हो रहा राशन वितरण

रामपुर, अमृत विचार: बायोमेट्रिक मशीनों ने डिपो होल्डरों की परेशानी बढ़ा दी है। दुकानों पर राशन पहुंच चुका है लेकिन बायोमेट्रिक मशीन में खराबी के कारण राशन का वितरण नहीं हो पा रहा है। उपभोक्ताओं को राशन डिपो व खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। राशन की धांधली पर रोक लगाए जाने के लिए जनपद में 938 राशन डीलरों को मशीनों का वितरण किया जा चुका है। लेकिन आए दिए इनमें खराबी आ रही है। जिसके चलते रमजानों में लोग दुकानों के बाहर राशन लेने के लिए घंटों इंतजार कर रहे हैं। लेकिन इसके लिए विभागीय अधिकारियों की तरफ से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। बताया जाता है कि मशीनों में आई दिक्कत को सही कराए जाने के लिए जिले में सात इंजीनियर भी लगे हुए है। लेकिन शहर की दुकानों पर राशन का वितरण नही हो रहा हैं।

शहर इमाम बोले- भूखा रहने का नाम नहीं है रोजा, इंसानियत का पैगाम भी देता है रमजान

रमजान भूख और प्यास को समझने का महीना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: रमजान में खुदा रोजेदार पर अपनी रहमतों की बारिश करता है। यह महीना भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है। रोजा सिर्फ दिनभर भूखा रहने का नाम नहीं है, बल्कि इंसान को इंसान से प्यार करना सिखाता है। रोजा गरीबों से मोहब्बत करने का जज्बा पैदा करता है। भूखे प्यासे रहकर खुदा की इबादत करने वालों के गुनाह माफ हो जाते हैं।

शहर इमाम मौलाना मुफ्ती महबूब अली ने बताया कि रोजा अच्छी जिंदगी जीने का तरीका है। इसमें इबादत कर खुदा की राह पर चलने वाले इंसान का जमीर रोजेदार को एक नेक इंसान के व्यक्तित्व के लिए जरूरी हर बात की तरबियत देता है।

उन्होंने कहा कि दुनिया की हर कहानी भूख, प्यास और इंसानी ख्वाहिशों के इर्द गिर्द घूमती है। रोजा इन तीनों चीजों पर सब्र रखने का पैगाम है। रमजान का महीना तमाम इंसानों के दुख, दर्द और भूख, प्यास को समझने का महीना है ताकि रोजेदारों में भले बुरे को समझने की सलाहियत पैदा हो। मौलाना जमां बाकरी ने बताया कि रहमत और बरकत के नजरिए से रमजान के महीने को तीन हिस्सों (अशरों) में बांटा गया है।

इस महीने के पहले दस दिनों में अल्लाह अपने रोजेदार बंदों पर रहमतों की बारिश करता है। दूसरे अशरे में अल्लाह रोजेदारों के गुनाह माफ करता है और तीसरा अशरा दोजख की आग से निजात पाने की इबादत का जरिया बताया गया है।

रोजा सब्र का नाम है हमें रमजान के पाक महीने में एक-दूसरे के साथ मोहब्बत का पैगाम देकर इंसानियत मजबूत करनी चाहिए। गरीबों को खाना खिलाकर हम दुआएं हासिल करें।

जरूरतमंदों की मदद करना है इस्लाम का पैगाम

शहर इमाम बताते हैं कि रमजान में कुरान की तिलावत, नमाज की अदायगी, एतिकाफ, फितरा देना, इफ्तार और सहरी की तैयारियां आम होती हैं। इन तीस दिन के रोजों में मुसलमान इन इबादतों को कर अल्लाह के नजदीक पहुंचने के लिए उन्हें याद करता है। इस दौरान गरीबों और मजलूमों की मदद करना भी रमजान की अहम इबादतों में से एक है। इसमें जरूरतमंदों की मदद करना इस्लाम मजहब का पैगाम है। खुदा का हुक्म है कि रोजेदार अपनी हैसियत के मुताबिक इस महीने में गरीब लोगों की ज्यादा से ज्यादा मदद करें। रोजा सिर्फ भूखे रहने का नाम नहीं है, बल्कि गरीबों से हमदर्दी का नाम है।

> रमजान का महीना इबादत करने का महीना है। लेकिन, इस महीने गरीबों और मिसकीनों का भी ख्याल करें। रोजे की भूख और प्यास के दौरान गरीबों की भूख का भी ध्यान रखना चाहिए। माहे रमजान में ज्यादा से ज्यादा अल्लाह की राह गरीबों की मदद करें अल्लाह उतना ही ज्यादा माल में बरकत कर देता है।
> –मौलाना अली मोहम्मद नकवी, पेश इमाम, शिया जामा मस्जिद

जिले में 19 अप्रैल को मतदान, आचार संहिता लागू

टीमों ने उतरवाए होर्डिंग, पोस्टर और बैनर

संवाददाता, बिलासपुर/रामपुर/टांडा

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही जनपद में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर शनिवार शाम आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई। इसके बाद नगर पालिका प्रशासन व केमरी नगर पंचायत की टीम ने मुख्य चौराहा व विभिन्न मार्गों पर लगे जनप्रतिनिधियों के होडिंग, पोस्टर और बैनर हटवा दिए।

शनिवार शाम नायब तहसीलदार राजेश कुमार व पालिका के वरिष्ठ लेखाकार प्रदीप सक्सेना के नेतृत्व में टीम ने मुख्य चौराहा, माठखेड़ा रोड, नैनीताल रोड, रामपुर रोड, अहरो तिराहा, केमरी तिराहा का भ्रमण किया। टीम ने खंभों, दीवारों पर लगी नेताओं की प्रचार-सामग्री उतरवाई। इस समाग्री को जब्त कर वाहन में भरवा लिया। उधर, केमरी नगर पंचायत कार्यालय के वरिष्ठ लेखाकार विनीत सक्सेना के नेतृत्व में टीम ने थाना रोड, रामपुर रोड, मिलक रोड का भ्रमण किया। पंचायत के कर्मचारियों ने जनप्रतिनिधि के लगे बैनर, फ्लैक्सी बोर्ड उतरवाए। इस दौरान अधिकारी नागरिकों को अचार संहिता का पाठ भी पढ़ाते नजर आए।

इस मौके पर पालिका टीम में अनिल सक्सेना, विजय अनार्य, रूपेश सक्सेना, आरिफ खां, कमल सक्सेना और पंचायत टीम में मुकेश रस्तोगी, हरपाल, जाहिद खां, कुलदीप वाल्मीकि आदि मौजूद रहे। उधर, रामपुर व टांडा में प्रशासन ने गली-गलियारों और मार्गों पर लगे विभिन्न राजनीतिक दलों के होडिंग्स, बैनर पोस्टर हटाए। शहर में एसडीएम मोनिका सिंह ने बैनर और होर्डिंग्स हटवाए। टांडा में नगर एवं क्षेत्र में सार्वजनिक चौराहों पर लगे होडिंग, बैनर उतारने शुरू कर दिए गए हैं। नायब तहसीलदार अमित कुमार के नेतृव में नगर पालिका कर्मियों ने नगर के विभिन्न स्थानों से होर्डिंग्स और बैनर हटवाए।

रामपुर रोडवेज बस अड्डे के पास से होर्डिंग्स हटवातीं एसडीएम मोनिका सिंह।

मसवासी में होर्डिंग्स उतरवाने पहुंची नगर पंचायत की टीम। ● अमृत विचार

स्थानों पर भीड़ एकत्र न होने की हिदायत दी

मसवासी, अमृत विचार : अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा, कोतवाल स्वार, संदीप त्यागी चौकी इंचार्ज रोहित कुमार व वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चंद्रा ने नगर पंचायत कर्मियो को साथ लेकर नगर का भ्रमण किया। नगर के मोहल्ला भूबरा व चाऊपुरा मैन मार्केट मेन चौराहा काशीपुर मार्ग पर लगे होर्डिंग को उतरवाया। बिजारखाता में भी एसडीएम अवनीश कुमार कोतवाल संदीप त्यागी ने कर्मचारियों के साथ स्वार बाजपुर मार्ग पर लगे होर्डिंग्स उतारकर जब्त कर लिए।

पत्रकार वार्ता में बोलते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

प्रत्याशी 27 मार्च तक करा सकते हैं नामांकन, 30 को नाम वापसी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: आचार संहिता लगने के बाद शनिवार शाम जिलाधिकारी ने प्रेस वार्ता की। इसमें उन्होंने बताया कि जिले में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। कोई भी प्रत्याशी 27 मार्च तक अपना नामांकन करा सकता है। 30 मार्च तक अपना नाम वापस ले सकता है।

कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि शहर में 1071 मतदान केंद्र और मतदेय स्थल 1789 होंगे। बताया कि किसी भी पार्टी कार्यकर्ता या फिर समर्थक के निवास पर राजनैतिक उम्मीदवार कुल तीन झंडे लगाए जा सकते हैं। पार्टी के झंडे चुनाव आयोग के आदेश पर ही लगाए जा सकते हैं। दो पहिया वाहन पर एक ही झंडा लगाया जा सकता है। स्टीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। तीन पहिया, चार पहिया वाहन पर तीन फिट लंबा और दो फिट चौड़ा झंडा लगाया जा सकता है। किसी भी अभियान वाहन पर कोई भी स्पॉट, फोकस, चमकती, सर्च लाइट और हूटर का प्रयोग नहीं करेगा। रोड शो में भी चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन किया जाएगा।

शाहबाद शाहबाद में होर्डिंग हटाते नगर पंचायतकर्मी। ● अमृत विचार

एसडीएम ने उतरवाए होर्डिंग्स और बैनर

संवाददाता, शाहबाद/स्वार

अमृत विचार: आचार संहिता की घोषणा होते ही शाहबाद में भी विभिन्न राजनीतिक व्यक्तियों के होर्डिंग्स और बैनर हटवा दिए गए। दीवारों पर लिखे गए नामों को भी मिटवा दिया गया। एसडीएम सुनील कुमार प्रथम के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने नगर में पैदल मार्च किया। फोर्स की मौजूदगी में नगर पंचायतकर्मियों ने विभिन्न चौक-चौराहों पर लगे राजनीतिक दलों से जुड़े व्यक्तियों के होर्डिंग-बैनर उखड़वा दिए।

आदर्श आचार संहिता का पालन करने की हिदायत दी। तहसीलदार, नायब तहसीलदार अरविंद शर्मा, कोतवाल ओमकार सिंह, एसआई आदेश कुमार सिंह आदि रहे। उधर, स्वार में एसडीए अवनीश कुमार, सीओ संगम कुमार, तहसीलदार अशोक संत, कोतवाल संदीप त्यागी, नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी, मानवेन्द्र सिंह, राजस्व टीम व पुलिस को साथ लेकर स्वार रामपुर, बाजपुर मार्ग, स्वार बिलासपुर मार्ग समेत ग्रमीण क्षेत्रों मे राजीनीतिक पार्टियों के लगे होर्डिंग्स बैनरों को उतरवाना शुरू कर दिया। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय पाल और रियाज अहमद आदि रहे।

रठौंडा में किसान आज करेंगे जलाभिषेक

मिलक, अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में गांव जालिफ नगला में शनिवार को पंडित सुरेश चंद्र शर्मा के आवास पर पंचायत हुई। इसमें बरेली मंडल अध्यक्ष चौधरी अरुण सिंह राठी और बरेली जिला अध्यक्ष तेजपाल गंगवार भी शामिल हुए।

पंचायत में जिलाध्यक्ष ने कहा कि 17 तारीख को हर महीने उनकी जिला स्तरीय पंचायत होती है, लेकिन इस बार रविवार को सभी किसान, कार्यकर्ता और पदाधिकारी किसान मेला रठौंडा में पहुंचेंगे। महादेव के मंदिर में सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी दर्शन करेंगे। इस दौरान प्रेम पाल सिंह, वीरेंद्र गंगवार, महेश बाबू गंगवार, दानिश खान, इमरान खान, फुरकान खान, शेखर सिंह, सुरेश चंद्र, नरेंद्र गंगवार, राकेश गंगवार, बिट्टू शर्मा, विपिन शर्मा, मनोज शर्मा आदि किसान मौजूद रहे।

जनपद में 1 अप्रैल से संचारी व 10 से चलेगा दस्तक अभियान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार की रोकथाम के लिए 1 से 30 अप्रैल तक जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर घर जाकर सफाई और स्वास्थ्य के प्रति सचेत करेंगे।

मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि विभिन्न विभागों के सहयोग से अभियान चलेगा। दस्तक अभियान में आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बुखार, इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस, फाइलेरिया, कालाजार, कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों और कुपोषित बच्चों का नाम, पता, मोबाइल नंबर सहित विवरण ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। मच्छरों के प्रजन्न में चिह्नित किए गए घरों के विवरण उपलब्ध कराएंगी। स्वास्थ्य कार्यकर्ता माइक्रो प्लान के अनुसार, पारिवारिक सदस्यों का आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट का विवरण देना होगा।

अभियान में इनका रहेगा सहयोग

ग्राम्य विकास विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विकास विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, सिंचाई विभाग, पशुपालन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, वाणिज्य कर एवं मनोरंजन विभाग का सहयोग रहेगा।

▸▸ संचारी रोगों के बारे में दी जाएगी लोगों को जानकारी

कहा कि इस बार दस्तक अभियान एक सप्ताह अधिक चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान आशा व आगनबाड़ी कार्यकर्ता हर घर दस्तक देने के साथ परिवार के सभी सदस्यों का आभा आयुष्मानकार्ड भी बनाएंगी।

उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा व बाल विकास विभाग की ओर से जागरुक किया जाएगा। ताकि मच्छरों से अधिकतम बचाव हो सके। नगर विकास विभाग ग्राम्य विकास विभाग व पंचायती राज विभाग अपने अधिकारिता वाले क्षेत्रों में नियमित सफाई, एंटीलार्वा का छिड़काव व फागिंग कराएंगे। संवेदनशील जगहों पर विशेष ध्यान दें।

किसान मेला | लोक नृत्य में कलाकार ने सिर पर केतली रखकर चाय बनाई, सभी का मन मोहा

रठौंडा मेले में कलाकारों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार: रठौंडा में चल रहे किसान मेले के मंच पर आकाशवाणी दूरदर्शन और रंगमंच के कलाकारों ने कार्यक्रम की प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया।

रठौंडा में किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शुक्रवार रात कार्यक्रम की शुरूआत जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने की। इसके बाद आकाशवाणी अल्मोड़ा से आए चंदन सिंह बोहरा के कलाकारों ने कुमाऊं गढ़वाल राजस्थानी और नेपाली प्रस्तुतियां दीं। कुमाऊं अंचल की देवी स्तुति देवी भगवती मैया घरवार सुफल भयो को प्रस्तुत किया गया। इसके बाद कुमाऊं में द्वाराहाट में प्रसिद्ध मेला लगता है, उस पर आधारित युगल नृत्य की प्रस्तुति दी। वह बिना कस के जानू द्वारा हटा, कलाकारों के द्वारा नथनी का डोर यह नृत्य प्रस्तुत किया गया। कुमाऊं का किस नृत्य और उत्पादन बढ़ाया, मेरे खेत, मेरे बेल नीला धरो बेला शाबाश मेरा मोतिया बल्दा की प्रस्तुति से दर्शक झूम उठे। कविता जोशी ने भजन बम बम भोले आना, हमें कैलाश प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में उत्तराखंड के जौनसार भर का लोक नृत्य किया गया। लोक नृत्य में कलाकार ने सिर पर केतली रखकर चाय बनाई। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री, पूर्व सदस्य जिला पंचायत महा सिंह राजपूत, उद्योगपति कपिल आर्य, जिला पंचायत के सदस्य रजनीश कुमार पटेल, टेकचंद गंगवार, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेश पांडे, मंडल महामंत्री मिलक सरदार देवेंद्र, नागपाल सिंह, सोनू लोधी, नीरज कुमार रस्तोगी व सुरेंद्र यादव आदि रहे।

किसान मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते कलाकार। ● अमृत विचार

अर्बन गूजर टोला में आयोजित कार्यक्रम में बोलते चिकित्सक। ● अमृत विचार

हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना ही आशाओं का ध्येय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर एक दिन पहले ही अपने लाभार्थियों की सूची अपडेट करनी होगी। फिर एएनएम द्वारा टीकाकरण, परिवार नियोजन, किशोर स्वास्थ्य, पोषण वितरण एवं गर्भवतियों की जांच करवाने के लिए सत्र स्थल पर लाना होगा।

अर्बन पीएचसी क्षेत्र के मोहल्ला गूजर टोला में शनिवार को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्र स्थल पर फील्ड विजिट की दक्षता गतिविधि के दौरान डॉ. कुलदीप चौहान ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान पूरी देखभाल, प्रसव की तैयारी, सुरक्षित प्रसव का महत्त्व, स्तनपान, टीकाकरण, सम्पूरक आहार, सीमित एवं सुखी परिवार की अवधारणा, बांझपन, गर्भपात, स्वास्थ्य प्रतिरक्षा, गर्भनिरोधक उपाय आदि के संबंध में महिलाओं-पुरुषों को प्रेरित करना है। आशा प्रशिक्षक सीता देवी ने आशाओं को हाथ धोने का कौशल समझाया। कहा कि आप जिस गांव में निवास करती हैं, उस गांव के हर घर के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी आशा कार्यकर्ता के रूप में आपकी है। इस दौरान आशा प्रशिक्षक विवेक गौतम, एएनएम विनीता एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही 23 आशाएं मौजूद रहीं।

एक नजर

महापंचायत में शामिल होने पहुंचे भीम सेना प्रमुख

मिलक, अमृत विचार : गांव सिलई बड़ा में हुए गोली कांड को लेकर भीम सेना प्रमुख तीसरी बार रामपुर पहुंच गए। सतपाल तंवर दो बार मृतक सुमेश के गांव का दौरा कर चुके हैं। उनकी गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है। गत दिनों भीम सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सतपाल तंवर को पुलिस ने नजरबंद कर लिया था। लेकिन वे पुलिस को चकमा देते हुए सिलईबड़ा पहुंच गए थे। पुलिस की निगरानी में पीड़ित परिवार के घर रात्रि विश्राम किया था। उन्होंने 17 मार्च को दलित महापंचायत करने के लिए तीसरी बार गांव में आने का ऐलान किया था। दलित महापंचायत को रोकने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात है। भीम सेना चीफ सतपाल तंवर पहले की तरह देर रात रामपुर में दाखिल हो गए।

जुआ खेलते पांच पकड़े

रामपुर, अमृत विचार : शहजादनगर पुलिस ने अभियान चलाकर पांच लोगों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरिफ, चन्द्रपाल, श्याम बाबू, फिरोज खां, मोहम्मद रफी निवासी गांव दबका को नर्सरी में जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया।

समाधान दिवस में कुर्सियां रहीं खाली

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में व्यस्त रहे अधिकारी, फरियादी भी कम पहुंचे

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार: मुख्यालय पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों की कुर्सियां खाली रहीं। इस दौरान फरियादियों की भी संख्या कम रही।

तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में जुलूस की शक्ल में एकत्र होकर पहुंचे थे। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद तहसीलदार के अधीनस्थ अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बाल विकास परियोजना अधिकारी पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से अवैध वसूली करने व बच्चों का पोषाहार हड़पने का आरोप लगाया। डंडिया वन के जंगल में शासन से पौधरोपण के लिए लाखों रुपये आते हैं। आरोप है कि इन रुपयों को दरोगा व रेंजर फर्जी बिल बनाकर हड़प लेते हैं। किसानों ने सभी समस्याओं के निस्तारण की मांग की है। इस मौके पर मोहम्मद आसिम रजा, मुराद खान, फैजान खां, फैसल खां, बलजीत सिंह, रोहित, अहकाम मिर्जा आदि मौजूद रहे। इसके अलावा बजार कलां के सत्यपाल शर्मा, विनोद मिश्रा, ओमवीर, गुरप्रीत कौर, मनमोहन पाल सिंह, रजनी जैन, गंगादेवी आदि ने क्षतिग्रस्त व जर्जर अवस्था में खड़े विद्युत पोल को बदलवाने की मांग की। अकीलपुर की रहने वाली जैबुल निशा ने राशनकार्ड सूची से नाम जोड़े जाने व सिंह कॉलोनी निवासी प्रेम गंगवार और राहुल आदि ने रास्ते को कब्जा मुक्त कराने की मांग की। मुख्यालय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम प्रास्तावित होने के कारण अधिकारियों की ड्यूटी लगे होने के चलते संपूर्ण समाधान दिवस में सवेरे नायब तहसीलदार राजेश कुमार ने अध्यक्षता की। लेकिन वह भी कुछ देर बाद चिकित्साधीक्षक डॉ. अजीज हसन अंसारी के अलावा कोई भी अधिकारी नहीं दिखाई दिया और अधिकारियों की कुर्सियां खाली रहीं।

खाली पड़ीं कुर्सियां।

टांडा में लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

13 शिकायतों में से दो का निस्तारण

टांडा, अमृत विचार : तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में नायब तहसीलदार अमित कुमार व अंकुर अत्तल ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 13 शिकायत प्राप्त हुईं, जिनमें दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या कम रही।

प्रधानमंत्री आवास योजना में अपात्रों को बना दिया पात्र

मसवासी, अमृत विचार : नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों की जांच के लिए सूची जारी की गई है। इसमें पात्रों के नाम सूची से गायब है। अपात्रों को जांच अधिकारी ने पात्र बना दिया है। इसकी शिकायत वार्ड 13 की सभासद साहिबा नूर ने जिला अधिकारी से की है। उन्होंने भेजे शिकायत पत्र में कहा है कि वार्ड दस में लेखपाल से साठगांठ करके 150 प्रधानमंत्री आवास पास करा दिए गए हैं। जिन लोगों के आवास पास किए गए। उनमे कोई भी पात्र नहीं है और उनमें कई लोगो के पक्के मकान बने हुए हैं। जो सूची वार्ड की सभासद साहिबा नूर ने जमा कराई वह उन पात्र लोगों की है। जिनके पक्के मकान नही है। उन लोगों के नाम साठगांठ कर सूची से हटवा दिए गए है। वार्ड एक, वार्ड 13 की सूची की जांच। इसकी शिकायत वार्ड सभासद ने जिलाधिकारी से की है।

नीलामी सूचना

सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बहेड़ी ब्रहम्नान में लगने वाला साप्ताहिक बाजार मंगलवार, शुक्रवार की तहबाजारी नीलामी दिनांक 26.03.2024 को समय 10:00 बजे पंचायत भवन पर की जायेगी।

इच्छुक बोलीदाता अधिक बोली लगाकर अपने पक्ष में बाजार की नीलामी ले सकते हैं।

सचिव/ग्राम प्रधान बहेड़ी ब्रहम्नान

किसानों की आवाज को दबाना चाहता है प्रशासन

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार: भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा कि जिला प्रशासन किसानों की आवाज को दबाना चाहता है। आरोप लगाया कि जनपद में भ्रष्टाचार चरम पर है।

भाकिसं के कार्यालय में शनिवार को हुई पंचायत में जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद के अधिकांश सरकारी कार्यालयों में, न्यायालय उपजिलाधिकारी, न्यायालय तहसीलदार, उप निबंधक कार्यालय, खंड विकास अधिकारी कार्यालय में निजी कर्मचारी सरकारी कार्य कर रहे हैं। ये किसानों से वसूली कर रहे हैं। ये सब कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत से ही संभव है। जनपद में बेमौसम बारिश से किसानों की फसलें बर्बाद हुईं हैं लेकिन ठीक प्रकार से सर्वे नहीं कराया। धान खरीद में धांधली हुई है। निराश्रित गोवंशों से किसान परेशान हैं, खनन के धंधेबाज सक्रिय हैं। गेहूं खरीद में न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ पांच सौ रुपये प्रति क्विंटल का बोनस दिया जाए।

इस संबंध में भारतीय किसान संघ मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन देना चाहता था लेकिन पुलिस ने रात से ही कार्यकर्ताओं के घर पर डेरा डाल कर नजर बंद कर दिया। जो उचित नहीं है। क्या किसान अपनी पीढ़ा अपने प्रदेश के मुख्यमंत्री से भी न करे। इस पर भी पुलिस का पहरा लगा दिया गया। बाद में प्रभारी निरीक्षक थाना मिलक को ज्ञापन दिया गया है। पंचायत में वीरेश शर्मा, राजेश लोधी एवं विशाल दुबे आदि मौजूद रहे।

गुलपोशी के बाद मौजूद मौलाना इमरान व अन्य। ● अमृत विचार

कुरआन मुक्कमल होने पर गुलपोशी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : हजरत हाफिज शाह जमालुल्लाह की दरगाह में तरावीह के दौरान कुरआन मजीद मुकम्मल हो गया। यहां छह पारे रोजाना सुनाए गए थे। शनिवार को पांचवें दिन 30 पारे मुकम्मल हो गए। कारी और सामां की गुलपोशी की गई। इस मौके पर कारी सलीम अहमद ने कहा कि रमजान में तिलावत करने पर अल्लाह की रहमत बरसती है। लोग रमजान में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें।

दरगाह में मौलाना इमरान ने छह पारे सुनाए, जबकि, सामां के फराइज हकीम नूरी और कारी फख्रे आलम ने अदा किए। मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ की गई। सज्जादानशीं हजरत शाह फहद अहमद जमाली, शाहिद अली खां जमाली, जफर खां जमाली, आमिर खां जमाली, अदनान अहमद खां जमाली रहे।

आवश्यकता है

जनता आदर्श पब्लिक स्कूल

बारीपुर भमरौआ (सिरसी) सम्भल में आवश्यकता है शिक्षिकाओं की। सीनियर विभाग में (हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम हेतू) गणित, विज्ञान गृह विज्ञान, एवं अंग्रेजी हेतु। प्राइमरी विभाग- (अग्रेजी माध्यम) विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, अंग्रेजी एवं कंप्यूटर विषयों हेतू। इच्छुक व्यक्ति प्रमाण पत्रो की (छायाप्रति) सहित विद्यालय में उपस्थित हो अनुभवी को वरीयता दी जायेगी। कार्यालय हेतु कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर की आवश्यकता है स. मौ० उस्मान प्रबन्धक मो. 9917604786, 8869065190, 9997306737

खोया-पाया

मेरा एक थैला जिसमें
1- वही सं० 1 जिल्द सं० 8540 पृ० सं० 397/410 के क्रम सं० 17174 दिनांक 16/12/2011
2- वही सं० 1 जिल्द सं० 7060 पृ० सं० 137 से 152 के क्रम सं० 13638 दि० 27/10/2009
3- वही सं० 1 जिल्द सं० 3806 पृ० सं० 27 से 44 के क्रम सं० 1971 दि० 24/03/2023
4- वही सं० 1 जिल्द सं० 3436 पृ० सं० 337 से 350 के क्रम सं० 3117 दि० 03/05/2002 एवं आवंटन पत्र के मूल दस्तावेज थे वास्तव में कहीं खो/गिर गया है।
सलीम हुसैन पुत्र अब्दुल रहमान निवासी ग्राम मुंडीया भीकम, बिलारी, जनपद मुरादाबाद।

कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर

पत्रांक 3453 / न०पा०परि०नह०/2023-24 दिनांक-13.03.24

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू0पी0म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री सलीम अहमद पुत्र अब्दुल साजिद ने मौहल्ला शेखान दक्षिणी नहटौर ने नगर पालिका के गृहकर पंजिका ने सम्पत्ति सं० 15 मौहल्ला शेखान दक्षिणी में श्री अब्दुल साजिद पुत्र अब्दुल शकूर का नाम काटकर अपना नाम सलीम अहमद पुत्र अब्दुल साजिद अंकित कराने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। प्रार्थी ने बैनाम (विक्रय पत्र) प्रस्तुत किया है अतः समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में कोई आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की स्थिति में आवेदन पत्र स्वतः निरस्त माना जायेगा।

विवरण-सम्पत्ति संख्या 15 स्थिति मौहल्ला शेखान दक्षिणी नहटौर।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद नहटौर,
जनपद-बिजनौर

चामुंडा देवी मंदिर में हुआ हवन-पूजन

भोट, अमृत विचार: पीपलगांव स्थित मां चामुंडा देवी स्थल पर मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के बाद शनिवार को भंडारा हुआ। सुबह महंत पर्व गिरी महाराज के नेतृत्व में आचार्य रमेश, पंडित मोहन लाल शर्मा व विशाल भारद्वाज ने विधिविधान व मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन कराया। कीर्तन मंडलियों ने माता के भजन कीर्तन किए। मंदिर के व्यवस्थापक राज किशोर सैनी ने बताया कि मंदिर में मूर्ति स्थापना व प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। शनिवार रात्रि आठ बजे से माता का जागरण का भी आयोजन किया। व्यवस्था में ओमवीर सिंह, चुन्नी लाल, डोरी लाल, सुन्दर लाल, नरेश दिवाकर, रोशन लाल यादव, रामकिशोर लोधी, नन्हे, बुद्धसेन लोधी और ओमप्रकाश दिवाकर आदि रहे।

स्काई लिफ्ट लदे वाहन को हरी झंडी दिखाते सरफराज आलम। ● अमृत विचार

नगर के लोगों के लिए एक और स्काई लिफ्ट की सुविधा

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार: नगर पालिका प्रशासन ने पथ प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक और स्काई लिफ्ट खरीदी है। शनिवार को पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि सरफराज आलम ने हरी झंडी दिखाकर इसका आरंभ किया।

नगर पालिका के पास पहले से ही तीन स्काई लिफ्ट थीं, जो नगर की बढ़ती आबादी के मद्देनजर अपर्याप्त साबित हो रही थीं। पालिका ने एक और स्काई लिफ्ट खरीदी है। हाजी सरफराज आलम ने सभासदों की मौजूदगी में इसका आरंभ किया। इस दौरान पालिका लिपिक शुभम भारती सभासद मैरिज इस्लाम उर्फ भूरा, गोकुल दास, राजेश आदि मौजूद रहे।

ओमप्रकाश राजभर से मुलाकात करते पसमांदा मुस्लिम नेता। ● अमृत विचार

पसमांदा मुसमान नेताओं ने मंत्री राजभर को दी बधाई

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार: ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के प्रदेश प्रभारी शाहीन अंसारी ने लखनऊ जाकर कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। केमरी थाना क्षेत्र के गंगापुर कदीम निवासी प्रदेश प्रभारी ने बताया कि उन्होंने अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी के साथ यह शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने ओमप्रकाश राजभर को कैबिनेट मंत्री बनने पर बधाई दी।

प्रदेश प्रभारी ने कहा कि राजभर पसमांदा मुस्लिम समाज की बेहतरी के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पसमांदा मुसलमान नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना अहम योगदान देंगे।

गेहूं अधिक देने की उठाई मांग, ज्ञापन

रामपुर, अमृत विचार: इंडियन नेशनल लीग पार्टी के जिलाध्यक्ष मुजम्मिल अली सलमानी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इसमें उन्होंने बताया कि सरकारी दुकानों पर लोगों को प्रति यूनिट पर एक किलो गेहूं, एक किलो बाजरा और तीन किलो चावल दिए जा रहे हैं। चावल कम कर गेहूं अधिक दिए जाए। इंडियन नेशनल लीग पार्टी के पदाधिकारियों ने शनिवार को मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ति विभाग की ओर से बिना बताए राशन कार्डों से नाम काटे जा रहे हैं।

ज्ञापन देने वालों में राना, रूखसाना, नूर बी, अफसाना, परवीन खानम, जरीफ सलमानी, मुन्ने, शीबू खां, गुड्डू, शाहिद अब्बासी, शाहबान खां और जलील आदि शामिल रहे।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084
डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

ओम शान्ति हॉस्पिटल
डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)

दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)
डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

पीटीएस और पीटीसी में भी दरोगा पासिंग आउट परेड में दिखा उत्साह

पीटीसी में एडीजी अमित चंद्रा व पीटीएस में एडीजी ए सतीश गणेश ने ली परेड की सलामी, सभी को दिलाई कर्तव्य परायणता की शपथ

2977 दरोगा को लेनी थी ट्रेनिंग

204 अभ्यर्थियों ने नहीं ली ट्रेनिंग

2773 दरोगा ने परेड में लिया हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : डॉ. भीमराव आंबेडकर उप्र पुलिस अकादमी, पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी) और पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय (पीटीएस) में शनिवार का दिन कुल 2773 प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के लिए खास था। मौका था पासिंग आउट परेड (दीक्षांत परेड) का, इन प्रशिक्षण संस्थानों के मैदान में खाकी में सजे-संवरे नए दरोगाओं के अनुशासन और बैंड-बाजे की धुन शौर्य और पराक्रम के गीत गा रही थी।

परेड में दरोगाओं की कदमताल देखते बन रही थी। दर्शक दीर्घा में मौजूद लोग तालियों से उनके उत्साह को दोगुना कर रहे थे। पुलिस अकादमी में मुख्यमंत्री ने जवानों की परेड की सलामी ली तो पीटीसी में एडीजी अमित चंद्रा और पीटीएस में एडीजी ए. सतीश गणेश ने परेड का निरीक्षण कर उनका मान प्रणाम ग्रहण किया। फिर इन्हें कर्तव्य परायणता की शपथ दिलाई गई। पुलिस अकादमी में प्रथम प्लाटून कमांडर हरिकेश यादव ने शपथ दिलाई। यहां पुलिस अकादमी में 14 प्लाटून में 749 दरोगा परेड में शामिल हुए। इनका नेतृत्व प्लाटून कमांडर-प्रथम हरिकेश यादव, प्लाटून कमांडर-द्वितीय धीरेंद्र चौधरी और प्लाटून कमांडर-तृतीय अवनीश त्रिपाठी ने किया। पीटीसी में हुई परेड में 1135 दरोगा और पीटीएस में 889 महिला दरोगा ने शपथ ली।

पीटीसी के प्रधानाचार्य/एडीजी अमित चंद्रा ने बताया कि एक साल के प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को साइबर क्राइम, जंगल ट्रेनिंग, सर्विलांस, कानून व्यवस्था आदि के बारे में विशेषज्ञों ने प्रशिक्षित किया है। इस मौके पर एएसपी पुलिस अकादमी महेंद्र सिंह, एएसपी पीटीसी डॉ. अरुण कुमार, प्रतिसार निरीक्षक परेड दिग्विजय सिंह, कृष्णपाल सिंह, सहायक इंडोर पुष्पा अवस्थी आदि मौजूद रहे।

डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में दीक्षांत समारोह के दौरान हवा में टोपी उछालकर खुशी मनाते उप निरीक्षक।

डॉ. भीमराव आंबेडकर अकादमी में दीक्षांत समारोह के दौरान खुशी जताते उप निरीक्षक। ● अमृत विचार

889 महिला दरोगा को मिली है कमांडो ट्रेनिंग

पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय (पीटीएस) के आरआइ-पी (प्रतिसार निरीक्षक) इंद्रपाल सिंह ने बताया कि पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय से 971 महिला दरोगा को पीटीएस में प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। ट्रेनिंग के दौरान दूसरे विभागों में नौकरी लगने व अन्य कारण से कई कैडेट त्याग पत्र देकर बीच में ही ट्रेनिंग से चले गए थे। शेष बचे 889 कैडेट ने आउटडोर-इंडोर की ट्रेनिंग ली है। दरोगाओं के इस नए बैच को साइबर अपराध से निपटने की विशेष ट्रेनिंग दी गई है। आने वाले लोक सभा चुनाव में ये महिला दरोगा विशेष भूमिका निभाने में पूरी तरह से दक्ष हैं। आरआइ-पी ने बताया कि इन महिलाओं को कमांडो ट्रेनिंग दी गई है।

2021 की भर्ती के बैच के हैं दरोगा

परेड में शामिल होने जा रहे दरोगा उप्र पुलिस भर्ती-2021 बैच के हैं। उस समय दरोगा (उप निरीक्षक-एसआई) के 9,534 पदों भर्ती निकाली थी। इनमें नागरिक पुलिस के दरोगा के लिए 9027, प्लाटून कमांडर पीएसी के लिए 484 और अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के 23 पद आरक्षित हुए थे। अभ्यर्थियों की परीक्षा का परिणाम 2022 में जारी हुआ था। इनको 26 फरवरी 2023 को नियुक्ति पत्र मिला था। परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए एक वर्ष का प्रशिक्षण 15 मार्च 2023 को शुरू हुआ था।

मुरादाबाद प्रशिक्षण संस्थानों की परेड में शामिल दरोगा

प्रशिक्षण संस्था	आवंटित	प्रशिक्षण लेने वाले एसआई
पीटीसी	1202	1135
पीटीएस	971	889
अकादमी	804	749
कुल	2977	2773

प्रशिक्षण में टॉपर अभ्यर्थियों को मिली ट्रॉफी

पीटीएस
सर्वांग सर्वोत्तम-हर्षिता सिंह, गाजीपुर।
आउट डोर-किरन कठायत, चंपावत-उत्तराखंड।
इंडोर-आकांक्षा तिवारी, हरदोई
पुलिस अकादमी
सर्वांग सर्वोत्तम-चंदन कुमार मिश्र, देवरिया।
आउट डोर-खुर्शीद आलम, फतेहपुर।
इंडोर-सौरभ कुमार, वाराणसी।
पीटीसी
सर्वांग सर्वोत्तम-आशीष सिंह
आउट डोर-यदुवीर सिंह
इंडोर-अमोल सिंह

उप निरीक्षक योगेश प्रताप सिंह को स्टार लगाते माता-पिता। ● अमृत विचार

उप निरीक्षक मोहम्मद इमरान को स्टार लगाते माता-पिता। ● अमृत विचार

एक नजर

मां, भाई और पत्नी के साथ दरोगा पवन कुमार। ● अमृत विचार

परेड के बाद बेटे को गले लगा परिजन भाव विह्वल

मुरादाबाद, अमृत विचार : उप निरीक्षकों की पासिंग आउट परेड के बाद ग्राउंड पर बेटे को देखकर उनके माता-पिता, भाई सभी भाव विह्वल थे। मां अपने लाल को गले लगा रही थीं। वहीं, पिता और भाई भी फूले नहीं समा रहे थे। परिवारजन के लिए ये वक्त गौरव की अनुभूति कराने वाला था, जो कल्पना से भी परे लग रहा था। खाकी पहने और कंधे पर चमकते गोल्ड जैसे दो सितारे देख माता-पिता, भाई व अन्य परिजन खुश थे। पुलिस अकादमी में दीक्षांत परेड के बाद अपनी मां, भाई और पत्नी को पाकर पवन कुमार बेहद भावुक थे। खुशी से परिवार फूल नहीं समा रहा था। पवन ने बताया, वह अलीगढ़ से हैं। शाहजहांपुर में नियुक्ति मिली है। बताया कि दरोगा बनने से पहले पिता की मृत्यु हो गई थी। मां ने उन्हें बड़ी मुसीबत झेलकर पढ़ाया और वह इस मुकाम पर पहुंचे हैं। पवन दो भाई में बड़े हैं। इनकी पत्नी रिंकी केंद्र सरकार की कर्मचारी हैं। बेटे के दरोगा बनने पर मां कहती हैं कि इसने हमारा सपना पूरा कर दिया। ऐसे ही अकादमी ग्राउंड पर महाराजगंज के दरोगा बने कैलाश जायसवाल को देखे उनके माता-पिता हर्षित हो रहे थे। कैलाश का एक छोटा भाई भी है। ये 2020 में गाजीपुर में कांस्टेबल थे। अब मऊ में नियुक्ति मिली है।

प्रशिक्षण टॉपर्स बाएं से सौरभ कुमार, चंदन मिश्र व खुर्शीद आलम।

बोले टॉपर्स, लक्ष्य के लिए आगे बढ़ते रहें

मुरादाबाद, अमृत विचार : पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण पाकर टॉपर्स बनने वाले दरोगाओं में सर्वांग सर्वोत्तम चंदन मिश्र, आउट डोर टॉपर खुर्शीद आलम और इंडोर टॉपर सौरभ कुमार ने अन्य छात्र-छात्राओं को संदेश में कहा, जिस क्षेत्र में तैयारी कर रहे हैं, उसमें लक्ष्य के लिए आगे बढ़ते रहें। मेहनत व लगन से तैयारी करें तो सफलता निश्चत है। सफल होने के लिए मेहनत नियमित हो और धैर्य रखना जरूरी है।

ब्लाक का काम स्थगित, रद ट्रेनें बहाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : 21 मार्च से मुरादाबाद रेल मंडल में टोडरपुर में होने वाले ब्लाक के काम को स्थगित कर दिया गया है। काम स्थगित करने के बाद रद ट्रेनों का संचालन बहाल कर दिया है।

टोडरपुर स्टेशन पर रेल कार्य 24 मार्च तक चलना था। रेलवे ने लखनऊ-चंडीगढ़, डबल डेकर, काठगोदाम-लखनऊ एक्सप्रेस का संचालन रद किया था। हिमगिरी, अमरनाथ एक्सप्रेस, अवध असम एक्सप्रेस, सियालदह एक्सप्रेस को देरी से चलाने का कार्यक्रम जारी किया था, शनिवार को रेलवे ने टोडरपुर में प्रस्तावित ब्लाक के काम को स्थगित कर दिया। इससे रद होने वाली ट्रेनों का संचालन बहाल कर दिया है।

डीआरएम ने की एमएफसी की शुरुआत : यात्रियों के लिए रेलवे अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से देहरादून स्टेशन पर एक मल्टी-फंक्शनल कॉम्प्लेक्स (एमएफसी) का निर्माण किया है। जिसकी शुरुआत शनिवार को मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह द्वारा की गई है। जिन्हें रणनीतिक रूप से यात्रियों को खरीदारी और भोजन से लेकर आवास और कई सुविधाएं प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। एमएफसी व्यापक सेवा केंद्र के रूप में काम करते हैं, जो रेल उपयोगकर्ताओं के लिए सुविधाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं। जिसमें शॉपिंग आउटलेट, भोजन के विकल्प, किताबों की दुकानें, यात्री सुविधाएं जैसे एटीएम, दवा और विभिन्न प्रकार के स्टोर, बजट होटल तथा पार्किंग स्थान शामिल है। इस मौके पर रेल भूमि विकास प्राधिकरण के महाप्रबंधक मोहित कुमार, प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे।

सरहिंद स्टेशन पर रुकेगी पंजाब मेल

मुरादाबाद, अमृत विचार : रेलवे ने हावड़ा से अमृतसर के बीच चलने वाली पंजाब मेल 13005-06 ट्रेन का एक और ठहराव बढ़ाया हैं। यह ट्रेन अब यात्रियों की सुविधा के लिए लुधियाना व राजपुरा के बीच सरहिंद रेलवे स्टेशन पर भी रुकेंगी। 17 मार्च से ट्रेन का दोनों ओर से स्टेशन पर ठहराव होगा। ट्रेन 13005 का सरहिंद में तड़के 4:03 व ट्रेन 1306 का रात 9:52 पर पहुंचने का समय तय किया गया।

गाजीपुर के दो सगे भाई साथ-साथ बने दरोगा

मुरादाबाद, अमृत विचार : दो सगे भाई साथ यूपी पुलिस के उप निरीक्षक बने हैं। गाजीपुर के गहमर थाना क्षेत्र के गांव बारा निवासी शोएब और छोटे भाई नदीम ने साथ ट्रेनिंग पूरी की।

इनके पिता मोहम्मद परवेज खान कोलकाता पुलिस में एएसआई हैं। नदीम ने बताया, वह कुल पांच भाई हैं। बड़े भाई शाहबाज का चयन हाल ही में एनटीपीसी में हुआ है। भाइयों में दूसरे नंबर के शोएब और तीसरे नंबर के खुद नदीम हैं। नदीम ने बताया, उनकी पढ़ाई पहले गांव में हुई फिर लखनऊ में हुई। उप निरीक्षक पद के लिए नदीम और शोएब दोनों भाइयों ने साथ फार्म भरा था। दोनों को प्रशिक्षण के लिए मुरादाबाद भेजा गया। नदीम को प्रतापगढ़ और शोएब को बहराइच में नियुक्त मिली है।

मेंथा निर्यातकों को मिलेगा परिवहन अनुदान, शासन ने जारी किए आदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सरकार ने मेंथा के निर्यातकों के अलावा अन्य उत्पादों का निर्यात करने वाले निर्यातकों को परिवहन अनुदान देने की पहल की है। इससे पहले परिवहन अनुदान निर्यातकों को उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति 2019 के तहत एपीडा (एग्रीकल्चर प्रोसेसिंग फूड प्रोडक्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी) की आरसीएमसी होने पर मिल पाता था।

अब एपीडा के अलावा (डीजीएफटी) की प्रक्रियाओं के अनुसार निर्यातकों को भी परिवहन अनुदान मिल सकेगा।

▸▸ कृषि विपणन निरीक्षक कार्यालय से ले सकते हैं जानकारी

मेंथा निर्यातकों के लिए अच्छी खबर है कि अब उन्हें मेंथा के निर्यात पर परिवहन अनुदान मिल सकेगा। शासन से इस संबंध में नए आदेश जारी किए हैं। जिसमें शनिवार को प्रभारी सहायक कृषि विपणन अधिकारी मुरादाबाद मंडल आशीष कुमार गुप्ता ने बताया की उत्तर प्रदेश के कृषि निर्यात नीति 2019 के तहत अभी तक मेंथा निर्यातकों को एपीडा की आरसीएमसी (रजिस्ट्रेशन कम मेम्बरशिप सर्टिफिकेट) के अलावा अब भारत सरकार द्वारा किसी भी लाभ एवं छूट प्राप्त करने के लिए डीजीएफटी (डायरेक्ट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड) निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार व्यापार के मुख्य उत्पाद से संबंधित निर्यात संवर्धन काउंसिल अथवा बोर्ड से प्राप्त पंजीयन प्रमाण पत्र होने पर भी परिवहन अनुदान मेंथा निर्यातकों के साथ साथ अन्य उत्पादों के निर्यातक इसका लाभ ले सकेंगे। कृषि निर्यात नीति 2019 के अंतर्गत अन्य अनुमन्य अनुदान की जानकारी लेने के लिए जनपद स्तरीय कार्यालय ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक मुरादाबाद के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

होली के रंगारंग कार्यक्रम में खूब की मस्ती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महिला संस्था यप (यंग एनर्जेटिक पीपुल) मुरादाबाद की ओर से शनिवार को होली का रंगारंग कार्यक्रम मनाया गया। आयोजन के दौरान सभी महिला सदस्यों ने होली थीम पर निर्धारित गेम्स हाउजी में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

होली के गीतों पर सदस्यों ने ग्रुप बनाकर नृत्य प्रस्तुत किया और जमकर धमाल मचाया। कार्यक्रम के दौरान ढोल की ताल पर फूलों की होली खेली। सभी सदस्यों का गुलाल लगाकर अदिति गोयल, अनुभा, मानसी ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन दिव्या अग्रवाल और मिली सिक्का ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहा मेहरोत्रा ने की। संगठन की उपाध्यक्ष संजना भटनागर ने होली की भेंट और शुभकामनाएं दी। आयोजन के दौरान अदिति, तान्या, गौरी, चांदनी, कविता, पायल, पारुल, रवजीत, रविन्द्र, अनामिका, मेघा, मनीषा, रुची, सोनिया, बिंदु, शैली, एकता, निधि, पिंकी, मोनिका, रितिका, प्रियका, वीनू आदि मौजूद रहे।

होली के रंगारंग कार्यक्रम में मस्ती करतीं यप संस्था की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

होली के रंग में रंगे बाजार, डिजाइनर पिचकारियों की बढ़ी मांग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : रंगों के त्योहार होली में अब कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में घर से लेकर बाजार तक होली का रंग चढ़ने लगा है। बाजारों में भी रंग खरीदने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। किराना व जनरल सामान वाली दुकानों पर रंगों के साथ पिचकारी भी दिखाई दे रही हैं। रंग और पिचकारी बेचने वाले थोक एवं खुदरा दुकानों की सजावट देखते बन रही है।

24 मार्च को होलिका दहन और 25 मार्च को रंग खेला जाएगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। बाजार में ग्रामीण क्षेत्र के दुकानदार होली के लिए रंग-गुलाल व पिचकारी आदि खरीदने आ रहे हैं। बुध बाजार स्थित दुकान स्वामी सतीश ने बताया कि अब रंगों की और पिचकारियों की बिक्री बढ़ रही है। बच्चे गुलाल वाली पिचकारी भी ले रहे हैं। व्यापारी सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को गुलाल से भरे सिलेंडर की काफी बिक्री हुई है। डिमांड को देखते हुए इन्हें और मंगाया जा रहा है। होली के लिए वैसे तो बाजार में विभिन्न प्रकार की टोपियां हैं, लेकिन राजस्थानी, उत्तराखंड टोपी की मांग अधिक है। ऐसे में व्यापारियों ने इनका काफी स्टाक मंगाया हुआ है। अभी से इनकी काफी बिक्री होने लगी है। अलग-अलग टोपी की कीमत भी अलग रखी गई है। 30 रुपये से शुरू होकर 70 रुपये तक की टोपी बाजार में बिक रही है।

होली की तैयारी को लेकर दुकानों में सजी पिचकारियां।

दुकान पर पिचकारी देखता किशोर। ● अमृत विचार

महंगाई | खपत बढ़ने से भी फलों के दामों में इजाफा, गर्मी बढ़ने से और महंगे होंगे

फलों के बढ़ते दामों ने बिगाड़ा इफ्तार का स्वाद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रमजान का महीना शुरू होने के बाद से ही फलों के दाम आसमान छू रहे हैं। फलों के बढ़ते दामों से रोजेदारों की इफ्तारी का स्वाद खराब हो रहा है। लेकिन दाम बढ़ने के बाद भी फलों की बिक्री खूब हो रही है।

12 मार्च से रमजान का महीना शुरू हो गया है। रमजान के रोजेदार इफ्तारी में फलों का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। इसलिए रमजान के महीने में फलों की खूब बिक्री होती है। जिसके चलते रमजान का महीना शुरू होते ही फलों के दामों पर महंगाई का असर देखा जा रहा है। कुछ दिन पहले 40 रुपये प्रति किलो बिकने वाला अंगूर फुटकर बाजार में 70 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। जबकि 100 रुपये किलो बिकने वाला सेब मौजूदा समय में 140 से 160 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। वहीं, किन्नू 50 रुपये प्रति किलो तो संतरा 80 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। काले अंगूर तो 150 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। बाहर से आने वाला तरबूज भी 50 रुपये प्रति किलो बेचा जा रहा है। जिससे इफ्तारी का स्वाद फीका हो रहा है। वहीं दुकानदार मोहम्मद दानिश ने बताया कि रमजान से पहले फलों के दाम कम थे, लेकिन पिछले चार दिनों से फल के दाम में तेजी आ गई है। उन्होंने बताया कि चार दिन पहले ही पपीता 40 रुपये प्रति किलो बिक रहा था, लेकिन अब उसके दाम 60 रुपये किलो हो गए हैं। दूसरी ओर 50 रुपये का मिलने वाला नारियल पानी भी अब 60 से 70 रुपये का एक पीस मिल रहा है।

दुकान पर रखा पपीता ● अमृत विचार

और बढ़ेंगे फलों के दाम

रमजान के शुरुआती दिनों में तेज हुए फलों के दाम आगे और भी बढ़ सकते हैं। गंज बाजार के फल विक्रेताओं का कहना है कि फलों के दाम मौजूदा समय के मुकाबले आने वाले दिनों में और बढ़ सकते हैं। क्योंकि गर्मियों में फल महंगे हो जाते हैं। अभी और दाम बढ़ने की उम्मीद है।

फलों के दाम
(रुपये प्रति किलो)

फल	पहले	अब
सेब	100	140
पपीता	40	60
अंगूर	40	70
संतरा	50	80
अमरूद	50	100
अनानास	50	60
अनार	100	140
केला	40	60 (रुपये प्रति दर्जन)

विद्यालय निपुण बनाने के लिए प्रेरित किया

मुरादाबाद, अमृत विचार: मूंढापांडे के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में आंगनबाड़ियों के उन्मुखीकरण के लिए संगोष्ठी हुई। बीईओ मूंढापांडे राजेश चतुर्वेदी के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ।

स्कूलों में बाल वाटिका और रेडीनेस कार्यक्रम द्वारा 3 से 6 आयु वर्ष के बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए आंगनबाड़ी व बाल वाटिका के नोडल शिक्षक को विद्यालय निपुण बनाने के लिए प्रेरित किया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका मधु सक्सेना और डॉ. हरनन्दन प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 3 वर्ष से 9 वर्ष तक के बच्चों को बुनियादी साक्षरता में भाषा कौशल व संख्या ज्ञान विकसित करने के लिए काम करना होगा। इसमें लवकुश यादव, मंजूरानी, योगराज सिंह, डॉ स्वाति शर्मा, डॉ. नीरज शर्मा आदि का सहयोग रहा।

पेट्रोल-डीजल के दाम में कमी को किसी ने सराहा, तो कोई बोला चुनावी फैसला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : केंद्र सरकार ने होली से पहले लोगों को उपहार दिया है। आम आदमी को राहत देने के लिए पेट्रोल और डीजल के दामों में दो रुपये की कटौती की है। दूसरी ओर होली पर एक सिलेंडर मुफ्त देने का भी वादा किया है। दाम घटने पर शनिवार को अमृत विचार ने जब महानगर वासियों से राय जानी, तो सबकी प्रतिक्रिया अलग-अलगरही।

लाइनपार निवासी सर्वेश ने बताया कि दाम घटाने का फैसला चुनाव को देखते हुए लिया है। वरना ये कदम बहुत पहले ले लिया जाता। केंद्र सरकार जबसे सत्ता में आई, तब से महंगाई दोगुना बढ़ गई है। 40 रुपये लीटर पेट्रोल व डीजल देने का वादा करने वाली सरकार लोगों को 95 रुपये में पेट्रोल देकर चुनावी लॉलीपॉप थमा रही है। भाकियू असली के सतीश विश्नोई ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी होना चुनावी एजेंडा है। विश्व हिंदू परिषद के महानगर मंत्री अविनाश गुप्ता ने कहा कि केन्द्र सरकार का पेट्रोल और डीजल के दामों में कटौती का कदम सराहनीय है। पेट्रोल आम आदमी की जरूरत है। दो पहिया वाहन हो या चार पहिया वाहन सभी लोग इसका इस्तेमाल करते है। दो रुपये कम होना आम आदमी के लिए बड़ी राहत है। छात्र शिवेश ने कहा कि सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल के दाम कम करना आम जनता को राहत देने का काम है। ट्रांसपोर्ट पर भी इसका असर देखने को मिलेगा। गैस सिलेंडर के दाम कम करना गृहणियों को राहत देने वाला कार्य है। रसोई गैस का घरों में प्रतिदिन इस्तेमाल होता है, जिसका दाम बहुत बढ़ गया था।

अविनाश गुप्ता

शिवेश

सतीश विश्नोई

सर्वेश

एक नजर

मारपीट में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

चौधरपुर, अमृत विचार : डिडौली थाना क्षेत्र के गांव सहसपुर अलीपुर में मोहम्मद आरिफ और सहफुल का परिवार रहता है। दोनों के घर आसपास हैं। मोहम्मद आरिफ ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 15 मार्च की शाम पड़ोसी सहफुल, सरफराज और सामाजुल बिना किसी बात के उसे गाली दे रहे थे। मना करने पर तीनों ने उसके व उसके बेटे को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सहफुल, सरफराज, सामाजुल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिजली के 90 बकाएदारों के टीम ने काटे कनेक्शन

अमरोहा, अमृत विचार : शनिवार को विद्युत वितरण खंड अधिकारी जीडी प्रजापति के नेतृत्व में बड़े बकायदारों के खिलाफ अभियान चलाकर 13 लाख रुपए की वसूली की और 90 कनेक्शन काटे गए। उन्होंने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा।

पुत्र प्राप्ति के बाद मुंडन संस्कार कराते हैं परिजन, होली के बाद पहले मंगलवार से शुरू हो जाएगा मेला

आस्था का केंद्र है मां ललिता देवी मंदिर, दूर-दूर से आते हैं भक्त

अजय कुमार, गजरौला

अमृत विचार : शहर में स्थित मां ललिता देवी का मंदिर आस्था व श्रद्धा का केंद्र है। 187 वर्ष से इस प्राचीन मंदिर पर चैत्र माह में हर मंगलवार को आस्था का विशाल मेला लगता है। देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु माथा टेकने पहुंचते हैं। चमत्कारों के लिए विख्यात ललिता देवी के भक्त कई राज्यों से आते हैं। यह मंदिर मोहल्ला अवंतिका नगर में स्थित है। इसका इतिहास भी आजादी की जंग छिड़ने से पहले का बताया जाता है।

होली के बाद पहले मंगलवार से मेला शुरू हो जाता है। महिलाएं अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराती हैं और प्रसाद चढ़ाती हैं।

क्षेत्रवासियों के मुताबिक यह मंदिर 1837 में मेरठ के ग्राम जानीवलेनी (जो अब बागपत जिले में है) निवासी पंडा शिवसहाय ने सलेमपुर रियासत के राजा प्रभुवन से दान में जमीन लेकर स्थापित किया था। पंडा शिव सहाय मां ललिता देवी के भक्त थे। वह जानीवलेनी गांव के निकट बहने वाली हिंडन नदी के तट पर पूजा-पाठ कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। एक दिन भजन संध्या के समय मां ललिता देवी ने दर्शन देकर गंगापार गज गढ़ में दरबार स्थापित करने को कहा। गज गढ़ द्वापर युग में राजा गज का क्षेत्र था जो बाद में गजरौला कहलाया। उस समय यह क्षेत्र सलेमपुर रियासत का भाग था। इसके राजा प्रभुवन गोस्वामी थे। राजा प्रभुवन गोस्वामी ने माता दरबार को भूमि उपलब्ध कराते हुए मंदिर व पेयजल की व्यवस्था को कुआं बनवाया, जो आज भी मंदिर परिसर में है। आज मंदिर में मां काली, मां शेरा वाली, हनुमान व शिवलिंग की मूर्तियां स्थापित हैं।

पंडा शिवसहाय अपने परिवार के साथ मंदिर की सेवा करने लगे। उनके देहांत के बाद मंदिर की सेवा व्यवस्था की कमान उनके पुत्र कन्हैयालाल ने संभाली। इसके बाद भगवती प्रसाद, बालमुकुंद, विशेश्वर दयाल शर्मा ने मंदिर की सेवा की। पुजारी प्रदीप शर्मा व गौरव शर्मा ने बताया कि अब वह मंदिर की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मान्यता है कि माता के दरबार में मांगी जानी वाली हर मुराद पूरी होती है। श्रद्धालु पुत्र प्राप्ति की मुराद पूरी होने पर बच्चों का मुंडन भी यहीं कराते हैं। नवदंपती सफल वैवाहिक जीवन की मन्नत मांगते हैं। क्षेत्र के ही नहीं अपितु दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, बंगाल आदि राज्यों के भक्त भी मां के दरबार में माथा टेकने पहुंचते हैं। 26 मार्च को चैत्र मास का पहला मंगलवार है। यहां चैत्र के प्रत्येक मंगलवार को मेला लगता है।

गजरौला स्थित मां ललिता देवी मंदिर। ● अमृत विचार

मां ललिता देवी मंदिर में बना मुंडन संस्कार भवन। ● अमृत विचार

हादसे में पूर्व प्राचार्य समेत दो लोगों की मौत

अमरोहा-जोया मार्ग पर हुआ हादसा, बाइक सवार एक युवक की हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : मॉर्निंग वॉक पर निकले जेएस हिंदू पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र बहादुर बरतरिया को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। इसमें 64 वर्षीय डॉ. वीबी बरतरिया और बाइक सवार अशरफ (35) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवर अशरफ का साथी हैदर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है।

हादसा शनिवार की तड़के अमरोहा-जोया रोड पर हुआ। जेएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. वीबी बरतरिया जोया रोड स्थित कृष्ण कुंज कॉलोनी के रहने वाले थे। वह सुबह करीब छह बजे टहलने के लिए घर से निकले थे। मॉर्निंग वॉक करते हुए वह बंबूगढ़ चौराहे से जोया की तरफ बढ़े। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें रौंद दिया। टक्कर लगते ही पूर्व प्राचार्य बेहोश होकर सड़क पर गिर गए। जबकि टक्कर मारने के बाद कुछ दूर चलकर बाइक भी अनियंत्रित होकर गिर गई। इस पर सवार अमरोहा के मोहल्ला अहमद नगर तकिया हुसैन शाह निवासी अशरफ और हैदर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। किसी ने पुलिस व एंबुलेंस को हादसे की सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने पूर्व प्राचार्य डॉ वीबी बरतरिया और अशरफ को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल हैदर को हायर सेंटर रेफर कर दिया। उसकी हालत भी नाजुक बनी हुई है। थाना अमरोहा देहात प्रभारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि पूर्व प्राचार्य के बेटे शुभम बरतरिया की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। घायल हैदर की हालत नाजुक बनी हुई है। वह मुरादाबाद के अस्पताल में वेंटिलेटर पर है।

डॉ. वीबी बरतरिया एवं अशरफ। (फाइल फोटो)

महिला के लिए रक्त लेने ब्लड बैंक जा रहे थे बाइक सवार

अमरोहा, अमृत विचार : सड़क हादसे में पूर्व प्राचार्य समेत दो लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह अशरफ अपने दोस्त के साथ ब्लड बैंक जा रहा था। अशरफ के परिवार की महिला की तबीयत खराब है। वह एक निजी अस्पताल में भर्ती है। उसे ब्लड की आवश्यकता थी। दोनों युवक महिला के लिए ब्लड लेने जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक जा रहे थे। अशरफ ने हेलमेट भी लगाया था। लेकिन जैसे ही वह जोया रोड पर बंबूगढ़ चौराहे से आगे पहुंचे तभी सड़क पर टहल रहे पूर्व प्राचार्य डॉ. वीबी बरतरिया को टक्कर मार दी।

दो बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल

गजरौला, अमृत विचार : दो बाइकों की भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी गजेन्द्र शनिवार की दोपहर रमाबाई डिग्री कॉलेज के पास से अपने घर जा रहा था। सामने से बाइक पर आ रहे रहमापुर माफी निवासी कोशिंदर की तेज रफ्तार बाइक से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। डाक्टर ने दोनों की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया।

नर्सरी के उद्घाटन के बाद विधायक, स्वयं सहायता समूह के सदस्य व अन्य लोग।

इजरायली तकनीक से तैयार की जाएगी सब्जियों की पौध

संवाददाता, अमरोहा/गजरौला

अमृत विचार : विधायक राजीव तरारा ने हाईटेक वेजिटेबल सीडलिंग प्रोडक्शन नर्सरी का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि यहां इजरायली तकनीक से सब्जियों की पौध तैयार होंगी। इस नर्सरी को उद्यान विभाग कृष्णा स्वयं सहायता समूह को पौध उत्पादन हेतु सुपुर्द करेगा। स्वयं सहायता समूह इस नर्सरी पर आय का 80 प्रतिशत का हकदार होगा।

गजरौला क्षेत्र के गांव अहरौला तेजवन स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में हाईटेक वेजिटेबल सीडलिंग प्रोडक्शन नर्सरी तैयार करायी गयी है। इसकी लागत करीब 1,29,08,770 रुपये है। इस नर्सरी में प्रतिवर्ष लगभग 15 लाख सब्जियों एवं मसालों तथा यूरोपियन सब्जियों की पौध तैयार की जायेगी। इस नर्सरी से कृषकों को दो रुपये प्रति पौध दी जायेगी। यदि कृषक स्वयं बीज खरीद कर अपनी पौध तैयार कराता है तो एक रुपये प्रति पौध स्वयं सहायता समूह को देगा। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि, जिला उद्यान अधिकारी, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र आदि मौजूद रहे।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक आज : हसनपुर, अमृत विचार : अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के नगर अध्यक्ष पंडित विनय कुमार शर्मा ने बताया कि महासभा की बैठक 17 मार्च को कोषाध्यक्ष पंडित विशाल शर्मा के आवास पर होगी।

सार संक्षेप

खाना बनाते समय सिलेंडर में लगी आग

हसनपुर, अमृत विचार : मोहल्ला होली वाला चौक निवासी खल व्यवसायी अरविंद कुमार गुप्ता की रसोई में रखे सिलेंडर में लीकेज से अचानक आग लग गई। इससे रसोई में रखा सामान जल गया। शुक्रवार की रात होली वाला चौक निवासी अरविंद गुप्ता पत्नी रमा गुप्ता रसोई में दूध गर्म कर रहीं थी। तभी सिलेंडर के पास रेगुलेटर के नीचे लीकेज होने के कारण आग लग गई। रसोई घर में रखा कीमती सामान आग की भेंट चढ़ गया। अरविंद गुप्ता के बड़े पुत्र अंकुर के द्वारा शोर मचाने पर मोहल्लेवासी एकत्र हो गए। उन्होंने आग बुझाने के उपाय किए। इसी बीच वहां मौजूद भाजपा नेता सुरमित कुमार गुप्ता ने पुलिस को सूचना दी। इस बीच एक युवक ने जलते हुए सिलेंडर को घर के अंदर से निकालकर सड़क पर रख दिया। मोहल्ले वासी ने अग्निशमन यंत्र के जरिए आग पर काबू पा लिया।

कार्ड धारकों को बांटे गए निशुल्क बैग

रहरा, अमृत विचार : गंगेश्वरी ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में राशन विक्रेताओं ने जनप्रतिनिधि व ग्राम वासियों की मौजूदगी में प्रत्येक कार्ड धारक परिवार को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के बैग बांटे। पूर्ती निरीक्षक वेदप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि गंगेश्वरी ब्लॉक के प्रत्येक गांव में 42393 गरीब परिवारों को गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत बैग बांटे गए। ढबारसी में निशुल्क बैग वितरण कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजीव गोयल मौजूद रहे। ग्राम रहरा में ग्राम प्रधान बबली देवी, ग्राम प्रधान के पति नन्हे सिंह, राशन डीलर करण सिंह, राशन डीलर विनीता उर्फ ब्रह्मा, मुकेश सिंह, कोकापुर में ग्राम प्रधान रतन सिंह, मरौरा में ग्राम प्रधान चरण सिंह, प्रगति स्वयं सहायता समूह सहित राशन विक्रेता, सूबरा में राशन डीलर मालवती, गंगेश्वरी में राशन डीलर नीतू, डीलर के पति लोकेन्द्र सिंह, देहरी खादर में ग्राम प्रधान कुंवरपाल, राशन डीलर रूपकिशोर, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

रहमत और बरकत का महीना है रमजान : मुफ्ती नाजिर

सैदनगली, अमृत विचार : रमजान रहमत और बरकत का महीना है। हम बहुत खुशनसीब हैं कि अल्लाह ने हमारी जिंदगी में एक बार फिर रमजान का महीना नसीब फरमाया। हमें इस महीने की फजीलत को समझते हुए कद्र करनी चाहिए। नगर के मोहल्ला कुरैशियान स्थित मस्जिद कुरैशियान में नमाजियों को खिताब फरमाते हुए मुफ्ती मोहम्मद नाजिर रजा ने कहा कि बहुत ऐसे लोग थे, जो पिछले रमजान में थे और इस रमजान से पहले इंतकाल कर गए। अब इसके बाद आने वाले रमजान में हम लोग भी होंगे या नहीं, इसकी कोई गारंटी नहीं है। इसलिए हर रमजान को आखरी रमजान समझ कर उसकी कद्र करें। रमजान करीम का नसीब होना खुशनसीबी की बात है। गुनाहगारों के लिए बेहतरीन मौका है खुद को गुनाहों से पाक ओ साफ करने और ढेरों नेकियां हासिल करने का। मौला करीम सबको सही मायनों में रमजान का एहतराम करने की तौफिक अता फरमाए। रोजा रखने के लिए जिस्म में ताकत नहीं, दिल में अल्लाह की मोहब्बत होनी चाहिए। इस मौके पर जाकिर मलिक, लईक कुरैशी, जुनैद कुरैशी, अलाउद्दीन सैफी, मेराज अली आदि मौजूद रहे।

हलवाई ने दूल्हे के बहनोई पर फेंका गर्म तेल, झुलसा

चौधरपुर, अमृत विचार : खाना खाने के दौरान किसी बात को लेकर हलवाई की दूल्हे के बहनोई से कहासुनी हो गई। गुस्साए हलवाई ने कड़ाही से गर्म तेल उसके ऊपर फेंक दिया। इससे वह बुरी तरह झुलस गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर हलवाई व कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हसनपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला होली वाला निवासी विपिन कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 15 मार्च को वह अपने साले विकास के साथ चचेरे साले सौरभ की शादी में जोया के एक होटल में गया था। किसी बात को लेकर हलवाई से विपिन की कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर हलवाई ने उसके ऊपर गर्म तेल उड़ेल दिया। पुलिस ने हलवाई और उसके कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नौकरी दिलाने के नाम पर डेढ़ लाख ठगे, रिपोर्ट

गजरौला, अमृत विचार : नौकरी दिलाने के नाम पर कोचिंग संचालक ने अपने साथी की मदद से एक युवक से डेढ़ लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव पाल निवासी राजपाल का बेटा विकास बेरोजगार हैं। राजपाल की जान पहचान थाना मंडी धनौरा के गांव कुंआखेड़ा निवासी कोचिंग संचालक विक्की से थी। उसने राजपाल को बताया कि उसका परिचित मंडी धनौरा के गांव हलपुरा निवासी सुमित पैसे लेकर नौकरी लगवा देता है। राजपाल उनके झांसे में आ गया और तीन बार में उन्हें डेढ़ लाख रुपये दे दिए। विक्की व सुमित ने सरकारी नौकरी की बताए विकास को एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी दिला दी। तब राजपाल व उसके बेटे विकास को ठगे जाने का अहसास हुआ। इसके बाद राजपाल ने कई बार पैसे मांगे पर आरोपियों ने पैसे नहीं दिए। आरोप है कि 31 जनवरी को विक्की व सुमित ने फोन पर पैसे देने से साफ मना कर दिया और धमकी भी दी। इस पर राजपाल ने पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

जिला चिकित्सालय में मनाया कन्या जन्मोत्सव

अमरोहा, अमृत विचार : महिला कल्याण विभाग की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला संयुक्त चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव मनाया गया है। समाज में फैली कुरीतियों व बेटा-बेटियों में व्याप्त असमानता को दूर करना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ इस योजना का मुख्य उद्देश्य है।

जिला संयुक्त चिकित्सालय में आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में बताया कि बेटियों को बेटों के समान शिक्षा व सुविधा दें। कार्यक्रम में डॉ. निरुपमा सिंह गाइनेकोलॉजिस्ट ने जिला संयुक्त चिकित्सालय में कन्याओं को जन्म देने वाली 28 महिलाओं को वेबी किट, मच्छरदानी एवं स्लीपिंग बैग देकर सम्मनित किया।

इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. निरुपमा सिंह, चीफ फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

आचार संहिता लगते ही होर्डिंग व बैनर उतरवाए

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : चुनाव आचार संहिता लगते ही प्रशासन ने राजनीतिक दलों के पोस्टर व होर्डिंग उतरवाने शुरू कर दिए हैं। शनिवार की शाम कई जगह से होर्डिंग व पोस्टर उतरवाए गए।

एसडीएम सुधीर कुमार सिंह, सीओ सिटी अरुण कुमार, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश सिंह के नेतृत्व में पालिका टीम ने गांधी मूर्ति चौराहे से होर्डिंग आदि हटवाने का काम शुरू किया गया। आजाद रोड, जोया मार्ग, बिजनौर रोड, टीपी नगर चौराहा आदि स्थानों से होर्डिंग उतारकर जब्त कर लिए गए। जेसीबी से होर्डिंग फाड़ दिए गए। दीवारों पर चिपके पोस्टर भी फाड़ दिए। एसडीएम सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाएगा। किसी भी तरह की राजनीतिक प्रचार सामग्री सार्वजनिक रूप से लगने नहीं दी जाएगी। राजनीतिक सामग्री लगाने वालों पर कार्रवाई भी की जाएगी। आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। यदि किसी भी राजनीतिक दल के पोस्टर, बैनर या वॉल पेंटिंग पाई जाती है तो संबंधित नेताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राजनीतिक दलों को अपनी प्रचार सामग्री स्वयं हटाने के निर्देश दिए।

राजनीतिक होर्डिंग-बैनर उतारते कर्मचारी। ● अमृत विचार

सख्त हुआ प्रशासन, उतरवाए होर्डिंग-बैनर

मंडी धनौरा, अमृत विचार : शनिवार की शाम से आचार संहिता लागू होते ही नगर पालिका प्रशासन ने राजनीतिक दलों से जुड़े बैनर-पोस्टर उतारे। होली पार्क चौराहे पर लगे अधिकांश नेताओं के होर्डिंग उतार दिए गए। शनिवार को चुनाव आचार संहिता लागू होते ही नगर पालिका के कर्मचारियों ने बैनर, पोस्टर उतारने का काम शुरू कर दिया। इस दौरान स्लोगन लिखी दीवारों की धुलाई भी की।

पंचायत कर्मचारियों ने उतारे बैनर

सैदनगली, अमृत विचार : चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद नगर पंचायत कर्मचारियों ने बस स्टैंड पर लगे राजनीतिक पोस्टर उतरवाए। नायब तहसीलदार की देखरेख में नगर पंचायत कर्मचारी और पुलिस ने मिलकर कस्बे में कई स्थानों से राजनीतिक पोस्टर व बैनर उतारे।

आचार संहिता लागू होते ही उतरने लगे होर्डिंग

हसनपुर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होते ही नगर पालिका प्रशासन ने आंबेडकर पार्क से लेकर बाईपास तक राजनीतिक दलों के होर्डिंग उतारे। जेई संगीता कश्यप के नेतृत्व में टीम आंबेडकर चौराहे पर पहुंची। यहां राजनीतिक दलों के होर्डिंग-बैनरों को जेसीबी से हटवाया। दीवारों पर लिखे स्लोगन एवं पोस्टर आदि पुतवाए गए।

कार्यक्रम विधायक ने किया 15 करोड़ की 23 सड़कों के मरम्मत कार्यों का शिलान्यास

गांव की सड़कों को किया जा रहा है बेहतर : तरारा

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : विधायक राजीव तरारा ने विधानसभा क्षेत्र में 15.34 करोड़ रुपए से सड़कों के मरम्मत कार्यों का शिलान्यास किया।

शनिवार को नगर के एक बैंक्वेट हॉल में लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं का शिलान्यास करने पहुंचे विधायक ने बताया कि क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा 15.35 करोड़ रुपये से सड़कों की मरम्मत की जाएगी। उन्होंने बताया कि 1.57 करोड़ रुपए की लागत से जर्जर धनौरा-फीना मार्ग का मरम्मत कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने गांव चुचेला कला में अस्थाई गौशाला के कार्य का लोकार्पण भी किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा की डबल इंजन सरकार लगातार सड़कों का निर्माण कर रही है। गड्ढा मुक्त सड़कों से प्रदेश को गति देने का काम किया जा रहा है। कहा कि गजरौला में ट्रामा सेंटर बनाने का काम भी जल्द शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर एई विनोद कुमार, बीडीओ विजय सक्सेना, रोहित आर्य, सतवीर जाटव, कपिल अग्रवाल, महकपाल गुर्जर, निहार त्यागी, कमल अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल, प्रिंस चावला, सूरज अग्रवाल, सौरभ सैनी, राहुल चौहान, सम्राट, मोहित सैनी, नेपाल सिंह, कृपा गुर्जर आदि मौजूद रहे।

मंडी धनौरा में सड़कों का शिलान्यास करते विधायक राजीव तरारा। ● अमृत विचार

18 स्कूलों के नवीन भवनों का किया शिलान्यास

मंडी धनौरा, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव कुआंखेड़ा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के परिसर में परिषदीय विद्यालयों के नवीन भवन का शिलान्यास किया गया। मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व उनके सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने मुख्य अतिथि को बुके भेंट कर स्वागत किया। विधायक ने विकासखंड धनौरा के छह एवं विकास खंड गजरौला के 12 विद्यालयों के नवीन भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने सरकार द्वारा कराए जा रहे निर्माण एवं कायाकल्प के अंतर्गत कराए जा रहे सौंदर्यीकरण से विद्यालयों की सूरत बदलने की बात कही। संचालन एआरपी राजकुमार व पवन कुमार ने किया। इस अवसर पर राजकुमार, वीरेंद्र सिंह, देवराज सिंह आदि मौजूद रहे।

बिना प्रयोग किए थमाया 2770 रुपये का बिल

चौधरपुर, अमृत विचार : रसोई गैस का अधिक बिल आने से लोग पहले ही परेशान हैं। अब उन्हें गैस का प्रयोग किए बिना ही बिल थमाये जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है।

2022 को टोरंट गैस कंपनी ने गांव चौधरपुर में पीएनजी गैस कनेक्शन किए थे। गांव निवासी नसीम का कहना है कि 22 मई 2022 को उसने भी अपने घर पीएनजी कनेक्शन कराया था। कंपनी के कर्मचारियों ने घर का सर्वे करके पाइपलाइन व मीटर लगा दिया था। लेकिन उसने गैस का उपयोग नहीं किया। कंपनी के कर्मचारियों ने चार माह पूर्व उसके घर से पुराना मीटर उतार कर नया मीटर लगा दिया। उस समय उसके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई जब मीटर रीडर ने उसे 2770 रुपए का बिल थमा दिया। नसीम का कहना है कि पहले मीटर में रीडिंग शून्य थी। दूसरे मीटर में रीडिंग कहां से आ गई।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*"राष्ट्रीय स्तर" द्वारा प्रमाणित संस्था

एक नजर

पुलिस ने तीन शातिर गैंगस्टर में किए निरुद्ध

गुन्नौर अमृत विचार : चोरी, नकबजनी कर पुलिस की नाक में दम करने वाले तीन शातिरों पर शिकंजा कसते हुए गैंगस्टर में निरुद्ध किया गया है। कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि जुनावई थाना क्षेत्र के गांव धनीपुर निवासी दुर्वेश उर्फ धुरोज उर्फ करन अपने गांव के साथी आमोद उर्फ लुक्का और गांव बसीटा निवासी संजू उर्फ पिन्टा के साथ कोतवाली क्षेत्र में चोरी, नकबजनी की वारदातों में संलिप्त है। लोग इनसे डरते हैं इसलिए आमतौर पर लोग इनके खिलाफ शिकायत करने से बचते हैं। कोतवाल ने बताया कि गैंग लीडर दुर्वेश सहित तीनों को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध करने के लिए रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी थी। अनुमोदन के बाद आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

ग्राहक बुलाने को लेकर हुए विवाद में एक घायल

संभल/सरायतरीन, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला भाले भाज खां निवासी आबिद व उसका भाई वाहिद मुख्य बाजार में ठेले पर सब्जी बेचते हैं। शनिवार को सब्जी खरीदने आ रहे ग्राहक को आबिद आवाज देकर बुलाने लगा। इस का वाहिद ने विरोध किया। इसी को लेकर सगे भाइयों में गाली गलौज होने लगी। आरोप है कि मौके पर पहुंचे वाहिद के बेटे ने तराजू का पल्ला सिर में मारकर आबिद को घायल कर दिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने पिता पुत्र को हिरासत में ले लिया।

मेढ़ काटने के विवाद में दंपती सहित चार घायल

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भवानीपुर निवासी जयपाल का गांव के ही खेत पड़ोसी यूसुफ के साथ पिछले कई माह से जमीन का विवाद चल रहा था। आरोप है कि शनिवार को यूसुफ अपने बेटों के साथ जयपाल के खेत की मेढ़ काट रहा था। मेढ़ काटने का विरोध करने पर यूसुफ गाली गलौज करने लगा। बाद में विवाद इतना बढ़ गया कि यूसुफ ने अपने बेटों व अन्य परिजनों के साथ मिलकर लाठी डंडों से जयपाल के साथ मारपीट करने लगा। बचाने पहुंची पत्नी मुन्नी, भतीजा राहुल व बेटे आकाश को भी मारपीट कर घायल कर दिया। जिसके बाद जयपाल पत्नी, बेटे व भतीजे को लेकर कोतवाली पहुंचा और तहरीर देकर यूसुफ सहित अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

20 लाख की बीमा राशि के लिए कराई पति की हत्या

पुलिस ने पत्नी और प्रेमी सहित तीन लोगों को किया गिरफ्तार, घर से बुलाकर जंगल में की थी हत्या

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: कैलादेवी थाना पुलिस ने ग्रामीण की हत्या का राज खोल दिया है। पत्नी ने प्रेमी व जनसेवा केंद्र संचालक के साथ मिलकर 20 लाख की बीमा रकम हड़पने के लिए पति की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने पत्नी के साथ ही उसके प्रेमी व जनसेवा केंद्र संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लोहे की राड,खून से सनी शर्ट व वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद कर ली है।

मुबारिकपुर गांव निवासी रामनिवास का शव 13 मार्च की सुबह संभल गवां मार्ग पर सड़क किनारे पड़ा मिला था। वारदात को सड़क दुर्घटना साबित करने के लिए शव सड़क किनारे डाला गया था लेकिन शरीर के जख्मों से साफ हो रहा था कि रामनिवास की हत्या की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी तो चौंकाने वाला

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी व जानकारी देते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत। ● अमृत विचार

▸▸ **13 मार्च की सुबह संभल गवां मार्ग पर सड़क किनारे पड़ा मिला था रामनिवास का शव**

खुलासा हुआ। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि 20 लाख रुपये की बीमा रकम पाने के लिए पत्नी ने ही प्रेमी के साथ मिलकर रामनिवास की हत्या की साजिश रची थी। गांव निवासी राशन डीलर के भाई विजय सिंह के साथ रामनिवास की पत्नी राजवती के प्रेम संबंध थे। रामनिवास अक्सर बीमार रहता था। तीन महीने पहले राजवती और विजय सिंह ने गवां में जनसेवा केंद्र संचालक कमालपुर गांव निवासी रामकिशन को योजना में शामिल कर रामनिवास का 20 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा करा दिया।

योजना यह बनी थी कि रामनिवास की जान लेकर उसकी मौत को हादसा साबित कर बीमा रकम आपस में बांट ली जायेगी। इसके साथ ही राजवती और उसके प्रेमी विजय सिंह के मिलन की बाधा भी खत्म हो जायेगी।

सरिये के वार से हत्या कर हादसा साबित करने के लिए फेंक दिया शव

संभल, अमृत विचार : एसपी ने बताया कि योजना अनुसार 12 मार्च को रामनिवास को बाइक पर बैठाकर जनसेवा केंद्र संचालक रामकिशन नलकूप पर लेकर पहुंचा। यहां विजय सिंह ने धर्मेंद्र सहित अपने दो साथियों की मदद से लोहे की रॉड से वार कर रामनिवास की हत्या करने के बाद उसकी लाश संभल गवां मुख्य मार्ग के किनारे फेंक दी। पुलिस ने हत्या की साजिश रचने वाली रामनिवास की पत्नी राजवती के साथ ही उसके प्रेमी विजय सिंह व जनसेवा केंद्र संचालक रामकिशन को गिरफ्तार हत्या में प्रयुक्त लोहे की राड,बाइक व धर्मेंद्र की खून से सनी कमीज बरामद की है। खुलासा करने वाली टीम में कैला देवी थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, वरिष्ठ उप निरीक्षक हरेंद्र सिंह,दरोगा चंद्रशेखर ,सिपाही आकाश जुरैल,संजय पवार व शिवानी शामिल रहे।

लूट में शामिल चार बदमाश गिरफ्तार, जेवर, नकदी बरामद

संवाददाता,बहजोई

▸▸ **इन्हीं बदमाशों ने दो साल पहले भी नगर में लूट की घटना को दिया था अंजाम**

अमृत विचार: ग्रामीण के परिवार को बंधक बनाकर की गई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी, जेवर व अवैध शस्त्र बरामद किए हैं। इन्हीं बदमाशों ने दो साल पहले भी लूट घटना की थी।

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि 8 मार्च की रात्रि को अज्ञात बदमाशों ने ग्रामीण सत्येंद्र राघव के यहां उसकी पत्नी, बेटा व बेटी को तमंचे की नोक पर बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने अन्य लूट की घटना की योजना बनाते घटना में शामिल बदमाश धर्मपाल पुत्र रामगुलाम निवासी मोहल्ला कमल विहार भवानीपुर कोतवाली चंदौसी, सानू उर्फ राइन पुत्र साबिर निवासी गांव पाठकपुर कोतवाली बहजोई, अब्दुल रहमान उर्फ दुल्ला पुत्र इकरार निवासी बाबरपुर थाना चांदपुर जनपद बिजनौर, सौरभ उर्फ सिंभा पुत्र छोटेलाल निवासी मोहल्ला संजय नगर सरकारी स्कूल के पास में जनपद मेरठ थाना सिविल लाइंस को गिरफ्तार कर लिया। जबकि मास्टर माइंड चांद बाबू मौके से फरार हो गया। इनके पास से 10 हजार की नगदी, एक एलइडी, सोने चांदी के जेवर, घटना में शामिल बाइक, तीन तमंचे बरामद किए हैं।

एसपी ने बताया कि 2 वर्ष पहले बहजोई के गोलागंज निवासी प्रदीप आर्य के यहां पर लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इन बदमाशों को पहचान गया। गिरफ्तार किए गए बदमाशों ने घटना को अंजाम देना कबूल किया है।

एसपी ने बताया कि सर्विलांस प्रभारी रामवीर सिंह, दरोगा दीपक राणा एसओजी टीम, दरोगा अमित कुमार थाना बहजोई, प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र पवार, निरीक्षक अपराध पुष्पेंद्र सिंह की टीम को खुलासा करने पर 20 हजार के इनाम की घोषणा की है।

वीडियो लाइक और शेयर करने का झांसा देकर ठगे 1.59 लाख

संवाददाता, गुन्नौर

धोखाधड़ी

▸▸ **पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक संभल से शिकायत की**

▸▸ **पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की**

अमृत विचार : टेलीग्राम पर वीडियो लाइक और शेयर करके कमाई का झांसा देकर 1.59 लाख रुपये की साइबर ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

कस्बा के मुहल्ला अस्पताल निवासी भगवानदास पुत्र सियाराम ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें कहा कि पिछले वर्ष 25 मई को टेलीग्राम एप पर लाइक और शेयर करने के बहाने से साइबर ठग ने उससे 1,59000 रुपये की ठगी कर ली।

कहा कि ठग ने टेलीग्राम एप पर वीडियो लाइक और शेयर करने पर कमाई का लालच दिया तो भगवानदास उसके झांसे में आ गया। भगवानदास वीडियो को लाइक एवं शेयर करने लगा। एक दिन ठग ने उसे टेलीग्राम मैसेज कर बताया कि वह काफी रकम जीत चुका है। जीती गई रकम उसके बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करनी है तो भगवानदास ने ठग के बताए अनुसार स्टेट बैंक आफ इंडिया के बैंक खाते की डिटेल दे दी। पीड़ित के अनुसार, जिसके बाद उसके खाते से तीन चार बार में 1,59000 की रकम उड़ा दी गई। भगवानदास ने ठगी का अहसास होने पर पुलिस अधीक्षक संभल से शिकायत की। तब साइबर टीम सक्रिय हो गई। जिन दो बैंक खातों में रकम ट्रांसफर हुई वह सीज कराए गए। अब पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

वृद्धा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पुत्रवधू ने हत्या की आशंका जताई

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र में चार महीने से बेटी के घर रह रही वृद्धा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुत्रवधू ने वृद्धा की हत्या की आशंका जताई इसलिए पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव देऊपुरा निवासी कस्तूरी (80 वर्ष) पत्नी डम्बर सिंह कैला देवी थाना क्षेत्र के रुदायन गांव में बड़ी बेटी भूरी देवी के यहां पिछले चार महीने से रह रही थी। उसके पति और बेटे की छह साल पहले ही मौत हो चुकी है। कस्तूरी के नाम पर साढ़े तीन बीघा भूमि थी।

कस्तूरी के दामाद धर्मपाल ने तीन महीने पहले कस्तूरी से भूमि

वृद्धा की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

▸▸ **चार महीने से बेटी के यहां रह रही थी महिला, दामाद ने अपने नाम करा ली थी साढ़े तीन बीघा जमीन**

अपने नाम करा ली थी। शुक्रवार को देर शाम कस्तूरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने कस्तूरी की मौत की सूचना गांव देऊपुरा में उसकी पुत्रवधू श्रीवती को दी। श्रीवती ने गांव रुदायन पहुंचकर साढ़े तीन बीघा भूमि को लेकर कस्तूरी की हत्या करने की आशंका जताई और पुलिस बुला ली। पुलिस का कहना रहा कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

एमएसपी गारंटी कानून समेत कई मांगें उठाई

संभल अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली की बैठक गांव बराही में डॉ. मोहम्मद सलीम के आवास पर हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने एमएसपी गारंटी कानून, संपूर्ण कर्जमाफी, विद्युत संशोधन बिल वापसी, स्वामीनाथन रिपोर्ट के आधार पर किसानों की फसलों के भाव आदि की मांग उठाईं। कहा कि मांगें पूरी होने पर किसानों को राहत मिल सकती है। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए तमाम किसानों को भाकियू असली की सदस्यता दिलाई गई। इस दौरान डॉ.मोहम्मद सलीम, सैन अली, तसलीम सैफी, अतर सिंह, डॉ. दिलावर सिंह, नेत्रपाल सिंह, भूरे चौधरी, इंतजार, यासीन सैफी, मुस्लिम सलमानी, हाफिज अब्दुल अली, करीम सैफी, अकरम खान आदि रहे। अध्यक्षता अब्दुल आलिम ने तथा संचालन प्रेम सिंह यादव एडवोकेट ने किया।

रैली निकालकर मतदान के प्रति किया जागरूक

संभल/असमोली, अमृत विचार : असमोली क्षेत्र के गांव दुगावर में स्थित सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं और ग्रामीण मानव विकास समिति के कार्यकर्ताओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। जिसमें मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। मतदान जागरुकता रैली स्कूल से शुरू होकर असमोली लोधीपुर मार्ग पर होते हुए शिव मंदिर, मुहल्ला खेड़ा, सनी बस्ती, नरेश टेंट हाउस, समाधि बाबा के सामने से निकली। जिसमें लोगों को वोट डालने के प्रति जागरूक किया गया। मतदान करने के फायदे भी बताए। छात्र-छात्राओं ने नारे लगाकर वोट प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। लोकतंत्र का करें सम्मान, परिवार समेत करें मतदान, मेरा वोट मेरा भविष्य, चाहें नर हो या नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारी, जन-जन का है यह नारा मतदान अधिकार हमारा आदि नारे लगाए। रैली का समापन स्कूल पर हुआ। इस दौरान प्रधानाचार्या शिमला ग्राफी, उप प्रधानाचार्य रतिकांत, मनोज कुमार, रानी, आईटीआई के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार गुप्ता, जयनारायण जैना आदि मौजूद रहे।

गेटवे के बाहर भुगतान पर सचिव को किया निलंबित

बहजोई, अमृत विचार : पंचायत सचिवालय से कम्प्यूटर बाहर ले जाकर भुगतान करने के मामले में डीपीआरओ ने कड़ा रुख अपनाया है। गुन्नौर विकासखंड की ग्राम पंचायत मुडैना के पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसकी अंतिम जांच कराए जाने को कमेटी बनाई गई है। गन्नौर विकासखंड की ग्राम पंचायत मुडैना के ग्राम पंचायत सचिवालय में भुगतान तथा अन्य कार्य को रखे कम्प्यूटर को पंचायत सचिव द्वारा सचिवालय से बाहर ले जाकर भुगतान करने की डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडे को शिकायत मिली थी। जांच कराई तो पंचायत सचिवालय में कम्प्यूटर गायब मिला। जबकि उसी दिन पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा भुगतान कराया गया था। जिसको लेकर डीपीआरओ ने जांच रिपोर्ट आने के बाद इसमें पंचायत सचिव कपिल दयाल को दोषी पाया। कड़ा रुख अपनाते हुए पंचायत सचिव कपिल दयाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। विस्तार से जांच के लिए डीपीआरओ ने कमेटी गठित की है। डीपीआर उपेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि गेटवे के बाहर पंचायत से भुगतान कराया गया था। पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया है।

ट्रैक्टर की टक्कर से एंबुलेंस क्षतिग्रस्त, चालक घायल

गुन्नौर अमृत विचार : चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की एंबुलेंस 108 शनिवार को रात मरीज को छोड़ कर लौट रही थी। रात करीब साढ़े आठ बजे गांव दौलतपुर पुलिया के आगे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एंबुलेंस को टक्कर मार दी। हादसे में एंबुलेंस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जबकि चालक योगेंद्र घायल हुआ। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलसी किशोरी

गुन्नौर अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में आबादी में होकर गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर किशोरी झुलस गई। किशोरी को सीएचसी में भर्ती कराया गया।जुनावई बिजलीघर से हाइटेंशन लाइन गांव जाफरपुर होकर गुजर रही है। शनिवार को जाफरपुर निवासी नीतू पुत्री इंद्रपाल घर की छत पर लोहे के जाल पर कपड़े सुखाने के लिए गई। तभी बराबर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से नीतू दूर जाकर गिरी। कुछ देर बाद मां प्रवेश छत पर पहुंची तो नीतू बेहोश पड़ी थी। परिजनों ने झुलसी नीतू को सीएचसी गुन्नौर में भर्ती कराया।

छात्र छात्राओं को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

संभल/सिरसी, अमृत विचार : नगर पंचायत सिरसी के मेमोरियल नगर पंचायत इंटर कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई संभल की ओर से सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को शिविर के चौथे दिन प्रथम सत्र में स्वच्छता व स्वास्थ्य विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बताया कि गांव में अधिकतर बच्चे के कुपोषण का शिकार होते हैं। जिससे गांव में अनेक बीमारियां पनपती रहती है। इसलिए हमें अपने खानपान पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। शिविर के द्वितीय सत्र में सड़क सुरक्षा विषय पर गोष्ठी में यातायात प्रभारी अनुज कुमार मलिक ने छात्र छात्राओं को वाहन चलाने के नियमों के बारे में जानकारी दी।

आचार संहिता लागू, उतारने लगे होर्डिंग, बैनर

संवाददाता,संभल/बहजोई

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हुई तो जनपद में पुलिस प्रशासन अचानक सक्रिय हो गया। जनपद की नगर नगर पालिका व नगर पंचायतों में टीमों ने राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर हटाने का काम किया। डीएम एसपी ने भी भ्रमण कर राजनीतिक सामग्री हटाने के अभियान का जायजा लिया।

शनिवार को दोपहर बाद जैसे ही चुनाव आयोग ने आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू करने का ऐलान किया वैसे ही प्रशासन हरकत में आ गया। बहजोई में जिलाधिकारी मनीष बंसल व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह नगर पालिका की टीम के साथ सड़कों पर उतरे। बहजोई के इस्लामनगर चौराहे पर राजनीतिक दलों की फ्लेक्सी तथा प्रचार सामग्री देख अधिशासी अधिकारी भूपराम सिंह को फटकार लगाई। वहीं 24 में राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री को हटाने के निर्देश दिए।

संभल में अधिकारियों ने मुख्य मार्गों पर लगी राजनीतिक दलों की सामग्री को उतरवाने के साथ ही यात्री शेड के ऊपरी हिस्से को पॉलीथिन से ढकवाया। संभल में एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, सीओ अनुज कुमार चौधरी और ईओ नगर पालिका आनंद कुमार कटारिया की मौजूदगी में अभियान चला। मुरादाबाद मार्ग पर एकता विहार कालोनी के पास, चंदौसी चौराहा, चौधरी सराय चौराहा, तिवारी सराय में लगे होर्डिंग, बैनर उतरवाकर ट्रैक्टर ट्राली में रखवा दिए गए।

संभल में सांसद निधि से बने यात्री शेड को पॉलीथिन से ढकते पालिका कर्मी।

उतरवाए राजनीतिक होर्डिंग्स व फ्लैक्सी

चन्दौसी, अमृत विचार : आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन हरकत में आ गया और सड़कों व दीवारों पर लगी राजनीतिक फ्लैक्सी, होर्डिंग्स, बैनर, झंडे उतारने का कार्य शुरू करा दिया। मौके पर एसडीएम व नगर पालिका का स्टाफ मौजूद रहा। शनिवार की शाम को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद आचार संहिता लग गई। जिसके बाद प्रशासन ने शहर में कई स्थानों पर लगे होल्डिंग, बैनर आदि उतरवाने का कार्य किया।

दुष्कर्म के आरोपी कथित पत्रकार को किया गिरफ्तार

संभल/असमोली, अमृत विचार: असमोली थाना क्षेत्र में युवती से दुष्कर्म करने के आरोपी कथित पत्रकार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

मुरादाबाद निवासी युवती ने कथित पत्रकार पर दुष्कर्म करने के साथ ही वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव बेटला निवासी दुष्कर्म का आरोपी कथित पत्रकार कपिल ठाकुर शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के गांव सैंधरी तिराहे के पास खड़ा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कपिल को गिरफ्तार कर लिया। कपिल ठाकुर पर आरोप है कि वह कवरेज करने जाने के बहाने 12 मार्च को कार में बैठाकर युवती को अपने साथ ले गया था। मिठाई खिलाकर बेहोश करने के बाद कपिल ठाकुर ने युवती के साथ दुष्कर्म किया।

कार व ई रिक्शा की टक्कर में महिला समेत 4 लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में मनोटा-रतनपुर कला मार्ग पर वैगनआर कार और ई रिक्शा की टक्कर हो गई। जिसमें ई रिक्शा सवार महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गांव मुबारकपुर बंद निवासी छुन्नू हाजी पोती निशा खातून को उसकी ससुराल ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव नहरौली से लेकर लौट रहे थे। वह मनोटा से ई रिक्शा में सवार होकर गांव मतावली पट्टी जग्गू के तिराहे के पास पहुंचे तो हीरापुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार वैगनआर कार से आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिससे ई रिक्शा सड़क पर पलट गया। आसपास के लोगों ने ई रिक्शा के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में ई रिक्शा सवार निशा खातून, छुन्नू हाजी, गांव ओबरी निवासी नबी हसन और ई रिक्शा चालक मोहम्मद आरिफ गंभीर रूप से घायल हो गए।

दो बाइक टकराने से छह लोग घायल

बहजोई, अमृत विचार : मिट्टी से भरे डंपर से बचने के प्रयास में दो बाइक आमने-सामने टकरा गईं। जिन पर सवार 6 लोग घायल हो गए। इस्लामनगर निवासी राहुल, छवि पत्नी डीसी भटनागर निवासी विजयनगर गाजियाबाद इस्लामनगर की ओर से बहजोई आ रहे थे। दूसरी बाइक पर ममता पत्नी भूपेंद्र निवासी मानकपुर थाना धनारी, कृष्ण पत्नी मोतीलाल, साक्षी पुत्री सतवीर, मोतीलाल पुत्र कृष्णपाल बाइक से जा रहे थे। नाधोश के पास दोनों की बाइक टकरा गईं। दोनों बाइकों पर सवार छह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

महिलाओं ने खेली फूलों की होली, नृत्य किया

बहजोई, अमृत विचार: अखिल भारतीय वार्ष्णेय वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़ी महिलाओं ने होली का त्योहार धूमधाम से मनाया। जहां एक और होली के गीतों पर जमकर नृत्य करते हुए धमाल मचाया तो वहीं दूसरी ओर राधा कृष्ण के स्वरूपों के साथ फूलों की जमकर होली खेली।

कार्यक्रम का शुभारंभ मीरा वार्ष्णेय डॉ. रश्मि वार्ष्णेय, नूतन वार्ष्णेय, उमा वार्ष्णेय, शीतल वार्ष्णेय, नैना वार्ष्णेय ने गणेश जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रश्मि वार्ष्णेय ने कहा कि होली ऐसा त्योहार है कि दुश्मन भी गले मिल जाते हैं। इस दौरान अंजू श्रोत्रिय, डोली वार्ष्णेय, क्षमा वार्ष्णेय, अनुराधा वार्ष्णेय, कनक वार्ष्णेय, चायना वार्ष्णेय, शैलेश, राधा, सुनैना वार्ष्णेय, रूबी वार्ष्णेय, माधवी वार्ष्णेय, आदि रहे।

गाली गलौज में गिरफ्तार

संभल/सरायतरीन, अमृत विचार : सरायतरीन के मुहल्ला कछयावान निवासी मुदस्सिर शनिवार को मुहल्ला झाली जामन निवासी दानिश की पत्नी बुशरा के साथ किसी बात को लेकर गाली गलौज कर रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची और मुदस्सिर को गिरफ्तार कर लिया।

प्रचार समाजवादी पार्टी के नेता ने धनारी व रजपुरा क्षेत्र में किया भ्रमण

शिवपाल ने श्री हरिबाबा के आगे टेका माथा, मांगी मनौती

संवाददाता, बबराला/रजपुरा/धनारी

अमृत विचार : बदायूं लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी एवं पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने श्री हरिबाबा धाम पर बाबा के आगे माथा टेक कर जीत के लिए मनौती मांगी। वहीं उन्होंने धनारी व रजपुरा क्षेत्र में भ्रमण किया।

गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन शनिवार को प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव श्री हरिबाबा बांध धाम पहुंचे और मंदिर में श्री हरिबाबा की विधिवत पूजा अर्चना की। शिवपाल सिंह यादव ने गांव बहट रसूलपुर में जनसंवाद करते हुए भाजपा सरकार को झूठों की सरकार बताया। कहा कि सरकार जनता के हित में कुछ नहीं कर रही है। अब हम आ गए हैं, जनता के हित को ध्यान में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र यादव को बेईमानी कर चुनाव में हरा दिया। तब हम अलग थे। उन्होंने गांव कैल में भी जनसंवाद किया। इस दौरान विधायक राम खिलाड़ी यादव, सपा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अमित यादव समेत तमाम सपाई रहे।

हरिबाबा धाम आश्रम पर पूजा करते सपा नेता शिवपाल सिंह यादव। ● अमृत विचार

नौ कुंडीय महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां

संभल/रजपुरा अमृत विचार : रजपुरा क्षेत्र के गांव पाठकपुर में शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महायज्ञ में आहुतियां दी। हरिद्वार से आए यज्ञाचार्य ने वेद मंत्रों के साथ महायज्ञ में आहुतियां दिलवाईं। महायज्ञ में दो पारियों में श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की गई। भजन कीर्तन, प्रवचन, सृजन संकल्प, दीप महायज्ञ से माहौल भक्तिमय बना रहा। इस दौरान प्रेमपाल सिंह, , शिवानी शर्मा, चरनपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

धनारी में भी स्वागत

धनारी, अमृत विचार : सपा प्रत्याशी बनने के बाद शिवपाल यादव शनिवार को भकरौली उधरनपुर धनारी बस स्टैंड पर पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

एक नजर

ई रिक्शा ने बाइक में टक्कर मारी, महिला घायल

संभल,अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव शाकिन शोभापुर निवासी सूरज शनिवार को अपने छोटे भाई जगतवीर व उसकी पत्नी राजेश्वरी के साथ बाइक से बहजोई मार्ग पर जा रहा था। संभल बहजोई मार्ग पर गांव पंवासा में स्थित बहजोई थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी के पास ई रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी। तीनों बाइक सहित सड़क पर गिर गए। जिसमें राजेश्वरी घायल हो गई ।

एसपी को शिकायती पत्र देकर समाधान की मांग की

चन्दौसी, अमृत विचार : अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह चौहान ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया है कि बनियाठेर थाना क्षेत्र में तैनात दरोगा शिकायतों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। गांव भैतरी में अराजक तत्वों द्वारा पिछले कई वर्षों से जुआ कराया जाता है। जिसकी शिकायत पर आरोपी को पकड़ा नहीं जा रहा रहा है। आरोप है कि कोई पुलिस से शिकायत करता है तो उल्टे पुलिस शिकायतकर्ता को धमकाती है और शिकायत वापस लेने को कहती है।

धमकियों से परेशान होकर हॉकर ने कनपटी पर गोली मारकर दे दी जान

बेटी ने दर्ज कराई आत्महत्या के लिए मजबूर करने के लिए नामजद रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: नखासा थाना क्षेत्र में धमकियों से परेशान समाचार पत्र के हॉकर ने शुक्रवार की रात कमरे में तमंचे से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बेटी की तहरीर पर पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के गांव ठिलूपुरा निवासी 45 वर्षीय सतीश कुमार अखबार बांटकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद साढ़े नौ बजे सतीश कुमार की पत्नी ममता बेटी स्वाति, शिवानी, शिवांगी और बेटे सुबोध के साथ छत पर बने कमरे में सोने चली गई। जबकि सतीश कुमार मकान में नीचे बने अपने कमरे में सोने के लिए आ गया। परिजनों के अनुसार थोड़ी देर बाद सतीश कुमार के कमरे से गोली की आवाज सुनाई दी। इस पर ममता बेटियों सहित दौड़कर नीचे आ गई। देखा तो घर का मुख्य दरवाजा खुला था और कमरे में सतीश खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा था। पति की मौत होने से पत्नी व बेटियों की चीख निकल गई। चीख पुकार को सुनकर अन्य परिजन व आसपास के लोग भी इकठ्ठा हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची । शनिवार को थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक सतीश कुमार की बेटी की तहरीर के आधार पर गांव कुरकावली निवासी ओमकार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

हॉकर की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

बेटी ने कहा, रास्ते में रोक कर धमकी दी जा रही थी

संभल,अमृत विचार : गांव ठिलूपुरा निवासी मृतक सतीश कुमार की बेटी स्वाति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कई माह पहले नखासा थाना क्षेत्र के गांव कुरकावली निवासी ओमकार से सतीश कुमार का विवाद हो गया था। ओमकार ने सतीश के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें पुलिस ने सतीश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कुछ दिन पहले ही पिता सतीश कुमार जमानत पर छूटकर घर आये थे। स्वाति का आरोप है कि अखबार बांटने जाते समय सतीश कुमार को रास्ते में रोककर ओमकार आए दिन जान से मारने की धमकी दे रहा था। जिससे तनाव में आकर तमंचे से गोली मारकर सतीश कुमार ने आत्महत्या कर ली।

विवाद में दो समुदायों में मारपीट, 8 लोग घायल

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद के चलते दो समुदायों के लोगों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें पांच महिलाओं समेत आठ लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायलों का सीएचसी में चिकित्सीय परीक्षण कराया।

थाना क्षेत्र के गांव शाहजहांनाबाद निवासी तेजपाल और शाकिर के बीच जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चला आ रहा है। शनिवार को दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष से नीतू पुत्री तेजपाल, तेजपाल पुत्र हप्पू, बबलू पुत्र तेजपाल, सोनू पुत्र कुंवरपाल तथा दूसरे पक्ष से गुलसावी पत्नी शाकिर, खातून पत्नी वाजिद, समीना पत्नी कासिम, नगमा पत्नी अलमास घायल हो गए। दोनों पक्षों ने रजपुरा थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि दो पक्षों में जमीन को लेकर विवाद हुआ है। दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

सार-संक्षेप

छह दंपती ने खत्म किया अपना पारिवारिक विवाद

बहजोई,अमृत विचार : पुलिस लाइन सभागार में आयोजित पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र पर 6 दंपती ने समझौते के आधार पर अपना विवाद समाप्त कर दिया। 57 पत्रावली सुनकर 16 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। 2 पत्रावली में विधिक कार्रवाई करने की संस्तुति की गई। 8 पत्रावली आवेदक द्वारा बल न देने व न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण बंद की गई। इस दौरान महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद, काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लव मोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, सीमा आर्य, श्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा आदि ने सहयोग किया।

पुलिस ने चार जुआरी पकड़े, ताश व नकदी बरामद

गुन्नौर अमृत विचार : पुलिस ने कब्रिस्तान के पास चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से ताश के पत्ते और 2700 रुपये की नकदी बरामद हुई है।

कस्बा चौकी इंचार्ज सतेंद्र चौहान ने बताया कि पकड़े गए आरोपी मुहल्ला जनता स्कूल निवासी कजरूदीन, मुहल्ला मासूम अली निवासी रहमान, मुहल्ला शेखान निवासी जीशान और गांव दौलत पुर निवासी शंकर हैं।

छात्राओं को मतदान प्रक्रिया से कराया अवगत

चन्दौसी, अमृत विचार : एनकेबीएमजी कॉलेज में मतदान अभियान जागरुकता समिति की ओर से मतदाता जागरुकता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम बार वोट डालने वाली छात्राओं को मतदान केंद्र पर किस प्रकार अपने मत का प्रयोग किया जाता है, की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डा. अलका रानी अग्रवाल ने किया। कार्यशाला में मतदान केंद्र का दृश्य प्रस्तुत किया गया। जिसमें मतदान अधिकारी स्वाति, सृष्टि, चांदनी व राधा ने पहली बार देश के लिए मतदान करने वाली युवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया से परिचित कराया। जिसमें छात्राओं ने ईवीएम के मॉडल का बटन दबाकर वोट भी डाला। प्रोफेसर संगीता गोयल ने कहा कि अपने मत का प्रयोग सोच समझकर योग्य उम्मीदवार के पक्ष में करना चाहिए। प्राचार्य डॉ. अलका रानी अग्रवाल ने 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाली छात्राओं को आगामी आम चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए कहा।

गर्भवतियों की गोद भराई करते अधिकारी। ● अमृत विचार

गर्भवतियों की गोदभराई और बच्चों का कराया अन्नप्राशन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: बाल विकास विभाग की ओर से पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत पोषण गोष्ठी, प्रदर्शनी व रंगोली का आयोजन विकास खंड बनियाखेड़ा के सभागार में किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी रचना देवी यादव ने बताया कि पोषण पखवाड़ा का आयोजन 23 मार्च तक किया जाएगा । जिसमें नौ से 13 मार्च तक पोषण व पढ़ाई, 14 से 18 मार्च तक दृष्टिगत जनजातीय, पारंपरिक व क्षेत्रीय आहार पद्धतियों के उपयोग केंद्रित संवेदीकरण, 19 से 23 मार्च तक गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य व शिशु व छोटे बच्चों का आहार कार्यक्रम चल रहा है। कार्यक्रम के दौरान आठ गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म अदा कराई गई। इसके अलावा छह माह पूर्ण कर चुके पांच बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया।

शिक्षा राज्यमंत्री ने किया ओवरब्रिज का शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने मंडी समिति स्थित रेलवे फटक पर बनने वाले ओवरब्रिज का शिलान्यास किया। मंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास कार्यों की गंगा बह रही हैं। जनपद में स्टेडियम, आयुर्वेदिक अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, कन्या महाविद्यालय आदि की स्थापना भी कराई जाएगी।

मंत्री ने शनिवार की दोपहर बहजोई रोड स्थित सीओ कार्यालय के पास कार्यक्रम के दौरान विधि विधान व वेद मंत्रोच्चारण के साथ मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर बनने वाले ओवरब्रिज का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में कहा कि उनके लिए भाजपा का कार्यकर्ता बहुत अहमियत रखता है। क्योंकि उनकी एक आवाज पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता खड़े हो जाते हैं। कहा कि रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनवाने की मांग शहरवासियों की काफी पुरानी है। इसलिए उन्होंने खुद मुख्यमंत्री से आग्रह करके ओवरब्रिज का प्रस्ताव पास कराया था। बताया कि इसके अलावा विधान सभा में गांव भरतरा में 673 बीघा भूमि पर युवाओं के लिए स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। जिसके लिए शासन से 19 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। कहा कि पहले मेडिकल कॉलेज जनपद के सिरसी में बन रहा था। मगर उनके प्रयास से अब मेडिकल कॉलेज चन्दौसी-संभल मार्ग स्थित गांव भवानीपुर में बनेगा। जनपद में कन्या महाविद्यालय की मांग भी काफी पुरानी है। जिसके लिए गांव देवापुर में 100 बीघा भूमि स्वीकृत कर निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया गया। गांव खेतापुर में आयुर्वेदिक अस्पताल का निर्माण भी कराया जा रहा है। शीघ्र ही पॉवर हाउस की खाली भूमि पर रोडवेज डिपो का निर्माण का कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जनपद वासियों के लिए बहुत कुछ दिया है। अब समय आया है कि हमको भी उनके लिए कुछ करना है।

इस दौरान नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, अश्वनी सक्सेना, लोकसभा प्रत्याशी पुत्र जयप्रकाश सैनी, राज्यमंत्री के पति रामपाल सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष पंकज शर्मा, हरवेश राघव, डॉ. टीएस पाल, अरविंद गुप्ता, हरिगोपाल, विनय सर्राफ, डॉ. अमित वार्ष्णेय, संजय बंसल, मनोज कठेरिया आदि मौजूद रहे।

शिलान्यास से पूर्व पूजा करतीं राज्यमंत्री गुलाब देवी। ● अमृत विचार

▸▸ कहा, मुख्यमंत्री ने जिले को बहुत कुछ दिया, अब जनता की बारी

मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त करते युवा व्यापारी। ● अमृत विचार

ओवरब्रिज के शिलान्यास पर युवा व्यापारियों ने बांटी मिठाई

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर के फाटक 36 बी ओवरब्रिज के शिलान्यास को लेकर नगर में खुशी का माहौल है। अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने मिठाई बांट कर खुशी जताई। शनिवार को बहजोई रोड स्थित फाटक 36 बी पर व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय के नेतृत्व में व्यापारी पहुंचे। जहां उन्होंने अपनी खुशी व्यक्त करते मुख्यमंत्री व राज्यमंत्री का आभार जताया। अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने बताया कि उनका संगठन 10 वर्षो से ओवरब्रिज निर्माण की मांग कर रहा था। समय-समय पर उच्च अधिकारियों को ज्ञापन व अनशन के माध्यम से उक्त समस्या का मुद्दा उठाया था। मुख्यमंत्री को भी अपने खून से पत्र लिखकर इस गंभीर समस्या के बारे में अवगत कराया था।

अवैध बंदूक के साथ एक गिरफ्तार

संभल/असमोली, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव हरसिंहपुर निवासी कामिल शनिवार को अवैध बंदूक के साथ थाना क्षेत्र के गांव सफातनगर चौराहे के पास अपने गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बंदूक के कागजात मांगे, लेकिन कामिल बंदूक के कागजात नहीं दिखा सका। जिसके बाद पुलिस ने बंदूक कब्जे में लेकर कामिल को गिरफ्तार कर लिया।

स्वीप योजना के तहत ग्रहण कराई शपथ

चन्दौसी, अमृत विचार : चन्दौसी इंटर कॉलेज में स्वीप योजना के तहत मतदाता साक्षरता को वर्कशाप का आयोजन किया गया। जिसमें चन्दौसी विधान सभा क्षेत्र से जुड़े विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। चन्दौसी इंटर कॉलेज में संपन्न हुए मतदाता साक्षरता वर्कशाप में विधान सभा क्षेत्र के चन्दौसी इंटर कॉलेज, मनोकामना इंटर कॉलेज, बीएमजी इंटर कॉलेज, एसएम इंटर कॉलेज, श्री अक्रूरजी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, नानक चंद्र आदर्श इंटर कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में शामिल रहे। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने-अपने विचार रखे। अंत में मौजूद लोगों को स्वीप की शपथ ग्रहण कराई गई। इस दौरान रामकिशोर वार्ष्णेय, चंद्रकांत, धर्मेंद्र कुमार मौर्य, अंकित मौर्य, अमित शर्मा, पूनम देवी, श्रुति वार्ष्णेय, कार्यवाहक प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

गुन्नौर में आईं 72 में से दो शिकायतों का समाधान

गुन्नौर अमृत विचार : तहसील सभागार में एसडीएम रमेश बाबू की अध्यक्षता में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में 72 शिकायतों में से सिर्फ दो का समाधान हुआ। समाधान दिवस में सबसे ज्यादा राजस्व विभाग की 41 शिकायतें आईं। पूर्ति विभाग की 12, चकबंदी 9, पुलिस की 6, ग्राम्य विकास विभाग की 2, विद्युत विभाग की 2 और अन्य की 2 शिकायतें दर्ज हुईं। राजस्व विभाग की दो शिकायतों का मौके पर समाधान करा दिया गया। इस दौरान अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

राशन वितरण में हो आ रही समस्या, राशन डीलर परेशान

चन्दौसी, अमृत विचार : राशन वितरण में सर्वर की समस्या के कारण राशन वितरण में आने वाली परेशानी को लेकर राशन डीलरों ने सोसाइटी में प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि ईपीओएस मशीन में प्रतिदिन सर्वर की समस्या आ रही है, जिस कारण वितरण करना संभव नहीं हो पा रहा है। विक्रेता सुबह से शाम तक बैठने के उपरांत मात्र 10 से 15 कार्ड धारकों को ही दे पा रहा है। जिससे विक्रेता पर खाद्यान्न तौलने वाले की मजदूरी का व्यय निरंतर बढ़ता जा रहा है। सर्वर की समस्या के कारण राशन दुकानों पर विक्रेता व कार्ड धारकों के बीच विवाद हो रहे हैं। जिससे राशन विक्रेता मानसिक रूप से परेशान हैं। सभी मशीनों में सिम कार्ड एक्टिवेट नहीं है, जिससे विक्रेता को वाई-फाई के माध्यम से मशीन चलानी पड़ रही है। जिससे विक्रेता के मोबाइल का नेट तीन से चार घंटे में खत्म हो जाता है। राशन विक्रेताओं ने कहा कि अगर शीघ्र ही सुधार नहीं किया गया तो वह अपने आत्म सम्मान के लिए सभी विक्रेता सामूहिक रूप से वितरण कार्य का बहिष्कार करने को बाध्य होंगे।

जेवर व नकदी चोरी कर ले गए, दी तहरीर

चन्दौसी, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर में चोरों ने जेवर व नकदी साफ कर दी। पीड़ित ने दो नामजद लोगों के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है।

गांव रामनगर निवासी कुंवर पाल पुत्र ओमप्रकाश अपने परिवार के साथ रहता है। शुक्रवार की रात कुंवर पाल अपने परिवार के साथ एक कमरे में सोया हुआ था। शनिवार की सुबह साढ़े चार बजे दूसरे कमरे से कुछ आहट हुई तो उसकी पत्नी ने जाकर देखा कि तो कमरे से दो युवक भागते दिखाई दिए। शोर मचाने पर कुंवर पाल भी आ गया और भागने वाले युवकों को पहचान लिया। कमरे में जाकर देखा तो सेफ अलमारी खुली हुई थी और उसमें से एक मंगलसूत्र, चांदी की एक जोड़ी पाजेब, एक मोबाइल, 22 हजार रुपये की नकदी गायब थी। बताया कि एक वर्ष पहले भी उनके घर में चोरी की वारदात हो चुकी है।

56 में से सिर्फ तीन शिकायतों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की 56 शिकायतें दर्ज हुईं, इसमें सर्वाधिक 35 शिकायतें राजस्व विभाग की आईं। अधिकारी मौके पर सिर्फ तीन शिकायतों का समाधान कर पाए। शेष शिकायतें संबंधित विभागों को सौंप दी गईं।

नई तहसील सभागार में एसडीएम विनय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। शुरूआत से ही फरियादियों की संख्या अच्छी रही। फरियादी शिकायती पत्र देकर अधिकारियों से न्याय दिलाने की गुहार लगाते रहे। असमोली क्षेत्र के गांव शाहपुर डसर के ग्रामीणों ने खतौनी में अंश निर्धारण गलत होने की शिकायत अधिकारियों से की। एसडीएम ने क्षेत्रीय लेखपाल से कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए फटकार लगाई। सात दिन में अंशों का निर्धारित सही किए जाने के निर्देश दिए। दोपहर के वक्त भी फरियादियों से सभागार भरा रहा। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 35, पुलिस विभाग की 4, विकास विभाग की 3, खाद्य एवं रसद विभाग की 3, समाज कल्याण विभाग की 2, अन्य विभागों की 9 शिकायतें दर्ज हुईं। राजस्व विभाग की तीन शिकायतों का मौके पर समाधान करते हुए अन्य शिकायतें संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंप दी गईं। इस दौरान तहसीलदार रवि सोनकर, नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर आदि मौजूद रहे।

समाधान दिवस में शिकायत सुनते डीएम मनीष बंसल व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत।

डीएम, एसपी ने सुनी शिकायतें, मात्र तीन का निस्तारण

चन्दौसी, अमृत विचार : तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। समाधान दिवस में 64 शिकायतें आई, मौके पर राजस्व विभाग की तीन शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। राजस्व विभाग की 25, पुलिस की 12, चकबंदी की 4, विकास विभाग की 10, खाद्य एवं रसद विभाग की दो तथा अन्य विभागों की 11 शिकायतें आईं। जिसमें राजस्व विभाग की तीन शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। इस अवसर सीडीओ भरत कुमार मिश्रा, उपजिलाधिकारी नीतू रानी, क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह सहित जनपद के अधिकारी मौजूद रहे।

▸▸ संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम और अन्य अधिकारियों ने सुनी शिकायतें

राशन कार्ड से फर्जी नाम हटवाने की गुहार

संभल अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव तश्तपुर की शबाना ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके राशन कार्ड में दो फर्जी नाम चढ़े हुए हैं। वह लोग प्रत्येक महीने राशन लेते हैं। शबाना ने दोनों फर्जी नाम हटवाने की गुहार लगाई। एसडीएम ने पूर्ति विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए।

कुछ क्षेत्रों में आज 5 घंटे बंद रहेगी विद्युतआपूर्ति

चन्दौसी, अमृत विचार: विद्युत विभाग द्वारा तहसील उपकेंद्र पर रविवार को मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। जिससे सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी।

एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि बदायूं रोड, सीकरी गेट, ओरछी चौराहा, परमानंदपुर, पथरा, तारापुर, साहूकारा, महाजन मोहल्ला, साई धाम कॉलोनी, बाकरपुर बेहतरी, लक्ष्मणगंज, पजाया, नखासा आदि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तक पूरी तरह बंद रहेगी।

उन्होंने बताया कि मौलागढ़ फीडर पर भी मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। जिससे मौलागढ़ फीडर से संबंधित मोहल्लों की विद्युत आपूर्ति सुबह दस बजे से पांच बजे तक पूरी तरह बंद रहेगी।

दल-बदल | लखनऊ में अखिलेश यादव की मौजूदगी में ली पार्टी की सदस्यता

रालोद महासचिव अकीलुर्रहमान सपा में

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव से ठीक पहले राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अकीलुर्रहमान खां ने पाला बदल लिया है। उन्होंने रालोद छोड़कर सपा का दामन थाम लिया है। अकीलुर्रहमान खां ने शनिवार को लखनऊ में अखिलेश यादव की मौजूदगी में सपा की सदस्यता ली। समर्थकों का कहना है कि अकीलुर्रहमान खां ने संभल सीट से सपा टिकट की दावेदारी भी की है।

अकीलुर्रहमान खां ने अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत बहुजन समाज पार्टी से की और फिर 29 साल तक बसपा के साथ ही रहे। वह बहजोई विधानसभा सीट से बसपा के टिकट पर दो बार विधायक निर्वाचित हुए। वहीं एक बार उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री भी रहे। अक्टूबर 2021 में बसपा अध्यक्ष मायावती ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था। इसके बाद अकीलुर्रहमान खां ने रालोद का दामन थामा तो उन्हें रालोद के राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी मिली।

रालोद के भाजपा के साथ गठबंधन में शामिल हो जाने के बाद अकीलुर्रहमान खां ने अलग राह पर चलने का इरादा कर लिया। वह पिछले एक माह से समाजवादी पार्टी हाइकमान के संपर्क में थे। अकीलुर्रहमान खां संभल लोकसभा सीट से टिकट की दावेदारी कर रहे थे जबकि सपा की तरफ से कहा जा रहा था कि वह पहले पार्टी में शामिल तो हों। इसी हालात के बीच शनिवार को लखनऊ में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में अकीलुर्रहमान खां सपा में शामिल हो गये। समर्थक कह रहे हैं कि उन्हें टिकट का आश्वासन मिला है।

लखनऊ में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी के साथ अकीलुर्रहमान खां।

खेलते समय बालक छत से गिरकर घायल

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : नगर पंचायत गवां निवासी रौनक अली का चार वर्षीय बेटा अल्केश शुक्रवार की शाम छत के ऊपर परिवार के अन्य बालकों के साथ खेल रहा था। अचानक से खेलते समय पैर फिसलने से अल्केश छत से रास्ते पर गिर गया। उसकीचीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने बालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कार की टक्कर से ई रिक्शा में सवार 6 घायल

संभल,अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव रजाकपुर निवासी चालक नितिन शनिवार को ई रिक्शा में सवारी बैठाकर सिरसी से संभल की ओर जा रहा था। संभल मुरादाबाद मार्ग पर थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर पुलिस के पास नितिन ने सड़क किनारे पर किनारे ई रिक्शा को रोक लिया। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा में बैठे सिरसी निवासी जरीफ, आदमपुर निवासी धर्मेंद्र व उसकी नानी ज्ञानवती, इस्लामनगर निवासी देवा राम व उसकी बहन पूजा घायल हो गई।

चुनावी व्यस्तता राष्ट्रीय विकास में बाधा

एक साथ चुनाव पर विचार करने वाली समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक हो गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में इस मुद्दे पर अध्ययन करने के लिए एक समिति बनाई गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है। इस रिपोर्ट का विरोध भी प्रारंभ भी हो गया है। एक साथ चुनाव का विषय देश के हित में है,लेकिन इस रिपोर्ट की सिफारिशों का विरोध भी हो रहा है। बताया जाता है कि यह रिपोर्ट 18000 पृष्ठ की है। इसे ठीक से पढ़े जाने और तथ्यों के विवेचन का काम बड़ा है। विरोध करने वाले भी संभवतः इस रिपोर्ट को पूरी तौर पर पढ़े बिना ही अपने निष्कर्ष निकाल रहे हैं। भारतीय जनतंत्र पूर्वजों के सचेत कर्मों का प्रसाद है। सभा समितियां ऋग्वैदिक काल में ही थीं। संविधान निर्माताओं ने ब्रिटिश तर्ज का संसदीय जनतंत्र अपनाया। अनेक संवैधानिक संस्थाएं गढ़ी। केन्द्रीय स्तर पर संसद बनी। केन्द्र को संसद के प्रति जवाबदेह बनाया। राज्य सरकारें विधानमंडलों के समक्ष जवाबदेह बनी। संसद व विधानमंडल के चुनाव के लिए निष्पक्ष निर्वाचन आयोग (अनु. 324) बना।

संविधान सभा में निर्वाचन आयोग के कृत्यों पर बहस हुई। आयोग को कर्मचारी अधिकारी देने का प्रश्न उठा। डॉ.आंबेडकर ने कहा, ''आयोग के पास कम काम होगा।" शिब्बन लाल सक्सेना ने कहा कि, "संविधान में निर्धारित नहीं है कि अमेरिकी तर्ज पर यहां 4 वर्ष में निर्वाचन अवश्य होगा। संभव है कि केन्द्र व राज्यों के निर्वाचन एक साथ न हों। तब हर समय कहीं न कहीं निर्वाचन होता रहेगा।" उनकी आशंका सच निकली। सम्प्रति भारत चुनाव व्यस्त देश है। कभी लोकसभा चुनाव तो बहुधा राज्य विधानसभाओं के निर्वाचन। त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव व नगर निकाय निर्वाचन भी अक्सर होते रहते हैं। नीति आयोग ने लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इसी विचार के हैं। 2014 के चुनाव में भाजपा ने भी घोषणा पत्र में यही विचार व्यक्त किया था।

लगातार चुनाव व्यस्तता राष्ट्रीय विकास में बाधा है। अलग-अलग चुनाव से प्रशासनिक तंत्र की व्यस्तता बनी रहती है। चुनावी अचार संहिता के कारण विकास कार्य रुकते हैं। अरबों का खर्च भी होता है। साथ-साथ चुनाव का

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का विचार आदर्श है। लोकसभा का चुनाव अलग व देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव अलग से कराने का विचार भी आया था। कुछ दल इस विचार को उचित मान सकते हैं,लेकिन दोनों ही स्थितियों में संविधान संशोधन की आवश्यकता होगी।

विचार स्वागत योग्य है। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से अपील की थी। कहा था, ''एक साथ चुनाव से दलों का नुकसान होगा। हमें भी नुकसान होगा,लेकिन इसे संकीर्ण राजनैतिक दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए।"

1951-52 में पहली लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। 1967 तक दोनों के चुनाव साथ-साथ हुए थे। 1968 से यह क्रम टूट गया। दरअसल संविधान निर्माताओं ने सरकारों का कार्यकाल नहीं सुनिश्चित किया। यहां सरकारों का जीवन संसदीय बहुमत की डोर से बंधा हुआ है। डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में स्पष्ट किया था कि सरकारी जवाबदेही को स्थिरता (कार्यकाल) की तुलना में ऊपर रखा गया है। सदन में सरकारों की संवैधानिक जवाबदेही है। इस आधारभूत सिद्धांत में सरकारों का कार्यकाल अनिश्चित है। यहां बहुमत स्थाई नहीं होता। दल-बदल प्राविधान में भी छेद किए गए। थोक दल-बदल को दल टूट कहा गया। तमाम सरकारें अल्प मृत्यु की शिकार हुईं। साथ-साथ चुनाव का क्रम भंग हो गया। साथ-साथ चुनाव से राष्ट्रीय दल क्षेत्रीय संदर्भों से जुड़ने की ओर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय दलों की दृष्टि राष्ट्रीय होगी,लेकिन कुछ दलों की चिंता बड़ी है। बीते कुछेक वर्षों में राष्ट्रीयता का भाव देशव्यापी हुआ है। माकपा,भाकपा जैसे वामपंथी दल स्वयं को अंतर्राष्ट्रीय विचारधारा का दल बताते हैं,लेकिन उनका प्रभाव क्षेत्र राज्यस्तरीय भी नहीं बचा। चुनाव आयोग ने बेशक केन्द्रीय विधि मंत्रालय के एक संदर्भ के जवाब में दोनों चुनाव एक साथ कराने पर बहुत पहले ही सहमति व्यक्त की थी,लेकिन सभी दलों की सहमति प्राप्त करना आसान नहीं। कुछेक दल वर्तमान स्थिति को ठीक मानते हैं और चुनाव अलग-अलग ही चाहते हैं।

लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का विचार आदर्श है। लोकसभा का चुनाव अलग व देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव अलग से कराने का विचार भी आया था। कुछ दल इस विचार को उचित मान सकते हैं,लेकिन दोनों ही स्थितियों में संविधान संशोधन की आवश्यकता होगी। संशोधन में केन्द्र व राज्य सरकारों के सुनिश्चित कार्यकाल देना होगा। सदन में बहुमत खो जाने की स्थिति में सरकारी कार्यकाल की समस्या का निराकरण जरूरी होगा। दसवीं अनुसूची के अनुसार दल से भिन्न मतदान के कारण सदन की सदस्यता खो जाने की विधि प्रवर्तन में है। मूलभूत प्रश्न किसी भी कारण से सदन में बहुमत खो चुकी सरकार को पूरा कार्यकाल देने की नई व्यवस्था का है। क्या वैकल्पिक सरकार बनाने का अधिकार संसद या विधानसभा को दिया जा सकता है? क्या हमारा दलतंत्र स्थिर कार्यकाल और संवैधानिक जवाबदेही को एक साथ चला सकता है? क्या संवैधानिक जवाबदेही को छोड़कर स्थिरता को ही अपनाया जा सकता है? अमेरिका में ऐसा ही है। प्रश्न ढेर सारे हैं। ऐसे प्रश्नों का उत्तर संविधान संशोधन और वैधानिक नैतिकता से ही जुड़ा हुआ है। डॉ.आम्बेडकर ने संविधान सभा में इतिहासकार ग्रोट को उद्धृत किया था। 'वैधानिक नैतिकता' का अर्थ संविधान और उसकी संस्थाओं के प्रति निष्ठाभाव है। ग्रोट ने लिखा है कि समाज की वैधानिक नैतिकता ही विधान की शक्ति है।

भारत का जनसामान्य विधान का आदर करता है लेकिन दलतंत्र में वैधानिक नैतिकता का अभाव है। इसलिए सरकारें बहुधा अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पातीं। तब लोकसभा और विधानसभा के मध्यावधि चुनाव का कोई विकल्प नहीं होता। संसदीय जनतंत्र का मुख्य उपकरण दलतंत्र है। जनतंत्र खूबसूरत विचार है। दलतंत्र ही इसे गतिशील बनाता है। समाज व्यवस्था निरंतर परिवर्तनशील है। लेकिन राजनैतिक व्यवस्था में राजनैतिक सुधार की गति उत्साहवर्द्धक नहीं है। दलतंत्र प्रतिपल चुनाव चिन्तन में ही व्यस्त रहता है। चुनाव चिन्तन को राष्ट्रचिन्तन के खूंटे से बांधना ही होगा। साथ साथ चुनाव एक राष्ट्रहितैषी प्रगतिशील वैकल्पिक विचार है। 1952 से लेकर 1967 तक यही हुआ था, तब कोई पहाड़ नहीं टूटा तो अब इसे अपनाने में कठिनाई क्या है?

सभी राजनैतिक दलों को खुले मन से विचार करना चाहिए। लोकसभा, विधानसभा के साथ पंचायती व नगरीय संवैधानिक संस्थाओं के चुनाव पर भी। सभी एक साथ नहीं तो विधानसभा के साथ पंचायतों व नगर पंचायतों के चुनावों को जोड़कर विचार करना चाहिए। कहीं न कहीं से शुरुवात तो करनी ही होगी। हर समय चुनाव ही चुनाव का तनाव समाज नहीं झेल सकता और न ही चुनाव संचालन में खर्च होने वाली भारी धनराशि का बोझ ही। आमजन भी ऐसी राजनीति से ऊबे हुए हैं। इसलिए राजनीति को दीर्घकालिक राष्ट्रनिर्माण के लक्ष्य से जोड़ना चाहिए। चुनावी जीत-हार के अल्पकालिक लक्ष्य से नहीं। दल या नेता स्थाई नहीं होते। राष्ट्र स्थाई सत्ता है। सभी सामाजिक, राजनैतिक या संवैधानिक संस्थाएं राष्ट्र का ही विस्तार हैं। राष्ट्र के लिए ही हैं। एक साथ चुनाव राजनैतिक सुधार है। राजनैतिक सुधार लोकतंत्र को गुणवान बनाते हैं। व्यापक राजनैतिक सुधारों का कोई विकल्प नहीं।

होलाष्टक पर्व के उद्देश्य

नारायण से अपने भाई की मृत्यु का बदला लेने के लिए हिरण्यकशिपु जब देखता है कि उसका बेटा प्रहलाद नारायण ही जपता है तो क्रोध में वह अपनी बहन से उसकी हत्या की बात करता है तथा गोद में बैठाकर आग में भस्म होने की योजना बनता है। बड़े असमंजस में है होलिका। प्रहलाद की बुआ है। नारी हृदय। अबोध बच्चे के प्रति ममता। तैयार नहीं होती है। जब हिरण्यकशिपु उसकी ही हत्या की धमकी देता है तो वह यह सोच होती है कि मरना है तो प्रहलाद को बचाकर मरे। आठ दिनों में वह अपने को तैयार करती है। इसी आठ दिनों को होलाष्टक कहते हैं। होलाष्टक से विवाह आदि के शुभ मुहूर्त समाप्त हो जाते हैं। आठवें दिन वह पूरी ताकत से सबके सामने प्रहलाद को लेती है और खुद कूद जाती है तथा प्रहलाद को बाहर फेंक देती है। प्रहलाद को चाहने वाले होलिका को माता कहकर जयकारा लगाते हैं तो हिरण्यकशिपु के लोग होलिका को गाली देते हैं। तब से दोनों जयकारा और होलिका को अपशब्द होलिका दहन में लगता है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

हिरण्यकशिपु जब निर्दयी था और अपने ही बेटे को मारना चाहता था तो कोई भी रास्ता अपना सकता था। यह तो होलिका की चाह थी कि वह अपनी आंखों से प्रहलाद की मृत्यु नहीं देखे। जहां तक होलिका के वरदान की बात है तो नारी के आठ अवगुण जो तुलसीदास ने भी गिनाए वह नहीं जल सकते। ऐसे पुरुषों के भी अवगुण नहीं जल पाते। आग में कुछ डाला जाए, न जले, यह असंभव है। आग का गुण ही ज्वलनशीलता है। ऐसे में यह असंभव है कि होलिका आग में बैठती तो उसका शरीर बच जाता और प्रह्लाद जल जाता। होलिका को जलाने की विधि : होली के एक दिन पहले होलिका जलाने के निमित्त शिवरात्रि पर्व से होलिका की स्थापना शुरु जाती है। होलिका के प्रतीक स्वरूप आसपास उपलब्ध पेड़ लगाए जाते हैं। बहुत से स्थानों पर रंगभरी एकादशी को इसकी स्थापना होती है। होलिका की स्थापना एवं होली की पूर्व रात्रि जलाने के समय एवं विधि-विधान के संबंध में शास्त्रों में विशेष सावधानी का उल्लेख किया गया है। निर्णय सिंधु में उल्लिखित है कि स्थापना और जलाने के समय विधिवत पूजन हो। जलाते समय भद्रा काल से रहित समय में आग लगाने का निर्देश दिया गया है। शास्त्रों में कहा गया है कि भद्रा में होलिका जलाने पर संबंधित क्षेत्र पर संकट आता है। इसके अलावा होलिका पूजन की विधि भी बताई गई है। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि इसमें कूड़ा करकट, टायर-ट्यूब, प्लास्टिक आदि नहीं डालकर गोबर की उपली, सरसों के उबटन का अवशेष डालना चाहिए। शास्त्रों की इस व्यवस्था का मेडिकल साइंस की दृष्टि से भी महत्व है। प्लास्टिक, पालीथिन, टायर-ट्यूब डालने से पर्यावरण प्रदूषित होता है। सरसों के उबटन के जलने से पर्यावरण शुद्ध होता है। ऐसा न करने पर होलिका के आसपास के निवासी ही प्रभावित होते हैं। होलिका जलाने का उद्देश्य पर्यावरण को पवित्र करना भी होता है,लेकिन वर्तमान समय में जगह-जगह जितना अधिक कूड़ा करकट इसमें देखा जाता है, वह चिंतनीय है। संक्रामक बीमारियों के आक्रमकता के दौर में इस तरह के आत्मघाती कदम से बचना चाहिए। मूलतः होलिका जलाने का उद्देश्य मनीषियों ने प्रकृति में व्याप्त हिरण्यकशिपु स्तर के विषाणुओं को जलाने का है। क्योंकि प्रकृति में व्याप्त विषाणु मनुष्य के स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाने की ही होती है। ग्रंथों में ढूंढा नामक एक राक्षसी का भी उल्लेख आता है। इस राक्षसी के वध का निर्देश दिया गया है। चैत्र-वैशाख महीने में चेचक का प्रकोप बढ़ जाता है। इस रोग को प्राचीन काल में ढूंढा नाम पुकारा गया प्रतीत होता है। इसीलिए माताएं बच्चों को इस रोग से बचाने के लिए शीतला माता की पूजा करती हैं। बच्चे बाल भगवान कहे जाते है। इसलिए होलिका दहन भी विधि विधान से करना चाहिए।

क्वांटम सिद्धांत से हमारे दृष्टिकोण में आया परिवर्तन

ब्रह्मांडीय प्रकृति की विज्ञान प्रसूत क्वांटम 'माया' से साक्षात्कार तथा पदार्थ एवं ऊर्जा के एकत्व के एहसास के बाद हम कपिल के सांख्य,बादरायण और शंकर के अद्वैत वेदांत की ओर अभिमुख हुए थे।

क्वांटम के साथ माया का शब्द युग्म जरूर नया है, किंतु इसमें निहित विचार शीर्ष वैज्ञानिकों का है। नोबल पुरस्कार सम्मानित डेनमार्क के भौतिकशास्त्री नील्ज बॉ (1885-1962) का एक चुटकुला नुमा कथन प्रसिद्ध है-'अगर कोई व्यक्ति कहता है कि उसके दिमाग में चक्कर आए बिना वह क्वांटम भौतिकी के बारे में सोच सकता है तो इससे यही जाहिर होता है कि उसने इसका कुछ भी नहीं समझा तो उपाय क्या है? इस संदर्भ में ब्रिटिश अमेरिकन भौतिकशास्त्री और गणितज्ञ फ्रीमैन डाइसन 1923-2020 की एक अर्थगर्भित उक्ति है-'किसी न किसी रूप में ब्रह्मांड को पता रहा होगा कि हम (मनुष्य गण) आने वाले हैं।" मतलब तो यही हुआ कि ब्रह्मांड की रचना इस तरह हुई है कि उसे मनुष्य और केवल मनुष्य समझ सकता है। दूसरे शब्दों में ब्रह्मांड अपनी रचना और प्रकृति में मानव केंद्रित है,उसके पीछे एक प्रबुद्ध योजना है।

नोबल पुरस्कार से सम्मानित हंगेरियन भौतिकशास्त्री यूजीन विग्नर 1902-1995 का प्रसिद्ध कथन है-'प्रमुख बात यह है कि हमारी चेतना और विचार-प्रक्रिया मूलभूत अवधारणाएं हैं,दरअसल बाह्य जगत



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> मानव चेतना के गुणों और संभावनाओं में काफी हद तक एकरूपता के बावजूद हर मनुष्य की चेतना अन्य सभी मनुष्यों की चेतना से किसी न किसी अर्थ में भिन्न है।

हमारी चेतना का धारित है और इसलिए (उसे समझने में) चेतना (की भूमिका) को नकारा नहीं जा सकता।' यह कथन शंकर दर्शन के कितना निकट है। अमेरिकन भौतिकशास्त्री ओक जॉन व्हीलर 1911-2008 ने क्वांटम यांत्रिकी के विस्तृत अध्ययन के बाद कहा था,'यह अकाट्य है कि प्रेक्षक उत्पत्ति (की प्रक्रिया) का सहभागी होता है। क्वांटम यांत्रिकी इसका प्रमाण है कि वास्तविकता की किसी भी उपयोगी अवधारणा को परिभाषित करने में हमें प्रेक्षक की अपरिहार्य भूमिका को ध्यान में रखना होता है।' नोबल पुरस्कार से सम्मानित ब्रिटिश भौतिकशास्त्री,गणितज्ञ और विज्ञान दार्शनिक रोजर पेनरोज जन्म :1931, आयु 93 वर्ष ने मानव मस्तिष्क की संरचना के बारे में एक अति महत्वपूर्ण निष्कर्ष दिया। उनके अनुसार मानव-मस्तिष्क की सर्वोत्कृष्ट परतों में क्वांटम-संसक्त अवस्था चिपकी हुई है। एक खास तरह की क्वांटम-संसक्ति बड़े स्तर पर मस्तिष्क के काफी हिस्सों में काम करती है। आलेख के पहले भाग में हमने देखा था कि इलेक्ट्रॉन में विद्युत चुंबकीय विकरण को आत्मसात और विकीर्ण करने की प्रक्रिया निरंतर नहीं चलती,यह अविभाज्य ऊर्जा खंडों (क्वांटा) में चलती है,जिसे क्वांटम उछाल कहते हैं। इसी के समांतर निंद्रा में जाने से ठीक पहले का क्षण हमें कभी याद नहीं आता तो हमारी चेतना में भी क्वांटम उछाल का तत्व उसी तरह काम करता है जैसे परमाणु के भीतर इलेक्ट्रॉन में।

वस्तुतः क्वांटम सिद्धांत के विकास ने हमारे अकादमिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण में आमूल परिवर्तन ला दिया है। क्वांटम प्रयोगों में प्रयोगकर्ता की चेतना समान रूप से संभाव्य समांतर परिणामों में से किसी एक के चयन को प्रभावित करती है। इस तरह प्रेक्षक और प्रेक्षित बुनियादी स्तर पर जुड़ जाते हैं और उनमें सहभागिता का संबंध बन जाता है। चेतन मनुष्य क्या है? इस ब्रह्मांड (जड़+चेतन+रिक्त आकाश) का एक अविभाज्य अंग है,किंतु एक अनूठा और अनन्य अंग। मानव चेतना का एक अंतर्निहित गुण यह है कि उसमें जानने की अपरिमित एषणा अंतर्निहित है। वह स्वयं को और विश्व के हर अज्ञात को जान लेना चाहती है। यह पदार्थ से उद्भूत होने का गुण तो नहीं हुआ। पदार्थ से उत्पन्न चेतना में शरीर के भरण-पोषण और आराम-ऐश्वर्य की जैविक चाहत से परे ज्ञान के लिए ज्ञान की पिपासा क्यों होगी? फिर क्वांटम सिद्धांत के अनुसार मनुष्य का हर अवयव, उसके शरीर की हर कोशिका उन्हीं सूक्ष्म कणों से निर्मित है,जो ऊर्जा के क्वांटम क्षेत्र की उपज है और वह क्वांटम क्षेत्र ब्रह्मांड के एकीकृत क्वांटक क्षेत्र से जुड़ा हुआ है,उसमें ऊर्जा एवं कण के गुण एक साथ हैं और वह निरंतर गतिशील तथा ब्रह्मांड के एकीकृत क्वांटम क्षेत्र का सर्वस्व उसमें मौजूद है। यथा पिंडे तथा ब्रह्मांडे (चरक संहिता)।

इसके अतिरिक्त मानव चेतना के गुणों और संभावनाओं में काफी हद तक एकरूपता के बावजूद हर मनुष्य की चेतना अन्य सभी मनुष्यों की चेतना से किसी न किसी अर्थ में भिन्न है,वैसे ही जैसे उसका रूपाकार अन्य मनुष्यों के रूपाकार से किसी न किसी अर्थ में भिन्न है। कारण उसकी हर कोशिका में उसका खास जीन-समुच्चय मौजूद होता है जिसे लेकर वह पैदा होता है और जो मृत्यु पर्यंत उसे परिचालित करता है। जीनोम क्या है,क्या वह महज पदार्थ है? नहीं, जीनोम वह खाका है,जो मानव शरीर और मानव चेतना के विकास को एक खास अनुपात में बनाए रखते हुए उसकी मूलभूत क्रियाओं और भौतिक अस्तित्व को नियमित-संचालित करता है।

संगीत मनुष्य के लिए ईश्वरीय वरदान

शेख निजामुद्दीन औलिया की दृष्टि में संगीत उपासना ही था, किंतु सुल्तान गयासुद्दीन तुगलक से दिल्ली के कट्टर मुल्लाओं ने निजामुद्दीन औलिया की शिकायत की कि औलिया के स्थान पर संगीत होता है। गयासुद्दीन तुगलक स्वयं भी संगीत से नफरत करता था,उसका विश्वास था कि संगीत शरीयत के खिलाफ है। मजहर के दिन निजामुद्दीन औलिया सुल्तान के महल में पहुंचे तो शेखजादा हुसाम ने उन पर आरोप लगाया कि तुम्हारे यहां समां होता है। औलिया ने कहा कि जानते हो समां किसे कहते हैं? हुसाम ने कहा कि मुझे यह तो नहीं मालूम,पर आलिमों का कहना है कि समां हराम है। उस समय मजहर में सुहरावर्दी-संप्रदाय के सूफी संत मौलाना इल्मुद्दीन मौजूद थे। वे बोले अंतर है। हृदय से सुनने वाले के लिए संगीत हलाल है और वासना से सुनने वाले के लिए संगीत हराम है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सुलतान ने पूछा तो मौलाना इल्मुद्दीन ने बतलाया कि बगदाद में बुजुर्ग समां सुनते हैं। सूफियों में शेख जुनैद और शेख शिवली के जमाने से प्रचलित है। हैरतनामा मौलाना जिया उद्दीन बरानी में लिखा है कि औलिया ने अमीरखुसरो से कहा कि दिल्ली के उलेमा मुहम्मद साहब की हदीस को नहीं जानते। वे फिकह की रवायतों को श्रेष्ठ समझते हैं। मैं नहीं समझता कि उनकी इस्लाम पर श्रद्धा है। अमीर खुसरो भारतीय संगीत के इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय बन गये थे। वे मानते थे कि संगीत तो मनुष्य के लिए ईश्वरीय वरदान है। यह सच है कि संगीत की एक परंपरा राज-दरबारों में पली और बढ़ी,किंतु उससे भी बड़ा सच है कि संगीत साधना है,संगीत उपासना है।

निजामुद्दीन औलिया का जन्म 1228 में और मृत्यु 1324 में हुई थी। बंगाल की विजय के बाद गयासुद्दीन तुगलक ने औलिया को हुक्म भेजा था कि मैं दिल्ली आ रहा हूं,मेरे पंहुचने से पहले आप दिल्ली छोड़ दें। निजामुद्दीन औलिया ने कहा- हनोज दिल्ली दूरस्त (दिल्ली दूर है)। कहने की जरूरत नहीं कि अपने ही बड़े बेटे की साजिश से सुल्तान की मृत्यु हो गई और वह दिल्ली नहीं पंहुच सका। जब औलिया की मृत्यु हुई तब अमीर खुसरो ने गाया था। गोरी सोयी सेज पर मुंह पर डाले केस। चल खुसरो घर आपने रैन भयी चहुंदेस।

मेल मिलाप और अपनापन

आप समझते हैं कि शादी-ब्याह के समारोह से अपनापन बढ़ता है, मेल मिलाप, रिश्तेदारी मज़बूत होती है। ये समारोह न हों तो आदमी अकेलेपन से मर जाएगा।

ये किस तरह की दलील है आखिर? रिश्तेदारी, मेल मिलाप और अपनेपन के लिए लड़की और लड़के का बाप क़र्ज़ लेता है। लाखों-करोड़ों लोग इस व्यवस्था से सारी उम्र के लिए अवसाद में चले जाते हैं और उसी में जीते हैं। आपके हिसाब से उनका अपनापन, मेलजोल, रिश्तेदारी बढ़िया और मज़बूत हो गई।



सिद्धार्थ ताबिश
लेखक

आप कहते हैं कि ऐसा लिखिए कि खर्चा कम करें.. मगर करें ज़रूर.. क्यों भाई? क्यों लिखूं मैं ऐसा? आपके हिसाब से जो लेखक और सिनेमा वाले ये सीख देते हैं उससे समाज को फायदा होता है? मतलब आपके हिसाब से लोग ये समझ जायेंगे कि हां समारोह तो करना है मगर हल्का फुल्का, ऐसा लोग समझेंगे? और हल्का फुल्का से उनका क्या अभिप्राय होगा? अंबानी ने अपनी हैसियत का 0.01 प्रतिशत भी नहीं खर्च किया अनंत के पूर्व विवाह समारोह में, तो उनके हिसाब से तो वो हल्का फुल्का ही हुआ न? क्योंकि आपके लिए एक हज़ार करोड़ खर्च करना बहुत बड़ी बात है तो आपको लगता है कि आप बैलेंस वादी बनकर लोगों को समझा देंगे कि देखो बच्चों, समारोह तो करो, मगर हैसियत के हिसाब से, तो समाज में समरसता आ जायेगी और फिर लोग आपके हिसाब से कम खर्च करेंगे और क़र्ज़ नहीं लेंगे?

ऐसे लेखन और ऐसे सुझाव किसी काम के नहीं होते हैं। आपको लगता है कि कैंसर होने पर अस्पताल में भर्ती होने से ये फायदा होता है कि आपकी डॉक्टर से जान पहचान बढ़ती है। आपको कैंसर के बारे में जानकारी होती है। आपके नर्सों से अच्छे संबंध बन जाते हैं। ये सब लोगों को मैं सिखाऊं है न? नहीं, मैं बैलेंसवादी लेखक नहीं हूं। बैलेंसवाद ने ही सारा बेड़ा गर्क किया हुआ है। इस पृथ्वी का शादी और इस तरह के समारोह मेरे हिसाब से समाज का कैंसर हैं और इन्हें जड़ से ख़त्म होना होगा। बैलेंस बनाओगे आप तो ये समाज आने वाले कई हज़ार वर्षों तक इसी बीमारी में फंसा रहेगा। शादी-ब्याह के समारोह कोई अपनापन, रिश्तेदारी और मेलजोल नहीं बढ़ाते हैं। ये सब आपको बढ़ाना है तो सौ रुपये का ट्रेन का टिकेट लीजिए और कानपुर जाकर मौसी और मौसा से मिल आईये, उसके लिए क़र्ज़ लेकर, लाखों खर्च करके कोई समारोह रखने की ज़रूरत नहीं होती है।

व्यंग्य

कविता करने लगना साहबी का चरमोत्कर्ष

कविता करने लगना साहबी का चरमोत्कर्ष है। दुनिया के सारे धतरकरम कर चुकने के उपरांत साहब अचानक कवि हो जाता है। कवि होना अस्थायी दौर है साहब के जीवन का, इसके बावजूद जब भी साहब कवि के चोले में होता है उससे दूर रहने में ही भलाई होती है।

आपकी यह जिज्ञासा स्वाभाविक है कि पता कैसे किया जाए कि साहब अब कवि भी हो चुका है? यह जानना ज्यादा कठिन है नहीं,जब भी साहब वैसी बातें न करें जिसकी आपको उम्मीद या आशंका होती है तो समझ लीजिए कि दाल मे कुछ काला है। जब वो दुनिया भर की, बिना काम की बातें करने लगें, गरीबी, भुखमरी, लाचारी, प्रेम, विरह, युद्ध, फूल-पत्तियां उसकी बातों में घुसपैठ कर जाए। जब वो अधिक सदाचारी,भला भला, नेक दिखने की पूरी कोशिश करता दिखे तो आप समझ सकते हैं कि साहब फिलहाल कवि हो चुका है।

कवि हुआ साहब जानबूझकर शेव करना भूल जाता है। चाहता है कि विचार मग्न दिखे। आप सामने बैठें हो उसके तो वो आपको नहीं देखता,वो आपके आर-पार देखता है। वो आपकी पीठ पीछे मौजूद खिड़की से दिखते नीले आसमान के नीचे लगे पंप और हैंडपंप से पानी भरती नहाती लड़की को देखता है। वो खुद तय कर लेता है कि वो लड़की सुंदर होने के साथ-साथ भूखी भी है। भावुक होता है। ऐसे में वो और उसके बारे में कविता करने के प्रयास में जुट जाता है और व्यस्तता वश सामने रखी प्लेट में मौजूद काजू अनदेखे रह जाते हैं। कवि हुआ साहब सरकारी वक्त में सरकारी कागज काले करता है। लगातार

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> कवि हुआ साहब जानबूझकर शेव करना भूल जाता है। चाहता है कि विचार मग्न दिखे। आप सामने बैठें हो उसके तो वो आपको नहीं देखता, वो आपके आर-पार देखता है।

लिखता है,जो लिखता है उसे खुद नहीं पढ़ता। उसे अपनी लिखी सारी ही लाइनें कविता लगती हैं और अपनी सारी कविताएं प्रिय लगती हैं। वो अपनी कविताओं से उस मां की तरह व्यवहार करता है,जो अपने काले-कलूटे कुपोषित लड़के को दुनिया का सबसे सुंदर बालक मानती है। साहब मानता है कि उसकी कविताएं अवतार हैं,वो लिखी नहीं गईं, प्रगट हुई हैं और वो यह चाहता है बाकी दुनिया भी उससे सहमत हो।

आप यह भी जानना ही चाहेगें कि साहब कवि होने के झमेले में पड़ता ही क्यों है? होता ये है कि रिटायरमेंट के नजदीकी दिनों में जब वह किसी सुबह उठता है, करने को कुछ खास नहीं होता तो वह बोरियत दूर करने के लिए अपनी प्रसिद्धि का खाता टटोलता है। टटोलता है तो धक्क रह जाता है। नुकसान का अंदेशा होने लगता है उसे और इस नुकसान की शीघ्र भरपाई की उम्मीद लिए वह कवि हो जाता है। दरअसल यह बुढ़ापे की खब्त है। कवियों के कुसंग की व्याधि है ये। कविता उसे सम्मान,पहचान और अभिनंदन का शार्टकट सी लगती है। उसे लगता है कि जीवन में इसी भर की कमी रह गई है,वो अभिनंदन का आकांक्षी होने के प्रयोजन से कवि हो जाता है। अब ये बात अलग है कि असली घी से कवि भी इसके लिए तरसते हुए गुजर जाते हैं,पर चूंकि साहब को अपने काबिल होने पर रंचमात्र भी संदेह नहीं होता। फिर भी वो खुद को आजमाने के चक्कर में कविता भी करके देख लेना चाहता है। वो इस भरोसे मे कविता करता है कि उसका किया धरा कविता ही है। चूंकि वह कवि होना चाहता है इसलिए कवि हो जाता है,पर साहब लाख कोशिश कर ले वह कवि जैसा दिखने के बावजूद सच्ची-मुच्ची का कवि हो नहीं पाता। कवि होना उसकी साहबी साख का सत्यानाश करता है। नुकसान का सौदा है ये।

स्वाभाविक रूप से उसके अंदर का काईयां, मजबूत साहब इसका प्रतिरोध करता है,वो मौका देखते ही लाचार कवि को पटक भी लेता है। इसलिए साहब का कवि अवतार आमतौर पर क्षणिक ही होता है। एकाध कविता संग्रह प्रकाशित होने के बाद,किताबों के धूल खाते बंधे गठ्ठर उसके अंदर बैठे सुकुमार कवि की हत्या कर देते हैं। कवि हारता है और साहब जीतता है। साहब कभी-कभार पहना गया कुर्ता होली जैसे अवसरों के लिए अलमारी में रख देता है। अपने कवि हृदय को अपनी बिना बिकी किताबों के साथ स्टोर में पटककर भूल जाता है। हंसता है खुद पर और वापस साहब हो जाता है।

पत्र लेखन अब इतिहास की बात

सन् 1970 के आसपास के वर्षों में नौकरीपेशा लोग 300 रुपए के आसपास वेतन पाते थे,फिर भी संतुष्ट रहते थे। परिश्रम भी बहुत करते थे। व्यापारियों की कमाई भी उनके जीवनयापन के अनुरूप ही होती थी, पेट काट कर कुछ बचा लिया तो बच जाता था अन्यथा कल की चिंता कल पर छोड़ देते थे। स्त्री हो या पुरुष वे सब दिखावे से बहुत दूर रहते थे,बिना प्रेस किए हुए कपड़े पहनकर भी उनमें हीन भावना नहीं उपजती थी। न जेब में बहुत पैसे हुआ करते थे,न ही असीमित जरूरतें। जिनकी आय अपेक्षाकृत अधिक थी, उसका उन्हें कतई अभिमान न होता था,बल्कि दिखावा करने में उन्हें संकोच होता था।

द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

उन दिनों संचार के साधन बहुत कम थे,पत्रों के माध्यम से जानकारियां दूर-सुदूर आती-जाती थीं। भारतीय डाक सेवा का जाल पूरे देश में फैला था। असंख्य डाक सेवक चिट्ठियों को एक से दूसरे स्थान पर ले जाते थे और खाकी पोषाक में लाखों डाकिए राह तकती अंखियों तक उनके संदेश पत्र पहुंचाते थे। डाकिया के समय से तनिक देर हो जाए तो लोगों में बेचैनी सी होने लगती-'क्या बात है? अभी तक डाकिया नहीं आया।'

महानगर, नगर, कस्बा हो या गांव, पोस्ट ऑफिस सबका सहारा हुआ करता था। मनीआर्डर के सहारे लाखों लोगों का भरण-पोषण जुड़ा हुआ था। तार के जरिए अति महत्व के संदेश शीघ्रता से मिल जाते थे, वैसे, तार आना अक्सर किसी अप्रिय घटना के समाचार की संभावना से भी जुड़ा रहता था। तार आने पर लोगों के मन में सबसे पहले यह भाव आता-'तार आया है, न जाने क्या हो गया?'लिफाफा पच्चीस पैसे में, अंतर्देशीयपत्र पन्द्रह पैसे में और पोस्टकार्ड पांच पैसे में मिलता था। परिवारों के रिश्ते,दुःख-सुख के समाचार,पति-पत्नी के उलाहने,प्रेमियों के दर्द,कवियों की कविताएं,लेखकों के लेख,सरकारी आदेश और व्यापारिक प्रपत्र उन्हीं लिफाफों की मदद से हस्तान्तरित होते थे। लिफाफे का उपयोग आवश्यक होने पर ही किया जाता था, क्योंकि वह महंगा था। आम तौर पर सस्ते होने के कारण कार्ड सबसे अधिक लोकप्रिय थे। पोस्टकार्ड का बहुआयामी उपयोग होता था,जैसे सामान्य सूचनाओं का आदान-प्रदान,व्यापारिक कामकाज एवं भावताव, विवाह संबंध की बातचीत,आवागमन की सूचना, साहित्यकारों की रचनाओं की स्वीकृति, अस्वीकृत रचनाओं की खबर,लाल स्याही से भरपूर राम राम राम राम का लिखित जप, पत्र प्रेषण से देवी-देवताओं की कृपा के आगमन की सूचना और वैसे ही पत्र अपने परिचितों को लिखकर न भेजने पर भीषण आर्थिक हानि और पुत्र शोक होने की धमकी,शोक संदेश जिसके कार्ड का एक कोना फटा रहता था आदि-आदि। पत्र लिखना अब इतिहास की बात हो गई,मोबाइल फोन ने उस अद्भुत विधा को एक किनारे लगा दिया।

याद है आपको वे मधुर गीत,'फूल तुम्हें भेजा है खत में,फूल नहीं मेरा दिल है, प्रियतम मेरे मुझको लिखना, क्या ये तुम्हारे काबिल है?' इस गीत की मधुरता में आप खो सकते हैं,परंतु इसे 'फील' केवल वे कर सकते हैं जिन्होंने अपनी किशोरावस्था में ऐसे पत्र किसी को लिखे हों। गांव-खेड़े में अनपढ़ लोग पोस्टमेन से आग्रह करके पत्र लिखवाते थे,सदाशयी पोस्टमेन उनकी मदद करते थे और स्वयं उस पत्र को पोस्ट भी कर देते थे।

एक नजर

आज सम्पन्न होगा चीनी मिल का पेराई सत्र

बिलारी, अमृत विचार : चीनी मिल के गन्ना उप महाप्रबंधक के मुताबिक मौजूदा पेराई सत्र में गन्ना खरीद केंद्रों को आपूर्ति योग्य गन्ना खरीदने के बाद अंतिम रूप से बंद कर दिया गया है। वहीं मिल गेट पर भी 12 मार्च से गन्ने की खुली खरीद की जा रही है। फिर भी चीनी मिल को क्षमता के मुताबिक गन्ना प्राप्त नहीं हो रहा। चीनी मिल ने गन्ना समिति के सचिव को अंतिम नोटिस जारी कर कहा है कि जिस किसान के पास आपूर्ति योग्य गन्ना शेष है। वह 17 मार्च तक चीनी मिल को आपूर्ति कर दें, इसके बाद चीनी मिल का सत्र अंतिम रूप से बंद कर दिया जाएगा।

मस्जिद में नमाज पढ़ने को लेकर थाने में दी तहरीर

छजलैट, अमृत विचार : ग्राम वासियों की शिकायत पर मस्जिद में नमाज पढ़ने पर प्रशासन द्वारा हस्तक्षेप किया गया था। अब मुस्लिम समाज के लोगों ने तहरीर देकर नमाज पढ़ने देने की गुहार लगाई है। थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम जमालपुर मुंडा नगला के दानिश एवं मैनेजमेंट ब्लॉक कमेटी मस्जिद द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव में जो मस्जिद बनी हुई है। वह वक्फ बोर्ड द्वारा स्वीकृत है, लेकिन कुछ व्यक्तियों के विरोध के कारण प्रशासन ने इसे सार्वजनिक संपत्ति बताकर रोक लगाई थी। जिसको लेकर मुस्लिम समाज के लोग न्यायालय गए थे। जहां से न्यायालय द्वारा स्टे जारी किया है। मुस्लिम समाज के लोगों ने थाने में तहरीर देकर बताया कि कोई भी व्यक्ति हमें नमाज पढ़ने देने में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न करें। तहरीर देने वालों में शाहिद, नवाब जान, लईक, चंद्रा आदि उपस्थित रहे।

गोशाला में दान किया 40 क्विंटल हरा चारा

कांठ, अमृत विचार : सामाजिक कार्यकर्ता ने कान्हा गोशाला ऊमरी कलां में गोवंश पशुओं के लिए 40 क्विंटल हरा चारा दान किया है। ऊमरी कलां के जावेद अहमद फारूकी ने कान्हा गोशाला ऊमरी कलां में गोवंश पशुओं के लिए 40 क्विंटल हरा चारा दान किया है। उन्होंने कहा कि गोवंश पशुओं की सेवा के लिए उन्होंने 18 बीघा जमीन में हरा चारा बोया है और पूरे महीने कान्हा गोशाला के गोवंश पशुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसके लिए हरा चारा उपलब्ध कराया जाएगा।

आचार संहिता लागू होते ही होर्डिंग्स-बैनर हटाए

तहसीलों और देहात क्षेत्रों में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने की कार्रवाई

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता की घोषणा होते ही पुलिस प्रशासन ने नगर पंचायत की टीम के साथ राजनीतिक दलों और राजनेताओं के पोस्टर व बैनर हटाने का अभियान चलाया।

शनिवार को लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू कर दी है। जिसके बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हो गए। उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्र अधिकारी कुलदीप कुमार गुप्ता, प्रशिक्षु आईपीएस ऋषभ रनवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ योगेंद्र कुमार सिंह, पालिका ईओ प्रियंका सिंह ने नगर पंचायत की टीम के साथ मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर लगे राजनीतिक दलों तथा नेताओं के पोस्टर और बैनर हटाने का अभियान चलाया।

इस दौरान अधिकारियों ने सभी लोगों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने का आह्वान किया। उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता लागू कर दी है। किसी भी सरकारी कार्यालय एवं किसी खंभे पर किसी भी राजनीतिक पार्टी का पोस्टर बैनर लगा नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें आदर्श आचार संहिता का पालन करना है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नगर पंचायत, पुलिस और प्रशासन की टीम को राजनीतिक दलों और नेताओं की प्रचार सामग्री हटाने के निर्देश दिए।

आचार संहिता लागू होते ही नगर पालिका ने हटवाई राजनीतिक प्रचार सामग्री।

डिलारी में होर्डिंग्स उतारते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

राजनीतिक दलों के होर्डिंग्स और बैनर हटाए

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने पर एसडीएम, डिप्टी एसपी, नायब तहसीलदार, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य के नेतृत्व में पालिका टीम के साथ नगर में दीवारों और विद्युत पोलों पर लगे होर्डिंग्स, बैनर और पोस्टर उतरवाए। लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने अधिसूचना जारी करते हुए आचार संहिता लागू कर दी। आचार संहिता लागू होने के बाद एसडीएम अजय कुमार मिश्रा, डिप्टी एसपी राजेश कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार अंकित गिरी, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य के नेतृत्व में पालिका टीम नगर में लगे दीवारों और बिजली के खंभों पर लगे राजनैतिक दलों होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर हटवाए। टीम में राज कुमार, आकेश कुमार, राकेश कुमार, चंचल कुमार, वसीम खान आदि शामिल रहे।

प्रचार सामग्री हटवाई

डिलारी, अमृत विचार : शनिवार को आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। जिस पर पुलिस-प्रशासन ने आचार संहिता का पालन करते हुए राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के होर्डिंग्स आदि कस्बा डिलारी, नगर पंचायत ढकिया, करनपुर, आलियाबाद, मलकपुर सेमली, सुल्तानपुर खादर, जटपुरा, जलालपुर, आलमपुर में उतरवाए गए। अधिकारियों ने कहा कि कोई आचार संहिता का उल्लंघन न करे, अन्यथा कार्रवाई होगी।

नल के टैंक में डूबने से चार वर्षीय बालक की मौत

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : नल के टैंक में डूबने से चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। वह पिता के साथ ईंट भट्ठे पर गया था। वहीं खेलते समय नल के टैंक में गिर गया था। शनिवार को उसके शव को सुपर्द ए खाक कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर निवासी जावेद हुसैन ईटों को ट्रैक्टर-ट्राली से ले जाने का काम करता है। शुक्रवार दोपहर जावेद पड़ोस के गांव अहमदनगर जैतवाड़ा स्थित मोहम्मद उवैस के भट्ठे पर ट्रैक्टर ट्राली में ईंट भरने के लिए गया था। उसका चार वर्षीय बेटा अहमद भी साथ में गया था। ईंट भट्ठे पर पहुंचकर अहमद का पिता जावेद ट्रॉली में ईंट भरने लगा और अहमद वहीं पर खेलने लगा। बताया गया कि वहीं पर पास में नल का टैंक बना हुआ है। खेलते समय अहमद नल के पास चला गया और फिसलकर नल के टैंक में जा गिरा और पानी में डूब गया। आसपास किसी के नहीं होने के चलते इसका पता नहीं चला सका। जावेद ने बाद में बेटे को तलाश किया तो उसका पता नहीं चला। रात में फिर से बच्चे को तलाश करते हुए लोग टैंक के पास पहुंचे तो देखा कि अहमद टैंक के पानी में उतरा रहा है। बच्चे को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक अहमद की मौत हो चुकी थी। शनिवार सुबह अहमद रजा को गांव के कब्रिस्तान में सुपर्द ए खाक कर दिया गया।

सुविधा शुल्क मांगने वाला दरोगा हुआ लाइन हाजिर

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : शस्त्र लाइसेंस के लिए वारिसान फाइल पर रिपोर्ट लगाने की एवज में 6000 रुपये का मांगने वाले दरोगा को एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है।

मोहल्ला बंजारन निवासी तरुण कुमार के पिता के नाम शस्त्र लाइसेंस है। उनकी मृत्यु उपरान्त तरुण कुमार ने शस्त्र लाइसेन्स स्थानांतरित करने के लिए आवेदन किया था। सूत्रों के अनुसार जब फाइल कोतवाली पहुंची तो दरोगा निशांत पंवार तथा डाक विभाग का कार्य देख रहे पुलिस कर्मी ने उससे रिपोर्ट लगाने के लिए 6000 रुपये की मांग की थी। सिफारिश के बाद 4000 लेकर रिपोर्ट लगाई गई। इसकी शिकायत पीड़ित ने एसएसपी को पत्र देकर की थी। जिसपर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित के बयान दर्ज कराने के बाद कार्रवाई करते हुए दरोगा निशांत पंवार को लाइन हाजिर कर दिया है। दूसरे आरोपी पुलिस कर्मी की जांच कराई जा रही है।

एलएलबी में प्रवेश दिलाने के नाम पर छात्रा से 20 हजार ठगे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : एलएलबी में प्रवेश दिलाने के नाम पर छात्रा से 20 हजार रुपये ठग लिए। जब छात्रा कॉलेज पहुंची तब पता चला कि मात्र पांच हजार रुपये जमा किए हैं। बताया कि शेष रुपये जमा करने पर ही परीक्षा दे सकेगी। छात्रा ने आरोपी से अपने रुपये वापस मांगे तो उसने गालीगलौज और मारपीट की और धमकी देकर भगा दिया। छात्रा ने पुलिस को तहरीर देकर युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र के गांव शिवनगर निवासी प्रीति कुमारी पुत्री तेजपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह उत्तराखंड के थाना जयपुर के गांव स्थित एक कॉलेज में एलएलबी में एडमिशन लेने गई थी। इसी दौरान वहां पर थाना जयपुर के गांव राजपुर निवासी युवक ने अपने को कॉलेज में शिक्षक बताकर कहा कि वह उसका प्रवेश करा देगा। लेकिन 20 हजार रुपये लगेंगे। 26 जून को आरोपी मेरे घर पर आया तो मां ने एलएलबी में प्रवेश दिलाने के लिए 20 हजार रुपये गांव के दो व्यक्तियों के सामने उसे दे दिए। कॉलेज पर जाने पर पता चला कि आरोपी सिर्फ 5 हजार रुपये देकर उसका प्रवेश कराया है। जब छात्रा कॉलेज पहुंची तो वहां उसे बताया कि आपका पांच हजार रुपये जमा हैं। शेष 10 हजार रुपये जमा करने के बाद ही परीक्षा में शामिल हो सकती हैं। वहीं उसे आरोपी मिल गया जब उसने अपने रुपयों की वापसी की मांग की तो वह गाली-गलौज करने लगा और मारपीट की। आरोपी ने छात्रा को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित छात्रा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक से रुपये दिलाने व उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

खतौनी में गलत नाम दर्ज करने के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन की पंचायत ब्लॉक परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिंह व संचालन तहसील महामंत्री हरिराज सिंह ने किया।

पंचायत में किसानों ने कहा कि खेतों के सर्वे के दौरान क्षेत्र के हलका लेखपालों द्वारा किसानों की खतौनियों में अंश निर्धारण गलत दर्ज किए जा रहे हैं। किसानों के नाम भी गलत दर्ज करने के साथ अलग-अलग खेत नंबरों को खतौनी में दर्ज नहीं किया जा रहा है। जिसको लेकर क्षेत्र के किसान परेशान हैं। तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने कहा कि यह जान बूझकर किया जा रहा है ताकि क्षेत्र के किसान परेशान हो, शिकायत करने पर धारा 38 का मुकदमा करना पड़ता है। जिससे किसानों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। धारा 38 को समाप्त किया जाए। किसानों ने संपूर्ण समाधान में मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और ज्ञापन देकर कहा कि स्वामीनाथन की रिपोर्ट के अनुसार फसलों पर एमएसपी लागू किया जाए। क्षेत्र के गांव बैरामपुर से अलियाबाद तक रोड टूटी हुई है और रूपपुर से टडोला तक की सड़क क्षतिग्रस्त है। इन शिकायतों की संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती की गई थी। लेकिन अभी समाधान नहीं किया है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया तो प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन में चौधरी राजेंद्र सिंह, हरकेश सिंह, मनीष कुमार चौधरी, शिवराज सिंह, टेकपाल सिंह, मंसाराम यादव, सुशील कुमार, शिव राम सिंह, शिवराम शर्मा, हरीराज सिंह आदि मौजूद रहे।

महिला से बनाए संबंध पति से कराया तलाक

बिलारी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव की रहने वाली महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गांव के ही आसिफ पुत्र मोहम्मद उमर ने उसे प्रेम जाल में फंसा कर संबंध बनाए। इसकी जानकारी होने पर पांच फरवरी को उसके परिवार ने उसकी शादी कहीं और करा दी। जिसके बाद आसिफ उससे पति से तलाक लेकर उससे शादी के लिए दबाव बनाता रहा और कई बार उससे दुष्कर्म भी किया।

आसिफ के कहने पर उसने पति से तलाक ले लिया और मायके में रहने लगी। इस बीच भी आरोपी ने कई बार संबंध बनाए। इसकी शिकायत उसने ग्राम प्रधान के पुत्र सुचित से की तो उसने डरा धमकाकर समझौता करा दिया। आसिफ की शिकायत जब परिवार वालों से की तो ग्राम प्रधान पुत्र ने उसे धमकी दी। अब पीड़िता ने तहरीर देकर दोनों लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हादसे में महिला समेत तीन घायल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : डीसीएम ने बाइक और साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने बाइकों से पीछाकर डीसीएम को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन चालक डीसीएम समेत फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मां-बेटे को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बोबदवाला मझरा पश्चिम निवासी 60 वर्षीय करतार सिंह पुत्र रिशाल सिंह शनिवार को गोबदवाला गांव गया था। वह साइकिल से अपने गांव वापस आ रहा था। उसके पीछे उत्तराखंड के रामनगर मंडी के गांव पीरु मदारा निवासी आसिफ पुत्र मोहम्मद उमर अपनी मां फातिमा को दवा दिलाकर बाइक से घर लौट रहा था।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायल महिला का उपचार करते चिकित्सक।

जैसे ही वह गोबदवाला गांव के मार्ग से निकल रहा था तो पूर्व प्रधान नरेश सिंह के आवास के निकट डीसीएम ने पीछे से बाइक और साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक और साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। डीसीएम की टक्कर से तीनों लोग सड़क पर गिर गए। ग्रामीणों ने डीसीएम का पीछा किया, लेकिन चालक डीसीएम लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों ने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजपाल सिंह सैनी ने बताया कि महिला व पुरुष की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

संपूर्ण समाधान दिवस | 18 शिकायतों में महज छह का ही मौके पर किया गया निस्तारण

चक रोड को कब्जा मुक्त कराने को दिया शिकायती पत्र

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : संपूर्ण समाधान दिवस में 18 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं। इसमें अधिकारियों ने छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया।

तहसील सभागार में रामूवाला गनेश निवासी कृष्ण कुमार ने शिकायत दर्ज कराई कि चार साल पूर्व सौभाग्य योजना के तहत कनेक्शन कराया था। अभी तक आपूर्ति चालू नहीं की गई है। मुनीमपुर के रघूनाथ सिंह ने पड़ोसी पर मेड़ काटकर पेड़ लगाने की शिकायत की है। उसने पेड़ों को हटवाने की मांग की है। डिलारी के ग्राम मिलक हुजरा निवासी कल्लो देवी ने घर के सामने सड़क पर कूड़ा डालकर कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई। रतूपुरा निवासी खुर्शीद अली ने बिजली मीटर की रीडिंग गलत होने की शिकायत दर्ज कराई है। डिलारी के श्योदासपुर निवासी नन्हे, सहजाद, रिहासत ने शिकायती पत्र देकर चक मार्ग को अवैध तरीके से जोतने की की शिकायत दर्ज कराई है। बुढ़नपुर निवासी हसीना ने शिकायती पत्र देकर कहा कि उसका राशन कार्ड बंद हो गया है। उसको राशन दिलाया जाए। मासूमपुर निवासी शहाबुद्दीन ने बिजली मीटर बदलवाने की मांग की है। ग्राम कल्याणपुर निवासी चंद्रसेन, जयपाल सिंह, पदम सिंह, ओमप्रकाश, प्रमोद कुमार, अजीज, पूरन ने चकरोड को राजस्व विभाग के चिह्नित करने के बाद भी कब्जा मुक्त नहीं करने की शिकायत की है। आरोपितों पर कार्रवाई कर चकरोड को खाली कराने की मांग की है। इसमें नायब तहसीलदार अंकित गिरी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

बिलारी में शिकायतें सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

शिकायतों के निस्तारण के दिए निर्देश

बिलारी, अमृत विचार : तहसील सभागार में नायब तहसीलदार अनिल कुमार मिश्रा ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं और उसके निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 18 शिकायतें दर्ज की गईं। जिसमें राजस्व विभाग की 11, विकास विभाग की एक, पुलिस विभाग की एक, विद्युत विभाग की तीन शिकायतों के अलावा दो अन्य शिकायतें दर्ज हुईं। सभी के निस्तारण के निर्देश दिए गए।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

बिलारी, अमृत विचार : भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता ने नगर में जर्जर बंच केबल एवं कम क्षमता के ट्रांसफार्मर बदलने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंपा। शनिवार को भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष ने मुरादाबाद पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को नगर में बिजली के जर्जर केबल एवं कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग को लेकर प्रतिनिधिमंडल के साथ ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी नगर में विद्युत आपूर्ति की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ा था। गर्मी में रोज किसी न किसी मोहल्ले के तार टूट जाते थे और ट्रांसफार्मर में आग लग जाती थी। विद्युत विभाग के कर्मचारी इसपर ध्यान नहीं देते। भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन देकर मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि इस समस्या से निजात दिलवाई जाए। विकास गुप्ता एवं मंडल अध्यक्ष महमूदपुर माफी हरिओम सैनी व पदाधिकारी रहे।

अलीगढ़ एयरपोर्ट का नाम किशनलाल दिलेर के नाम पर रखने की मांग

बिलारी, अमृत विचार : संपूर्ण समाधान दिवस में इंसाफ मोर्चा उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने अलीगढ़ एयरपोर्ट का नाम किशनलाल दिलेर के नाम पर रखने के संबंध में ज्ञापन तहसील दिवस अधिकारी को दिया।

शनिवार को वाल्मीकि समाज के इंसाफ मोर्चा उत्तर प्रदेश के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने अलीगढ़ एयरपोर्ट का नाम स्व. किशनलाल दिलेर के नाम पर रखने की मांग की। उन्होंने बताया कि सात बार के विधायक एवं तीन बार के सांसद रहे स्व. किशनलाल दिलेर के नाम अलीगढ़ एयरपोर्ट का नाम किया जाए। स्व. किशनलाल दिलेर प्रथम बार भारतीय जनसंघ के विधायक बने थे। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में इंसाफ मोर्चा के संस्थापक मानिक लाल एवं प्रमुख प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र सहदेव उपस्थित रहे

सार संक्षेप

रमनावाला में गुरुद्वारे में बैठक करते संयुक्त मोर्चा के किसान।

शुभकरण के परिजनों को मुआवजा देने की मांग

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मपाल सिंह तथा संयुक्त किसान मोर्चा कमेटी ठाकुरद्वारा के अध्यक्ष सरदार जसवंत सिंह के नेतृत्व में शुभकरण सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए रमनावाला गांव के गुरुद्वारा में एकत्र हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदार गुरमीत सिंह उप्पल ने की। किसान नेता प्रीतम सिंह ने कहा की केंद्र तथा राज्य सरकारें किसान आंदोलनों पर दमनकारी नीतियां अपना रही हैं। पदाधिकारियों ने शुभकरण सिंह के परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की मांग की। इस दौरान सरदार बलजिंदर सिंह, सुरजीत सिंह, गुरु सेवक सिंह, पलविंदर सिंह, गगनदीप सिंह, रवि चौहान, वीर सिंह, लियाकत हुसैन, मोहम्मद आजम उमर शेर, कैलाश सिंह, हर मनजोत सिंह, खुशीराम सिंह, अर्जुन सिंह, नरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

भाई पर लगाया मकान पर कब्जे के प्रयास का आरोप

भगतपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव की महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह तलाकशुदा है। वह अपने माता पिता के साथ निजी मकान में भाई से अलग रहती है। उसका भाई अवधेश कुमार आए दिन उससे मारपीट करता रहता है और जान से मारने की धमकी देता है। शनिवार सुबह उसने मेरे साथ गाली गलौच कर मारपीट की। मैंने शोर मचाया तो जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह मेरे मकान पर कब्जा कर मुझे जान से मारना चाहता है। थाना अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि महिला का पत्र मिल गया है। आरोपी के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

मंदिर में हुआ संगीतमय सुंदर कांड का पाठ

डिलारी, अमृत विचार : शनिवार को मिलक अमावती स्थित मंदिर में सुबहसंगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ किया गया। पंडित विशाल शर्मा ने बताया कि रामचरितमानस का पंचम सोपान सुंदरकांड है, जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र, हनुमान जी महाराज की भगवान राम के प्रति भक्तिभाव का सुंदर वर्णन है, सुन्दरकाण्ड पाठ सुनना व सुनाना दोनों ही लाभदायक है, सुंदरकाण्ड के पाठ करने से मानसिक रुप से भी व्यक्ति मजबूत होता है और विरोधियों को परास्त करता है। आयोजन में सुन्दर कांड समिति के गौतम शर्मा, हर्ष शर्मा, विवेक कश्यप, विमल कश्यप, सुरेंद्र, अंकित, आकाश, सहित कई भक्त मण्डल के सदस्य मौजूद रहे।

पुलिस ने बैंक शाखाओं और एटीएम की सुरक्षा जांची

छजलैट, अमृत विचार : पुलिस ने बैंक शाखाओं, एटीएम बूथ व संवेदनशील स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया और संदिग्ध व्यक्तियों से भी पूछताछ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार छजलैट पुलिस द्वारा अपराधियों पर नियंत्रण व दृष्टि रखने के उद्देश्य से पुलिस ने बैंक, एटीएम, संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग आदि की और संबंधित व्यक्तियों को दिशा निर्देश दिए। बैंकों में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात, सुरक्षा कर्मियों को निर्देश देकर बताया कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या किसी प्रकार की समस्या आती है तो थाने को सूचना दें।

राजेंद्रा एकेडमी में न्यू एजुकेशन पॉलिसी पर कार्यशाला

छजलैट, अमृत विचार : शनिवार को छजलैट क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर स्थित राजेंद्रा एकेडमी में सीबीएसई देहरादून द्वारा न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 पर कार्यशाला हुई। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन राहुल चावला तथा प्रशांत कुमार ने न्यू एजुकेशन पॉलिसी के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला में मुरादाबाद मण्डल के स्कूलों के 50 से भी अधिक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या सरिता रानी ने सभी आगतुकों का आभार व्यक्त किया।

किशोरी से दुष्कर्म के दो आरोपियों को भेजा जेल

भोजपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव निवासी किसान की 14 वर्षीय पुत्री से दुष्कर्म के दो आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। थाना पुलिस ने बताया कि चार दिन पहले क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के आरोपी फरदीन, मुस्तकीम निवासी रूस्तमपुर तिगरी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

कूड़ा डालने का विरोध करने पर किया हमला

छजलैट, अमृत विचार : थाना छजलैट क्षेत्र की ग्राम चक पचोकरा निवासी अनुज कुमार पुत्र अजब सिंह ने थाना क्षेत्र में दी तहरीर में कहा है कि गांव में उनके घर के सामने ग्राम समाज की जमीन पर गांव के ही कुछ लोग कूड़ा डाल रहे हैं। जिस कारण उनके घर के पास गंदगी रहती है। उन्होंने ग्राम समाज की जमीन पर कूड़ा डालने से मना किया तो आरोपी मारपीट पर आमादा हो गए। कुछ समय बाद ही आरोपी पीड़ित के घर पर बंदूक और तमंचा लेकर आए और उनके घर पर फायर कर दिए। पीड़ित ने थाना में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

दहेज के लिए महिला को घर से निकाला

छजलैट, अमृत विचार : थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर चौराह निवासी भूरी पुत्री बाबू ने थाना छजलैट में दी तहरीर में बताया है कि उसका विवाह 3 वर्ष पूर्व इस्लामुद्दीन पुत्र शकील के साथ हुआ था। शादी के बाद पीड़िता के ससुर, सास, ननद सहित अन्य ससुराल पक्ष के लोग उनके साथ मारपीट व गाली गलौज करने लगे। वह एक बुलेट तथा एक लाख रुपए नकद की मांग करते थे। एक वर्ष पूर्व ससुराल के लोगों ने मारपीट कर मुझे घर से निकाल दिया था। पीड़िता ने थाना छजलैट में तहरीर देकर ससुराल पक्ष के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

पौधरोपण कर ग्रामीणों को किया जागरूक

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज सुरजननगर जयनगर की एनएसएस की तृतीय इकाई ने शिविर के पांचवें दिन पौधरोपण किया। शिविर में पर्यावरण के बारे में डॉ. अरविंद कुमार ने जानकारी दी। डॉ. अरुण कुमार यादव, कुलदीप व्यास तथा छात्र-छात्राओं में विकास कुमार, आंचल रानी, सीमा रानी, मनीषा, गौरव, सत्यम, दीपक, अंशु, खुशबू कुमारी, खातून बबीता, भूपेंद्र सिंह, चंचल रानी, दीपक कुमार, दिव्यांशी रानी, इल्मा परवीन, फैजान अहमद, कमलदीप चौहान, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद रशीद, मोहम्मद अनस, शिवम कुमार, शिवानी ने प्रतिभाग किया।

मिठाई खिलाकर खुशी जताते विश्नोई समाज के लोग। ● अमृत विचार

विश्नोई समाज के लोगों ने जताई खुशी

कांठ, अमृत विचार : मुख्यमंत्री द्वारा मुरादाबाद में गुरु जम्भेश्वर के नाम से राज्य विश्वविद्यालय की घोषणा से विश्नोई समाज में हर्ष है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सलिल विश्नोई, मुरादाबाद नगर विधायक रितेश गुप्ता ने विश्नोई समाज को इस संबंध में आश्वासन भी दिया था। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद में आयोजित जनसभा में गुरु जम्भेश्वर के नाम से राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा कर दी है। राज्य विश्वविद्यालय का नाम गुरु जम्भेश्वर के नाम पर होने की घोषणा होने से नगर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। समाज के लोगों ने मिष्ठान वितरित कर खुशी जताई। भीमगोड़ा हरिद्वार के विख्यात संत स्वामी राजेंद्रानंद, स्वामी प्रणवानंद, स्वामी मुक्तानंद, धर्मपाल सिंह विश्नोई, अभय कुमार विश्नोई, अशोक विश्नोई, सेवानिवृत डिप्टी एसपी संजय विश्नोई, श्रीओम विश्नोई, ओमकार सिंह, अनुज विश्नोई, कुंवर सुरेंद्र सिंह, दिलावर सिंह, सीपी सिंह, मास्टर सुरेंद्र सिंह, राजपाल सिंह, अनिल विश्नोई, नवनीत विश्नोई ने मिष्ठान वितरण कर खुशी जताई।

15.30 करोड़ हुई उत्तर प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या

31 लाख नाम सूची से कटे हैं इस बार उत्तर प्रदेश में

15 लाख युवा मतदाता यूपी में

किस राज्य में कब होंगे चुनाव

पहला चरण

21 राज्यों की **102** सीटों के लिए चुनाव होगा

20 मार्च को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

19 अप्रैल को मतदान होगा।

अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार, जम्मू कश्मीर, लक्षद्वीप, पुद्दुचेरी।

दूसरा चरण

13 राज्यों की **89** सीटों के लिए चुनाव होगा

28 मार्च को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

26 अप्रैल को मतदान होगा।

असम, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर।

तीसरा चरण

12 राज्यों की **94** सीटों के लिए चुनाव होगा

12 अप्रैल को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

7 मई को मतदान होगा।

असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दादर नागर हवेली और दमन दीव।

चौथा चरण

10 राज्यों की **96** सीटों के लिए चुनाव होगा

18 अप्रैल को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

13 मई को मतदान होगा।

आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर।

पांचवां चरण

8 राज्यों की **49** सीटों के लिए चुनाव होगा

26 अप्रैल को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

20 मई को मतदान होगा।

छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, लद्दाख।

छठा चरण

7 राज्यों की **57** सीटों के लिए चुनाव होगा

29 अप्रैल गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

25 मई को मतदान होगा।

बिहार, हरियाणा, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में मतदान होगा।

सातवां चरण

8 राज्यों की **57** सीटों के लिए चुनाव होगा

7 मई को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

1 जून को मतदान होगा।

बिहार, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़।

यूपी के रेड कार्पेट पर भाजपा को चुभेंगे इंडिया गठबंधन के कांटे?

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगी दलों की बदौलत 80 में से 80 सीट जीतने का दावा कर रही है। राम मंदिर के निर्माण से उपजा माहौल, रालोद का साथ व लाभार्थियों की बड़ी संख्या भाजपा की उम्मीद है। इंडिया गठबंधन की रणनीति व बसपा की चुनावी बिसात से भाजपा को कड़ी चुनौती मिलने वाली है। ऐसे में प्रदेश के रेड कार्पेट पर भी उसे इंडिया गठबंधन के कांटे चुभेंगे। वरिष्ठ संवाददाता सतीश श्रीवास्तव की रिपोर्ट...

लखनऊ कार्यालय, अमृत विचार



कहते हैं कि दिल्ली की कुर्सी का रास्ता उत्तर प्रदेश से ही होकर जाता है। प्रदेश में सर्वाधिक अस्सी सीटों में जिसकी जीत दिल्ली की कुर्सी उस दल के हाथ में। वर्तमान समय में कांग्रेस के पास मात्र एक सीट व सपा के पास पांच सीटें हैं।कुल मिलाकर इंडिया गठबंधन छह सीटों पर सिमटा हुआ है।बसपा के पास दस सीटें हैं। सपा से समझौते में कांग्रेस को मात्र सत्रह सीटें मिली हैं। कांगेस वे सभी सीटें 21 सीटें चाहती है। जिसमें उसने 2009 में जीत हासिल की थी।उस समय कांग्रेस को 18.2 प्रतिशत वोट मिले थे।जब सपा का भी साथ नहीं था।

भारतीय जनता पार्टी व उसके सहयोगी दलों के पास वर्तमान समय में 66 सीटें हैं। बावजूद इसके उत्तर प्रदेश की 80 में से 80 सीटें के दावे आसान नहीं दिखते। माहौल पक्ष में होने के बावजूद जातीय समीकरण भाजपा के पक्ष में नहीं है। इंडिया गठबंधन इस बार उत्तर प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल करना चाहती है। उधर भाजपा की रणनीति उत्तर प्रदेश में सभी अस्सी सीटों पर जीत हासिल करने की है।उसके पास वर्तमान समय में बासठ सीटें हैं। चार सीटें सहयोगी दलों के पास हैं। अयोध्या में राममंदिर निर्माण के बाद भाजपा माहौल भी अपने पक्ष में देख रही है। उसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) में कितना सेंध लगा पाती है। भाजपा का सबसे बड़ा भरोसा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी हैं। उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या ढाई करोड़ है। समस्या है कि प्रदेश के 40 हजार बूथ अल्पसंख्यक बाहुल्य हैं। 35 हजार बूथ ऐसे हैं जहां पिछले चुनाव में भाजपा को बराबर की टक्कर मिली थी। 2019 के चुनाव में भाजपा ने लगभग एक लाख बूथ जीतकर 62 सीटों पर कब्जा जमाया था। अब इन बूथों पर भी समीकरण बदले हैं। 2009 में अकेले दम पर 18.2 प्रतिशत वोट हासिल कर 21 सीट जीतने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाकर 50 सीटों पर जीत की रणनीति बना रही है। भाजपा के लिए सबसे अधिक प्रतिष्ठा वाली सामान्य सीट अयोध्या पर समाजवादी पार्टी ने दलित (पासी) उम्मीदवार उतार कर कड़ी चुनौती उत्पन्न कर दी है। अयोध्या संसदीय क्षेत्र में पासी की संख्या काफी अधिक है। जो पिछले चुनाव तक भाजपा के साथ था। बाराबंकी में भी सांसद के आपत्तिजनक वायरल वीडियो ने भाजपा की नींद उड़ा रखी है। गोंडा में भी एक बार भाजपा उम्मीदवार कीर्ति वर्धन सिंह को पराजित कर चुके बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को चुनाव मैदान में उतार कर भाजपा के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है।



भारतीय जनता पार्टी व उसके सहयोगी दलों के पास वर्तमान समय में 66 सीटें हैं। बावजूद इसके उत्तर प्रदेश की 80 में से 80 सीटें के दावे आसान नहीं दिखते। माहौल पक्ष में होने के बावजूद जातीय समीकरण भाजपा के पक्ष में नहीं है। इंडिया गठबंधन इस बार उत्तर प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल करना चाहती है। उधर भाजपा की रणनीति उत्तर प्रदेश में सभी अस्सी सीटों पर जीत हासिल करने की है।उसके पास वर्तमान समय में बासठ सीटें हैं। चार सीटें सहयोगी दलों के पास हैं। अयोध्या में राममंदिर निर्माण के बाद भाजपा माहौल भी अपने पक्ष में देख रही है। उसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) में कितना सेंध लगा पाती है। भाजपा का सबसे बड़ा भरोसा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी हैं। उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या ढाई करोड़ है। समस्या है कि प्रदेश के 40 हजार बूथ अल्पसंख्यक बाहुल्य हैं। 35 हजार बूथ ऐसे हैं जहां पिछले चुनाव में भाजपा को बराबर की टक्कर मिली थी। 2019 के चुनाव में भाजपा ने लगभग एक लाख बूथ जीतकर 62 सीटों पर कब्जा जमाया था। अब इन बूथों पर भी समीकरण बदले हैं। 2009 में अकेले दम पर 18.2 प्रतिशत वोट हासिल कर 21 सीट जीतने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाकर 50 सीटों पर जीत की रणनीति बना रही है। भाजपा के लिए सबसे अधिक प्रतिष्ठा वाली सामान्य सीट अयोध्या पर समाजवादी पार्टी ने दलित (पासी) उम्मीदवार उतार कर कड़ी चुनौती उत्पन्न कर दी है। अयोध्या संसदीय क्षेत्र में पासी की संख्या काफी अधिक है। जो पिछले चुनाव तक भाजपा के साथ था। बाराबंकी में भी सांसद के आपत्तिजनक वायरल वीडियो ने भाजपा की नींद उड़ा रखी है। गोंडा में भी एक बार भाजपा उम्मीदवार कीर्ति वर्धन सिंह को पराजित कर चुके बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को चुनाव मैदान में उतार कर भाजपा के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है।

2019 के चुनाव में कुर्मी मतदाता जहां यहां पर भाजपा के खेमे में दिखाई पड़ रहे थे। अब समाजवादी पार्टी के खेमें में नजर आ रहे हैं। सुल्तानपुर में मेनका गांधी को लेकर भाजपा का उहापोह खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसी ही स्थिति कैसरगंज को लेकर है। श्रावस्ती में पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा का टिकट कटने के बाद हालात बदले हैं। बहराइच में भी लड़ाई आसान नहीं है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति और मतदाताओं के ध्रुवीकरण को लेकर भाजपा की उम्मीदें बड़ी हैं।

भाजपा के गढ़ को भेदने में सक्षम सपा-कांग्रेस गठबंधन!

● सुरेश पाण्डेय, बरेली

अमृत विचार: सपा-कांग्रेस के गठबंधन ने बरेली में भाजपा का विजयरथ रोकने के लिए तैयारी की है, उनकी तैयारी कितनी कारगर होगी यह तो रिजल्ट बताएगा लेकिन आंकड़ों पर गौर करें वर्ष 1989 से इस सीट पर भाजपा का ही कब्जा रहा है। 2009 में कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन ने भाजपा प्रत्याशी रहे संतोष गंगवार को हराकर भाजपा प्रत्याशी की लगातार जीतते आ रही डोर में गांठ डाल दी।

इस बार अभी तक भाजपा ने अपना प्रत्याशी तय नहीं किया है लेकिन भाजपा के गढ़ में समाजवादी पार्टी का कांग्रेस के साथ पहली बार हुए गठबंधन के आगे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ना तय माना जा रहा है। सपा और कांग्रेस का सांगठनिक ढांचा भाजपा के मजबूत संगठन के आगे कई मायने में कमजोर माना जा रहा है।

समाजवादी पार्टी के अंदर नेताओं के बीच खींचतान जगजाहिर है। सम्मेलनों में मारपीट, कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता और अनुशासन की कमी सपा नेताओं को एकजुट करने में बड़ी बाधा है और इसे सपा के नेता भी स्वीकार करते हैं। यह भी संभव है कि जनता इस बार नया नेता चुनना चाहती हो। विधानसभा में उसके विधायक ज्यादा है। जिले की बात करें तो नौ विधानसभा में कांग्रेस का एक भी विधायक नहीं है। जबकि सपा के भोजीपुरा और बहेड़ी से दो विधायक हैं। नगर निगम में सपा के मौजूदा समय 14 पार्षद हैं। इनमें 13 जीतकर आए और एक निर्दलीय लड़कर सपा में शामिल हुए। कांग्रेस के तीन पार्षद हैं। निगम में भी ज्यादातर पार्षदों का रूख सत्तापक्ष के निर्णयों में हां में हां मिलाना रहता है। नगर निगम के पिछले बोर्ड में सपा के 28 पार्षद थे तीन अन्य ने सपा ज्वाइन की थी। अनुशासनहीनता और कमजोर सांगठनिक क्षमता के बल पर सपा- कांग्रेस प्रत्याशी को ज्यादा मेहनत की जरूरत है।

दिल्ली–लखनऊ पर बरेली की बराबर की नजर

देश व प्रदेश की राजधानी के बीच नाथनगरी बरेली लोकसभा सीट अहमियत रखती है। अभी तक मजबूत सीट के रूप में मानी जा रही भाजपा की बरेली सीट पर अभी प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ है लेकिन हर चुनाव में जीतने के लिए हर प्रत्याशी को पसीना बहाना पड़ता है। जीत के प्रति निश्चिंतता और जीतने के लिए भी सभी प्रत्याशी गांव की खाक छानते हैं। बरेली लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभाएं आती हैं। इनमें बरेली कैंट, शहर, नवाबगंज, मीरगंज विधानसभा में भाजपा विधायक हैं। भोजीपुरा विधायक कौन सी करवट लेते हैं। राज्य सभा चुनाव और उसके पहले भी हुए चुनाव में सपा के भोजीपुरा विधायक का वोट अपनी पार्टी के प्रत्याशी को नहीं जाना सपा की बैठकों में नहीं आने आदि मामले इसके पीछे उदाहरण बने हैं। सपा –कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी की भी क्षेत्र के हर वर्ग की जनता पर पकड़ है। इस बार अभी तक बसपा और भाजपा का प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ तो गठबंधन प्रत्याशी लोगों के बीच जाकर अपना संपर्क बढ़ा रहे हैं।

सपा और बसपा गठबंधन भी भाजपा के किले को नहीं ढहा सका

2019 में सपा और बसपा गठबंधन के प्रत्याशी रहे भगवत सरन गंगवार ने भाजपा प्रत्याशी से टक्कर ली थी। उन्हें 3 लाख 97 हजार 988 वोट मिले थे जबकि कांग्रेस से लड़े प्रवीण सिंह ऐरन को 74 हजार 206 वोट मिले। 2014 में सपा की आयशा इस्लाम को 2 लाख 77 हजार 573 वोट मिले। बसपा के उमेश गौतम को एक लाख 6 हजार 49 तो कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन को 84 हजार 213 वोट ही मिले। इसके पहले 2009 में कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन को सर्वाधिक 2 लाख 20 हजार 976 वोट मिले। यह कुल वोटों का 31 .31 फीसदी था। जबकि भाजपा प्रत्याशी को 29 .99 फीसदी वोट यानि 2 लाख 11 हजार 638 वोट मिले थे। बसपा के इस्लाम साबिर को एक लाख 81 हजार 996 और सपा के भगवत सरन को 73 हजार 549 वोट ही मिले थे।

97 करोड़ से अधिक पात्र मतदाता मतदान में हिस्सा लें: सीईसी

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को कहा कि 97 करोड़ से अधिक मतदाता लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करने के पात्र हैं और सभी को लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेना चाहिए। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के दौरान संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग देश भर में 10 .5 लाख मतदान केंद्र स्थापित करने की तैयारी कर रहा है। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ दो नए चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू भी थे। उन्होंने कहा, हम पूरी तरह से तैयार हैं और मैं मतदाताओं से मतदान में हिस्सा लेने का अनुरोध करता हूं। उनका कहना था, यह हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। कुमार ने कहा कि आयोग राष्ट्रीय चुनाव को इस तरह से कराने का वादा करता है जिससे विश्व मंच पर भारत का गौरव बढ़े। कुमार ने कहा, सभी राज्यों में स्थिति का आकलन करने के बाद हम एक यादगार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने को लेकर आश्वस्त हैं।

26 विस क्षेत्र में होंगे उप चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में लोकसभा चुनावों के साथ हिमाचल प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश समेत 13 राज्यों के 26 विधानसभा क्षेत्रों में भी उप चुनाव कराये जायेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को यहां अट्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव की घोषणा करते हुए कहा कि देशभर में 26 विधानसभा क्षेत्रों में भी उप चुनाव कराए जाएं।

इन क्षेत्रों में मतदान लोकसभा के चुनाव के साथ होगा। ये विधानसभा क्षेत्र 13 राज्यों में हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश के छह, गुजरात के पांच, उत्तर प्रदेश के चार, पश्चिम बंगाल के दो और हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक विधानसभा सीट शामिल है। उत्तर प्रदेश के दादरौल, लखनऊ पूर्व, गैनसारी और दुधी विधानसभा क्षेत्र, पश्चिम बंगाल के भगवाल गोला और बारानगर विधानसभा, तेलंगाना के सिकंदराबाद छावनी विधानसभा सहित कई विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव होगा।

वहीं, मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने शनिवार को घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव सुरक्षा चिंताओं के कारण लोकसभा चुनाव के बाद कराए जाएंगे, क्योंकि दोनों चुनाव एक साथ कराना अव्यावहारिक प्रतीत होता है। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा की। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी। जम्मू-कश्मीर में पांच चरणों में मतदान होगा।

दिल्ली की सभी सीटों के लिए 25 मई को होगा मतदान

दिल्ली की सभी सात सीटों के लिए 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी और 6 मई तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 7 मई को होगी और नाम वापसी के लिए 9 मई तारीख तय की गई है। मतदान 25 अप्रैल को होगा और 4 जून को मतगणना होगी। 6 जून तक चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। दिल्ली में चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली एवं दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र हैं। जिनमें सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। लेकिन इस बार 6 सीटों में भाजपा हाई कमान ने वर्तमान सांसदों के टिकट काटकर नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है।

उत्तर प्रदेश की 24 सीटों के लिए भाजपा में शीर्ष मंथन जारी

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश की 24 सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित करने में भाजपा हाई कमान को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। केंद्रीय चुनाव समिति के कई सदस्य अलग-अलग सीटों पर मंथन कर रहे हैं। लेकिन अंतिम फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, इसलिए अभी तक कोई भी नाम तय नहीं हो पाया है।

उत्तर प्रदेश में बरेली, कानपुर, सुल्तानपुर, पीलीभीत, अलीगढ़, इलाहाबाद, कैसरगंज, रायबरेली, मैनपुरी, भदोही सीट में सबसे ज्यादा मंथन हो रहा है। पार्टी के संगठन महासचिव बीएल संतोष सहित कई नेताओं के पास उक्त सीटों के दावेदार डेरा डाले हुए हैं। दूसरी सूची में उप्र की बची हुई सीट से कोई नाम घोषित न होने के बाद 24 सीटों के दावेदारों

● **बरेली, कानपुर, सुल्तानपुर, कैसरगंज, पीलीभीत, प्रयागराज, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ पर सर्वाधिक चर्चा**

में बेचैनी और बढ़ गई है। भाजपा के जिन सांसदों के टिकट पर रोक लगी है उनमें मेनका, संतोष गंगवार, सत्यदेव पचौरी, वरुण, रीता बहुगुणा, जनरल वीके सिंह, बृजभूषण सिंह एवं सतीश गौतम मुख्य हैं।

24 सीटों के लिए पार्टी हाई कमान ने उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव बैजयंत जय पांडा से योग्य उम्मीदवारों के नाम मांगे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह से सलाह मशविरा करने के बाद एक सूची केंद्रीय चुनाव समिति को सौंप दी है। इन नामों पर केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य ओमप्रकाश माथुर भूपेंद्र यादव एवं डॉक्टर सुधा यादव ने अपनी रिपोर्ट केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंप दी है। रिपोर्ट की एक कॉपी संगठन महासचिव संतोष को भी दी गई है। यह चारों नेता चुनाव समिति के भी सदस्य हैं। चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी संसदीय क्षेत्र उप्र में आता है, इसलिए अंतिम फैसला उनकी मौजूदगी में ही होगा। शायद यही वजह है कि अभी तक किसी भी संसदीय क्षेत्र से किसी किसी भी नाम का खुलासा नहीं हो पा रहा है और टिकट के दावेदार उक्त नेताओं के यहां डेरा डाले हुए हैं। रायबरेली एवं मैनपुरी से चुनाव समिति किसी बड़े नेता को उम्मीदवार बनाना चाहती है। भाजपा की तीसरी सूची 17 या 18 तक आ जाएगी। पहली सूची में उप्र के 51 उम्मीदवार घोषित किए थे। मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज, घोसी, बिजनौर एवं बागपत की पांच सीटें भाजपा के तीन सहयोगी दलों को दी गई है।

15 बड़ी सीटों पर कब होगा मतदान

- **वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीट, यहां 1 जून को सबसे आखिरी चरण में मतदान
- **गांधीनगर :** गृह मंत्री अमित शाह की सीट, यहां 7 मई को मतदान
- **वायनाड :** राहुल गांधी की सीट, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **अमेठी :** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की सीट, यहां 20 मई को मतदान
- **विदिशा :** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान यहां से मैदान में, यहां 7 मई को मतदान
- **लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सीट, यहां 20 मई को मतदान
- **तिरुवनंतपुरम :** यहां से कांग्रेस के मौजूदा सांसद शशि थरूर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर मैदान में, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **गुना :** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया यहां से मैदान में, यहां 7 मई को मतदान
- **करनाल :** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर यहां से चुनाव लड़ रहे हैं, यहां 25 मई को मतदान
- **हरिद्वार :** उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत यहां से मैदान में, यहां 19 अप्रैल को मतदान
- **नागपुर :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सीट, यहां 19 अप्रैल को मतदान
- **मुंबई उत्तर :** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल पहली बार इसी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, यहां 20 मई को मतदान
- **कोटा :** निवर्तमान लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला की सीट, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **हमीरपुर :** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की सीट, यहां 1 जून को मतदान
- **उत्तर पूर्व दिल्ली :** भाजपा के मौजूदा सांसद मनोज तिवारी की सीट, यहां 25 मई को मतदान

क्षेत्रीय दलों की संख्या में कई गुना हुआ उछाल, 39 से 458 हुए क्षेत्रीय दल, 1951 की 14 में से केवल दो दलों का आजतक कायम है अस्तित्व

अपनी तासीर भी नहीं बची 12 राष्ट्रीय पार्टियों की, चार का हुआ प्रादुर्भाव

● अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार: 1951 से 2019 तक 17 बार लोकसभा का आम चुनाव हो चुका है। 18वीं बार होने जा रहा है। राष्ट्रीय दल शेयर मार्केट की तरह धराशायी होते गए और क्षेत्रीय दलों का शेयर मार्केट कई गुना बढ़ गया। पहले लोकसभा चुनाव में 14 नेशनल पार्टियों व 39 क्षेत्रीय दलों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और लोकसभा की कुल 489 सीटों पर अपने कंडीटेट उतारे थे। लेकिन 2014 तक आते आते नेशनल पार्टियों की संख्या घट कर छह रह गई। इसमें 1951 की 14 में से केवल दो दल ही आज के समय में दिख रहे हैं। जबकि क्षेत्रीय दलों की संख्या में कई गुना इजाफा हुआ और इनकी संख्या 39 की जगह 458 हो गई।

पहले लोकसभा चुनाव के दौरान देश में मात्र 489 सीटें ही थीं। पूरे देश में 17 करोड़ 32 लाख से अधिक मतदाता थे। इनमें कुल 44.89 प्रतिशत यानि 105950083 मतदाताओं ने ही वोट डाला था। पहले चुनाव में कुल 1874 कंडीडेट मैदान में थे। इनमें से नेशनल पार्टी भारतीय जनसंघ के 94, बोल्सेविक पार्टी आफ इंडिया का एक, सीपीआई के 49, एफबीएल मार्कसवादी ग्रुप के 22, एफबीएल(आरजी) के 6, हिंदू महासभा के 31, इंडियन नेशनल कांग्रेस के 479, केएलपी के 29, किसान मजदूर प्रजा पार्टी के 145, आरसीपीआई के 2, आरआरपी के 61, एसएसपी के 9, एससीएफ के 35 तथा सोसलिस्ट पार्टी के 254 प्रत्याशी मैदान में थे। वहीं क्षेत्रीय 39 क्षेत्रीय दलों के 134 तथा निर्दल के 533 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। सभी 14 राष्ट्रीय पार्टियों के 1217 उम्मीदवारों में 418 ने जीत दर्ज की थी, जबकि क्षेत्रीय दलों ने कुल 34 सीटें जीती थीं। इससे अधिक 37 उम्मीदवार निर्दल के थे जिन्होंने जीत दर्ज की थी।

राष्ट्रीय दलों में कांग्रेस व सीपीआई को छोड़कर सभी 12 दलों की तासीर तक नहीं बची। अब हम 2014 व 2019 की बात करें तो मौजूदा समय भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, सीपीआई, सीपीएम, एनसीपी व आप ही नेशनल कटेगरी में शामिल हैं। क्षेत्रीय दलों की संख्या में जबर्दस्त उछाल आया है। मौजूदा समय 458 से अधिक क्षेत्रीय दल हैं जिनका आम लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद व पंचायत के चुनावों में दखल बढ़ा है। जिस तरह इन दलों का वजूद बढ़ा है उसी तरह चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। मौजूदा समय 543 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं और लड़ने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ी है। 2014 के आम चुनाव में पूरे देश में 8251 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इलेक्शन कमीशन आफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार 2014 में एक सीट पर तीन कंडीडेट से लेकर 30 कंडीडेट ने अपना दावा ठोंका था। कुल मिला कर भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में बीच-बीच कई अन्य दलों का उद्भव हुआ और उनका अवसान भी हो गया। लेकिन आज केवल उनके नाम बचे हैं जिनके बारे में उम्रदराज लोग ही जानते होंगे।

2024 में राष्ट्रीय पार्टी

- आम आदमी पार्टी
- भारतीय जनता पार्टी
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्कसवादी)
- नेशनल पीपुल्स पार्टी
- बहुजन समाज पार्टी

1951 में राष्ट्रीय दल

- भारतीय जनसंघ
- कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया
- बोल्सेविक पार्टी आफ इंडिया
- फारवर्ड ब्लाक मार्कसवादी ग्रुप
- फारवर्ड ब्लाक (रुइकर ग्रुप)
- अखिल भारतीय हिंदू महासभा
- कृषिकर लोक पार्टी
- किसान मजदूर प्रजा पार्टी
- रिवोल्यूशनरी कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया
- अखिल भारतीय रामराज्य परिषद
- रिवोल्यूशनरी सोसलिस्ट पार्टी
- आल इंडिया शिड्यूलकास्ट फेडरेशन
- सोसलिस्ट पार्टी

देश को विकसित बनाने के लिए राह दिखाएंगे 11 विश्वविद्यालय

रुहेलखंड विवि, बरेली, लखनऊ और कानपुर शामिल

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : विकसित भारत का लक्ष्य पूरा करने के लिए शासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा। लखनऊ समेत प्रदेश के 11 विश्वविद्यालयों को सम्मिलित सवा सौ करोड़ की धनराशि दी गई है। इस धनराशि से विशेषज्ञ और छात्र मिलकर शोध और नवाचार करेंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकारें विकसित भारत की तस्वीर को साकार करना चाहती है। इसके लिए शासन ने अध्ययन के क्षेत्र में शोध और बदलाव का सहारा लिया है। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय सहित 11 विवि को जिम्मेदारी दी गई है। इन विवि के विशेषज्ञ शोधार्थियों के साथ मिलकर शोध और नवाचार लाएंगे।

संत परंपरा से सांस्कृति विरासत तक पर रहेगा फोकस : उप्र राजर्षि टण्डन मुक्त विवि के प्रवक्ता डॉ. गिरीश कुमार द्विवेदी ने बताया कि शोध और नवाचार के रूप में भारतीय संत परंपरा को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके तहत संस्कृति से जुड़ी पुरानी पद्धतियों को छात्रों के समक्ष लाया जाएगा। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि की डॉ. पूनम चौधरी ने कहा कि उप्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक विरासत को आगे लाना आवश्यक है। महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विवि बरेली की डॉ. छवि शर्मा का मानना है कि नई तकनीकी ही गांव के विकास को आगे बढ़ा सकती है। जो शोध किये जाएंगे, उसके आधार पर किताबें प्रकाशित होंगी। इसके सहारे छात्रों को कुछ नया करने और सीखने में मदद मिलेगी। प्रदेश के 11 विश्वविद्यालयों में प्रकाशित पुस्तकें हस्तांतरित किये जाने के निर्देश मिले हैं। शोध में मशीनों का आधुनिकीकरण, प्लास्टिक मेटेरियल का निस्तारण, स्वास्थ्य, बच्चों से जुड़ी बीमारियों को प्रमुख रूप से शामिल किया गया है। शोध में निकले परिणाम से संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। ताकि इनका प्रयोग कर होने वाली दिक्कतों को कम किया जा सके।

इन विवि को किया गया है सम्मिलित

संयुक्त सचिव प्रेम कुमार पाण्डेय की ओर से जारी किये गए आदेश में प्रदेश के 11 विवि सम्मिलित किये गए हैं। इसमें लखनऊ विवि, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विवि बरेली, चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ, डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि आगरा, सिद्धार्थ विवि कपिल वस्तु सिद्धार्थनगर, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि जौनपुर, दीनदयाल उपाध्याय विवि गोरखपुर, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि अयोध्या, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि लखनऊ, उप्र राजर्षि टण्डन मुक्त विवि प्रयागराज और छत्रपति साहूजी महाराज विवि कानपुर सम्मिलित हैं।

यूपी विधानसभा की चार सीटों पर भी होगा उपचुनाव

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही विधानसभा की चारों रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव भी घोषित हो गया है। इन चारों सीटों के लिए मतदान लोकसभा चुनाव के साथ ही होंगे। लखनऊ पूर्व में 20 मई को मतदान होगा, जबकि ददरौल में 13 मई, गैसड़ी में 25 मई व दुद्धी में एक जून को मतदान होगा। लखनऊ पूर्व विस सीट भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन की मृत्यु हो जाने के कारण से रिक्त है। यहां का उपचुनाव पांचवें चरण के साथ होगा। शाहजहांपुर जनपद की ददरौल सीट भाजपा विधायक मानवेन्द्र सिंह की मृत्यु को हो जाने के कारण से रिक्त है। यहां पर चौथे चरण के साथ यानी 13 मई को वोट डाले जाएंगे। बलरामपुर जिले की गैसड़ी विस सीट सपा के डा. शिव प्रताप यादव की मृत्यु के कारण रिक्त है। यहां का उपचुनाव 25 मई को होगा। सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट भाजपा विधायक राम दुलार को न्यायालय से 25 वर्ष की सजा सुनाए जाने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था। यहां का उपचुनाव सातवें चरण के साथ होगा।

शत प्रतिशत फैमिली आईडी कार्ड बनाने में जुटी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नए आवेदनकर्ताओं को लैमिनेटेड फैमिली आईडी कार्ड उपलब्ध कराए जाने का आदेश

अमृत विचार : राज्य सरकार ने अधिकारियों को शत प्रतिशत फैमिली आईडी कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया है। लोगों को कार्ड उपलब्ध कराए जाने के लिए समस्त जिलाधिकारियों को धनराशि भी हस्तांतरित की जा चुकी है।नए आवेदनकर्ताओं को लैमिनेटेड फैमिली आईडी कार्ड देना है।

राशनकार्ड धारकों के लिए उनका राशनकार्ड नंबर ही फैमिली आईडी है। इसके तहत 3.57 करोड़ परिवार और 14.88 करोड़ सदस्य हैं। वहीं गैर राशनकार्ड धारकों के लिए फैमिली आईडी पोर्टल का निर्माण किया गया है, जिसमंए अभी तक कुल 2,26,574 आवेदन प्राप्त हुए हैं। योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री सुमंगला योजना के लिए सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से कॉलिंग एवं डीपीओ द्वारा सत्यापन कर 32 हजार संभावित लाभार्थियों की पहचान की गई है। राशन कार्ड से वंचित 16 लाख पेंशन धारकों का सत्यापन कर राशन कार्ड से आच्छादित करने के लिए संभावित लाभार्थियों की सूची राशन कार्ड विभाग के साथ साझा की गई है। 60 वर्ष से अधिक आयु के 3.37 लाख एकल सदस्य परिवार (वृद्धजन) का सत्यापन कर वृद्धावस्था पेंशन से आच्छादित करने के लिए संभावित लाभार्थियों की सूची साझा की गई है। जबकि 50 वर्ष से अधिक आयु के 2.14 लाख एकल सदस्य परिवार (निराश्रित महिला) का सत्यापन कर निराश्रित महिला पेंशन से आच्छादित करने के लिए संभावित लाभार्थियों की सूची साझा की गई है। इसके अतिरिक्त फैमिली आईडी से राजस्व विभाग की सेवाओं का भी सरलीकरण किया गया है। इसके तहत परिवार से किसी सदस्य का जाति या निवास प्रमाण पत्र जारी होने के बाद फैमिली आईडी डेटाबेस के उपयोग से अन्य सदस्यों के जाति या निवास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया आसान हुई है।

सार-संक्षेप

दुष्कर्म के मामले में मुंहबोले चाचा को उम्रकैद

मथुरा, एजेंसी : मथुरा की एक अदालत ने तीन महीने के कार्य दिवस के अन्दर ही दुष्कर्म के एक प्रकरण में फैसला देते हुए आरोपी मुंहबोले पड़ोसी चाचा को उम्रकैद के साथ साथ 52 हजार रूपए का अर्थदण्ड देने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार महावन थाना क्षेत्र के एक पीड़ित ने पुलिस को दिए शिकायती-पत्र में बताया कि 24 सितंबर 2023 को रात साढ़े आठ बजे उसकी आठ वर्षीया बेटी पुराने घर से नए घर की तरफ आ रही थी। रास्ते में एक पार्क के कमरे में लहुलूहान हालत में बेहोश मिली। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद मुंहबोले पड़ोसी चाचा रंजीत को गिरफ्तार कर आरोप-पत्र अदालत में पेश किया। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट रामकिशोर की अदालत ने बुधवार को आरोपित रंजित पर दोष सिद्ध कर दिया था। स्पेशल डीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु ने बताया कि शुक्रवार को अदालत ने मुंह बोले पड़ोसी चाचा रंजीत को पोक्सो अधिनियम की धारा - 6 के तहत पचास हजार अर्थदंड और आजीवन कारावास की सजा तथा धारा 506 में 2 वर्ष की सजा व दो हजार का अर्थदंड लगाया है। अभियुक्त रंजीत को आजीवन कारावास के साथ उस पर कुल अर्थ दंड 52 हजार रुपए का लगाया गया है। सजा का ऐलान होते ही कोर्ट ने अभियुक्त रंजीत को जेल भेज दिया।

विकास की गति नियोजित होना आवश्यक

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कृषि योग्य भूमि पर बूचड़खाना स्थापित करने की अनुमति मांगने के एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि पिछले 4 दशकों में लगभग सभी बड़े शहरों में अनियोजित विकास हुआ है। 21वीं सदी में अवैध और अनधिकृत निर्माणों और अतिक्रमणों के खतरे ने विकराल रूप धारण कर लिया है और हर किसी को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। क्षेत्रीय योजना के अनुसार निर्माण करने के लिए पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है।उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने एम/एस तान्या मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड की याचिका को खारिज करते हुए की। याची की फैक्ट्री अलीपुर, जिजवाना, हापुड़ रोड, मेरठ में स्थित है। कोर्ट ने आगे कहा कि याची को निर्माण करने से पहले वर्ष 2013 में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्धारित शर्तों का पालन करना चाहिए था और निवेश करने से पहले मानचित्र स्वीकृत करवाना चाहिए था। दरअसल याची ने कृषि योग्य भूमि पर बूचड़खाना स्थापित करने के अनुमति मांगी थी। ऐसी व्यावसायिक गतिविधि के लिए सड़क की चौड़ाई पर ध्यान देना आवश्यक होता है, जो वर्तमान मामले में नहीं दिया गया। अत: याचिका खारिज कर दी गई।

मूल्यांकन शुरू होते ही बीमार पड़ने लगे गुरु जी

लखनऊ, अमृत विचार : यूपी बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शनिवार को शुरू हो गया। राजधानी सहित प्रदेश भर में 259 केन्द्रों पर मूल्यांकन के लिए 1.5 लाख परीक्षक लगाए गए हैं। इसमें बड़ी संख्या में शिक्षक बीमारी का बहाना बनाकर मूल्यांकन कार्य से दूरी बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मेडिकल अवकाश के दर्जनों प्रार्थनापत्र डीआईओएस कार्यालय पहुंचे हैं, लेकिन ज्यादातर प्रार्थनापत्रों में सीएमओ की रिपोर्ट नहीं है। इससे डीआईओएस अवकाश स्वीकृत करने से इनकार कर दिया। शिक्षक ड्यूटी न करने के लिए इधर-उधर से सिफारिश लगा रहे हैं। लखनऊ के अलावा कानपुर, मुरादाबाद, बरेली, अयोध्या, गोरखपुर, कानपुर, सीतापुर, कन्नौज, अमेठी, बलरामपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, गोंडा, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, श्रावस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, अंबेडकर नगर, हमीरपुर कई जनपद के डीआईओएस को भी मेडिकल अवकाश के दर्जनों प्रार्थना पत्र मिले हैं। डीआईओएस का कहना है कि जिसमें सीएमओ की रिपोर्ट नहीं लगी है, वह प्रार्थनापत्र निरस्त किए जा रहे हैं। बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शनिवार को कड़ी निगरानी के बीच गोपनीय तरीके से शुरू हुआ है। इसमें शिक्षकों के अवकाश रद्द करने के निर्देश हैं। विशेष परिस्थिति में ही अवकाश तभी दिया जायेगा जब सीएमओ की र रिपोर्ट होगी। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 31 मार्च तक चलेगा। इस बीच तीन अवकाश भी पड़ रहे हैं। ऐसे में 13 दिनों में 3.1 करोड़ कॉपियों का मूल्यांकन होना है। ऐसे में अगर मूल्यांकन के समय में पर शिक्षक किसी भी तरह से अवकाश पर जाते हैं तो मूल्यांकन प्रभावित हो सकता है।

पुलिस भर्ती परीक्षा मामले में एक डॉक्टर गिरफ्तार

संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने शनिवार को एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया। एसटीएफ द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, बिहार के डॉ. शुभम मंडल को एसटीएफ की मेरठ इकाई ने पकड़ा है। बयान में कहा गया कि मंडल उस आरोपी गिरोह का हिस्सा था जिसने अहमदाबाद के एक गोदाम में रखे परीक्षा प्रश्नपत्र को लीक किया था।

मंडल को मेरठ की एसटीएफ इकाई ने बुलाया था और पूछताछ के बाद उसने उसे गिरफ्तार कर लिया । यह गिरफ्तारी पुलिस द्वारा तीन साजिशकर्ताओं की गिरफ्तारी की घोषणा के एक दिन बाद हुई, जो प्रश्नपत्रों की ढुलाई करने वाली कंपनी के पूर्व कर्मचारी थे। तीनों ने कंपनी के कुछ मौजूदा कर्मचारियों के साथ मिलकर फरवरी के पहले सप्ताह में भर्ती के प्रश्नपत्र को लीक करने के काम को अंजाम दिया था । जांच के दौरान पाया गया कि प्रश्न पत्र तब लीक हुआ था जब इसे एक प्रिंटिंग प्रेस से स्ट्रॉन्ग रूम में ले जाया जा रहा था और इसे गुजरात के अहमदाबाद में एक गोदाम में रखा गया था। पुलिस के अनुसार मंडल सरकारी भर्ती परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक करने वाले एक गिरोह का सदस्य था। पुलिस के मुताबिक इस मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या अब 55 हो गयी है। राज्य में 17 और 18 फरवरी को आयोजित कांस्टेबल भर्ती की परीक्षा रद करनी पड़ी क्योंकि प्रश्न पत्र लीक हो गया था। दोनों तिथियों पर पूरे प्रदेश में 48 लाख से अधिक उम्मीदवार परीक्षा के लिए उपस्थित हुए थे।

रालोद की प्रदेश कार्यकारिणी में 22 सदस्य बढ़े

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में कुशल प्रबन्धन के लिए राष्ट्रीय लोकदल(रालोद) ने प्रांतीय टीम का विस्तार कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने दो प्रदेश उपाध्यक्ष समेत विभिन्न जिलों से कुल 22 पदाधिकारियों के नाम घोषित कर दिये हैं। प्रदेश पदाधिकारियों में अयोध्या के विश्वेश नाथ मिश्र व आगरा के नरेन्द्र सिंह बघेल को उपाध्यक्ष नामित किया गया है। उपाध्यक्षों की संख्या 14 हो गई है। साथ ही सात नए महासचिव नामित किये गए हैं, जिसके बाद महासचिव की संख्या 30 बढ़कर 37 हो चुकी है। महासचिव में मेरठ के पूर्व विधायक गोपाल काली, बिजनौर के ब्रजवीर सिंह, शामली के ऋषि राज रांझड़, मुजफ्फरनगर के जियाउर रहमान व फर्रूखाबाद के राजीव रंजन आदि शामिल हैं।

स्वामी प्रसाद मौर्य की मुश्किलें बढ़ी

विधि संवाददाता, लखनऊ

- देवी- देवताओं पर कथित अभद्र टिप्पणी मामले में मुकदमा दर्ज करने के आदेश

अमृत विचार : लक्ष्मी और अन्य हिन्दू देवी- देवताओं पर कथित अभद्र टिप्पणी करने के मामले में सपा के पूर्व महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य के विरुद्ध एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश वजीरगंज थाने को दिया है।

स्वामी प्रसाद मौर्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग वाली यह अर्जी अधिवक्ता रागिनी रस्तोगी ने अदालत में दाखिल किया है जिसमें उन्होंने कहा है कि 15 नवंबर 2023 को अखबार में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य का बयान छपा था जिसका शीर्षक था कि 'चार हाथ वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो सकती है'। कहा गया कि इसके अलावा स्वामी प्रसाद मौर्य ने पूर्व में ट्विटर पर चार फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि पूरे विश्व के प्रत्येक धर्म, जाति ,नस्ल ,रंग व देश में पैदा होने वाले प्राणी के दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आंख व दो छिद्र वाली नाक के साथ एक सिर, पेट व पीठ होती है, चार हाथ,आठ हाथ, दस हाथ, बीस हाथ व हजार हाथ वाला बच्चा आज तक पैदा नहीं हुआ तो चार हाथ वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो सकती है। आरोप लगाया गया है कि स्वामी प्रसाद मौर्य के इस बयान से भारत में हिंदू धर्म को मानने वाले करोड़ों जनता की भावनाएं इस बयान को पढ़कर आहत हुई हैं। आरोप है कि स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा पूर्व में कई बार हिंदू धर्म का अपमान करने वाला वक्तव्य देकर हिंदू धर्म को मानने वाले लोगों की भावनाओं को आहत किया जाता रहा है। आरोप यह भी है कि स्वामी प्रसाद मौर्य के द्वारा पूर्व में भी कई बार हिंदुत्व एवं सनातन को मानने वालों की भावनाएं भड़काने का प्रयास किया जाता रहा है। कहा गया है कि एक बार पुनः स्वामी प्रसाद मौर्य ने हिंदू धर्म की मान्यता की प्रतीक माता लक्ष्मी के संबंध में भावनाओं को आहत करने की विमर्शित और विद्वेष पूर्ण आशय से हिंदू समाज की भावनाएं भड़काकर समाज के वर्गों में विद्वेष पैदा करने का कार्य किया है।

उप्र लोकसेवा आयोग ने 4 और भर्ती परीक्षाएं स्थगित कीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य में सरकारी नौकरी की राह देख रहे युवाओं को पेपर लीक गैंग लगातार झटका दे रहा है। पुलिस भर्ती और आरओ/एआरओ परीक्षा रद होने के बाद उप्र लोकसेवा आयोग ने 4 और भर्ती परीक्षाएं स्थगित करने का आदेश जारी किया है।

उप्र. लोकसेवा आयोग की तरफ से भर्ती परीक्षाओं को स्थगित करने का सिलसिला लगातार जारी है। सबसे पहले यूपीपीएससी ने 17 मार्च को आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 स्थगित कर दी थी। आयोग ने परीक्षा स्थगित करने के पीछे अपरिहार्य कारण बताया था, साथ ही यह परीक्षा संभावित रूप से जुलाई में आयोजित किए जाने की सूचना दी थी। अब आयोग की तरफ से 22 मार्च से लेकर 24 अप्रैल के बीच होने वाली चार परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है। आयोग के उपसचिव वीरेंद्र मणि त्रिपाठी ने स्थगित परीक्षाओं के लिए जल्द ही नई तारीखों के एलान करने की बात कही है। उपसचिव की तरफ से जारी इस सूचना के बाद परीक्षा की तैयारी में शामिल होने वाली अभ्यर्थियों में मायूसी छा गई है।

उप सचिव की तरफ से जारी सूचना के मुताबिक 22 मार्च को होने वाली स्टाफ नर्स यूनानी आयुर्वेदिक प्रारंभिक परीक्षा स्थगित की गई है। साथ ही, 7 अप्रैल को होने वाली सहायक नगर नियोजक 2023 की परीक्षा भी स्थगित की गई है। 9 अप्रैल को होने वाली अपर निजी सचिव भर्ती 2023 की शार्ट हैंड टाइपिंग परीक्षा को भी स्थगित हुई है। इसके अलावा 24 अप्रैल को होने वाली स्टाफ नर्स एलोपैथी 2023 की मुख्य परीक्षा अगली सूचना तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इससे पहले 11 फरवरी को हुई आरओ/ एआरओ भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की वजह से निरस्त कर दिया गया था।

गैंग का शिकार हो रहीं राज्य की तमाम परीक्षाएं

आयोग की ओर से चारों परीक्षाएं स्थगित करने का कोई भी कारण नहीं गिनाया गया है, लेकिन अंदरखाने इसके पीछे लोकसभा चुनाव की बात भी संदेह पैदा करती है। अगर ऐसा था तो अधिसूचना जारी होने का इंतजार करना चाहिए था। ताकि मतदान की तिथि और परीक्षा की तिथियां एक ही दिन न पड़े। लेकिन ऐसा नहीं किया गया और संयोग से कोई भी तिथि मतदान के दिन से मेल भी नहीं खा रही है। सूत्रों का कहना है कि एसटीएफ की पूछताछ में पेपर लीक करने वाले गैंग से इन परीक्षाओं की सुचिता भी सवालों के घेरे में आ गई थी। शासन से चर्चा के बाद स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

- पहले भी स्थगित हुई पीसीएस परीक्षा, रद हुई थी आरओ/एआरओ व पुलिस भर्ती परीक्षा

निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रदेश में तैनात होंगे केंद्रीय सुरक्षा बल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि प्रदेश में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी शनिवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की 80 सीटों पर सात चरणों में चुनाव की घोषणा के बाद प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस सिलसिले में सभी जिलों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में प्रथम चरण के निर्वाचन की अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी।

महायज्ञ में मतदान रूपी आहुति दे सफल बनाएं: योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 चरण में होने वाले इन चुनावों को सफल बनाने के लिए देश भर के मतदाताओं से अधिकाधिक मतदान की अपील की है। चुनाव आयोग द्वारा चुनावों की तारीखों के ऐलान के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर देश भर के मतदाताओं से न सिर्फ लोकसभा चुनाव के महायज्ञ में मतदान रूपी आहुति देकर इसे सफल बनाने का आह्वाहन किया, बल्कि "फिर एक बार मोदी सरकार" का नारा देते हुए पीएम मोदी के एनडीए को 400 के पार पहुंचाने के संकल्प को सिद्ध करने में जनमानस के आशीर्वाद के प्रति भी विश्वास जताया।

वर्ग पहेली-12

बाएं से दाएं

1. ऊंट की पीठ पर रखी जाने वाली काठी जो बैठने अथवा सामान लादने के उपयोग में लाई जाती है, ऊंट का हौदा जिसमें दोनों ओर आदमी बैठते हैं।
4. आधा जला हुआ।
6. (पुराण) विष्णु के दस अवतार, दस अवतार लेने वाले विष्णु।
8. 1. मधुमक्खी का छत्ता 2. तलवार 3. कारंडव नामक हंस 4. बांस की बनी हुई टोकरी या पिटारी 5. यकृत 6. एक तरह की चमेली 7. कुरुल पत्थर जिसपर रगड़कर हथियार आदि की धार को तेज़ किया जाता है।
9. 1. जो गूढ़ या छिपा न हो, प्रकट 2. सरल

ऊपर से नीचे

1. 1. खोए की बरफ़ी 2. एक प्रसिद्ध मिठाई।
2. 1. (पानी) जो स्वच्छ न हो, दूषित 2. गंदा, मैला 3. जिसमें धूल-मिट्टी मिली हुई हो।
3. 1. विधि के अनुसार मान्य होने की अवस्था, विधिपरकता 2. वैध होने की अवस्था या भाव।
4. 1. गहरा जमा हुआ 2. भीतर छिपा या दबा हुआ, अंदर पैठा हुआ।
5. एक शिकारी चिड़िया।
7. 1. खांड़ या खांड़ के पदार्थ 2. खंडसार में बनी चीनी 3. खांड़सारी उद्योग।
9. 1. विष 2. हरताल 3. बिच्छू का डंक।



वर्ग पहेली -11 का हल

1 त	प	■	2 ना	■	■	3 टैं
ड़	■	4 ह	वा	ई	डा	क
क	■	■	धि	■	■	र
भ	■	■	5 क	6 ह	र	■
ड़	■	7 के	र	ल	■	8 श
क	■	■	ण	■	■	री
■	9 ता	क	■	10 अ	नी	क

सुडोकू-91

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		2					3	
6				1		4		
	8				9		5	
4			2				6	
	5						4	
			8		5		1	7
	6		7			8		
		3		5				4
	9					6		

सुडोकू -90 का हल

6	1	9	2	8	3	7	4	5
3	4	8	7	5	6	1	2	9
7	5	2	4	9	1	3	6	8
8	7	3	9	6	4	5	1	2
9	2	5	1	7	8	4	3	6
1	6	4	3	2	5	8	9	7
2	3	7	5	1	9	6	8	4
5	8	1	6	4	2	9	7	3
4	9	6	8	3	7	2	5	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 21.52 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 16.47 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

मेष — आज आय के नए साधन प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। नए रिश्ते की शुरुआत हो सकती है। मनोरंजक यात्रा होने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

वृष — आज किसी बड़ी कंपनी से जॉब ऑफर हो सकती है। बड़ी संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। सारे काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। कारोबार में तरक्की होगी। घर-परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। बड़ों की सलाह लें उसका लाभ प्राप्त होगा।

मिथुन — आज अपने विचारों को सकारात्मक रखें। अपनी योग्यता पर भरोसा रखें। इन्श्योरेंस और मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ प्राप्त होगा। नए प्रोजेक्ट में हिस्सा ले सकते हैं। आवश्यक कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं।

कर्क — आज मन में कुछ चिंता रहेगी जिसके कारण आप अपने काम में फोकस नहीं कर पाएंगे। व्यायाम और खानपान को लेकर लापरवाही न करें। आपको जोड़ों में दर्द और गैस की समस्या हो सकती है। विवादास्पद विषयों से स्वयं को दूर रखें।

सिंह — आज आपको कोई शॉपिंग कूपन मिल सकता है। स्वयं में काफी ऊर्जा की अनुभूति करेंगे। परिजनों से शानदार सहयोग प्राप्त होगा। किसी भी निर्णय पर पहुंचने से पहले उस पर विचार अवश्य कर लें। घरेलू वस्तुओं को खरीदने के लिए मार्केट जा सकते हैं।

कन्या — आज सरकारी नौकरी से जुड़े जातकों को शानदार लाभ मिलेगा। माता-पिता का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। धैर्य और सहनशीलता के कारण महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शानदार सिद्ध होंगे। भविष्य को लेकर नई योजना बना सकते हैं।

तुला — आज मन लगाकर अपना काम पूरा करेंगे। अजनबी लोगों के कारण आपको परेशानी होगी। शरीर में शिथिलता होने से मन कुछ अप्रसन्न रहेगा। आपको किसी काम के लिए पुरस्कार प्राप्त हो सकता है। परिवार में हर्ष और उल्लास का वातावरण रहेगा।

वृश्चिक — आज जीवनसाथी की कोई बात बुरी लग सकती है। घर में किसी परिजन से झगड़ा हो सकता है। निवेश करने में समझदारी दिखानी आवश्यक है। आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिये। अपने कार्य को गंभीरता से लें।

धनु — आज लेखन कार्यों से जुड़े लोगों को शानदार लाभ प्राप्त हो सकता है। स्थायी संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। नया कारोबार शुरू कर रहे हैं तो सहयोगियों से लाभ होगा। नव विवाहित लोग किसी यात्रा की योजना बना सकते हैं।

मकर — आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। विरोधियों पर आप भारी पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से दिन शुभ है। ससुराल पक्ष से अच्छा समाचार मिलेगा। संतान के विवाह की समस्या दूर होगी।

कुंभ — आज आपकी निर्णय क्षमता में कमी आ सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। प्रियजनों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अपनी क्षमताओं पर संदेह न करें। किसी से सहायता प्राप्त करने में न हिचकें।

मीन — आज दिन की शुरुआत थोड़ी नकारात्मक हो सकती है। दौड़-धूप अधिक करनी पड़ेगी। उच्चाधिकारियों के साथ आपका व्यवहार अच्छा रहेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धैर्य और संयम से काम लेना चाहिए।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
खेल खिलाड़ी का — सुबह : 08.01
दरार — रात : 08.03

SONY MAX
मरजावां — सुबह : 09.00
कबीर सिंह — रात : 10.00

SONY PIX
बैटमैन बिगिन्स — सुबह : 11.30
स्पाइडर-मैन : होमकमिंग — रात : 08.45

ZEE CINEMA
सलाम ए इश्क — सुबह : 10.30
ब्लैंक — रात : 07.30

colors CINEPLEX
ओएमजी 2 — दोपहर : 12.00
हिडिंभा — शाम : 05.51

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात : 10.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने हजामत की दुकान खोली। एक ग्राहक शेव कराने आया।
पप्पू- मूंछ रखनी है?
ग्राहक- हां।
पप्पू ने ग्राहक की मूंछ काट कर उसके हाथ में देते हुए- लो रख लो, जहां रखनी है।

एक लड़का परीक्षा हॉल में परेशान बैठा था।
टीचर- क्या हुआ प्रश्न कठिन हैं क्या?
लड़का- नहीं सर, मैं तो ये सोच रहा हूं कि इस प्रश्न का उत्तर किस जेब में है।

एक नजर

पुरी जगन्नाथ मंदिर से संबंधी मामले की सुनवाई स्थगित

कटक। उड़ीसा उच्च न्यायालय ने उस जनहित याचिका पर सुनवाई दो और सप्ताह के लिए स्थगित कर दी है जिसमें पुरी जगन्नाथ मंदिर के 'रत्न भंडार' की चाबियां गुम होने के मामले में न्यायमूर्ति रघुबीर दास आयोग की जांच रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। शुक्रवार को सरकार ने याचिका पर जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है।

ममता की हालत स्थिर चोट से उबर रही हैं

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की स्वास्थ्य स्थिति 'ठीक' है। उनका इलाज कर रहे चिकित्सकों ने शनिवार सुबह यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 69 वर्षीय ममता चोट से उबर रही हैं। सरकारी एसएसकेएम अस्पताल के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा- मुख्यमंत्री ठीक और स्थिर हैं। वह चोट से उबर रही हैं। चोट के कारण होने वाला दर्द भी काफी कम हो गया है। फिर भी उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को रात में अच्छी नींद आई। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो बृहस्पतिवार शाम को अपने कालीघाट स्थित आवास में गिर गयी थीं जिससे उनके माथे और नाक पर गंभीर चोटें आईं थीं।

मोदी ने विपक्ष को दिशाहीन और मुद्दाविहीन बताया

प्रधानमंत्री ने आम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार होने का दावा करते हुए सत्ता में बने रहने का जताया भरोसा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के आम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार होने का दावा करते हुए विपक्ष को 'दिशाहीन' और 'मुद्दाविहीन बताया और सत्ता में बने रहने का भरोसा जताया।

लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा के कुछ ही देर बाद प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक के बाद एक पोस्ट में कहा कि उनकी सरकार के पिछले 10 साल उस 'गहरी खाई' को भरने में बीते हैं जो पूर्ववर्ती सरकारों ने बनाई थी। उन्होंने कहा कि सरकार के तीसरे कार्यकाल में गरीबी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और तेज होगी तथा सामाजिक न्याय के लिए प्रयास और बढ़ेंगे। उन्होंने कहा-चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। भाजपा और राजग चुनावों में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सुशासन और जनसेवा के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर हम जनता-जनार्दन के बीच जाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि 140 करोड़ परिवारजनों और 96 करोड़ से अधिक मतदाताओं का भरपूर स्नेह और आशीर्वाद हमें लगातार तीसरी बार मिलेगा।

किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा : नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना में बैठक के दौरान समर्थकों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

हैदराबाद। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता के धन शोधन के मामले में गिरफ्तार होने के एक दिन बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया कि बीआरएस ने ''अन्य अति भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी'' कर ली है और कहा कि कोई भी भ्रष्टाचारी बच नहीं पाएगा। हैदराबाद से करीब 135 किलोमीटर दूर नगरकुरनूल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस और बीआरएस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों ने मिलकर तेलंगाना के विकास के हर सपने को चकनाचूर कर दिया है। उन्होंने कहा-बीआरएस ने राज्य (तेलंगाना) से बाहर जाकर दूसरे महा भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी की है।

कांग्रेस सरकार पर लूट में लिप्त होने का लगाया आरोप

कलबुर्गी (कर्नाटक)। प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि जब लोग मुसीबत में हैं तो वह ''लूट'' में लिप्त है। भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान की कलबुर्गी में कांग्रेस अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे के गृह क्षेत्र में औपचारिक शुरुआत करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि कर्नाटक के लोगों ने आगामी चुनाव में राज्य में भाजपा को विजयी बनाने का फैसला कर लिया है। मोदी ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस के प्रति आपके (लोगों के) मन में जो गुस्सा है, मैं वह समझ सकता हूं। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो भले ही अपनी वेशभूषा बार-बार बदल ले लेकिन उसके कुकर्म नहीं बदलते। यही कारण है कि कर्नाटक के लोग सचेत हैं और उसके (कांग्रेस के) प्रति उनमें गुस्सा है।'' राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक दक्षिण भारत में कर्नाटक भाजपा के लिए बेहद अहम है क्योंकि भाजपा अतीत में यहीं पर सत्ता पर काबिज रही है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को राज्य की कुल 28 में से 25 सीटें मिली थीं। पार्टी समर्थित एक निर्दलीय ने भी जीत हासिल की थी। मोदी ने यहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक के लोग इतने कम समय में ही राज्य की कांग्रेस सरकार से निराश हो गए हैं।

चुनाव के लिए तैयार, लोकतंत्र के भविष्य का होगा फैसला : खेड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस नेता पवन बोले-यह चुनाव आम नहीं, बल्कि खास है

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद शनिवार को कहा कि वह इस चुनावी मुकाबले के लिए तैयार है तथा यह चुनाव आम नहीं, बल्कि खास है क्योंकि इसमें देश के लोकतंत्र के भविष्य का फैसला होगा। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा-चुनाव आयोग ने घोषणा कर दी है। यह चुनाव आम नहीं है। यह चुनाव फैसला करेगा कि यह देश और लोकतंत्र मजदूर किसान के कंधों पर चलेगा या कुछ उद्योगपतियों के कंधों पर चलेगा।

उन्होंने कहा-इस चुनाव से तय होगा कि देश बाबासाहेब के संविधान पर चलेगा या एक तानाशाह के गुणगान पर चलेगा। इसलिए यह एक आम चुनाव नहीं, खास चुनाव है। खेड़ा ने कहा-हम तैयार हैं। उन्होंने कांग्रेस की पांच 'न्याय गारंटी' का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के युवाओं, किसानों और अन्य वर्गों को विश्वास है कि कांग्रेस ने जो वादा किया है उन्हें वह पूरा करेगी। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों की घोषणा कर दी। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी।

मध्य प्रदेश के भाजपा सांसद अजय प्रताप सिंह ने पार्टी छोड़ी

भोपाल। मध्य प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शनिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और "बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार" में लिप्त होने के लिए पार्टी की आलोचना की। सिंह ने दावा किया कि भाजपा में भ्रष्ट लोगों को संरक्षण मिल रहा है और पार्टी राजनीतिक व्यापारियों का ''अड्डा'' बन गई है। सिंह ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपना त्याग पत्र पोस्ट किया।

नीतीश ने गृह और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास रखे

पटना, एजेंसी

● बिहार के मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को विभागों का आवंटन किया

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंत्रिमंडल विस्तार के एक दिन बाद शनिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (सरकार) के मंत्रियों को विभाग आवंटित किए।

कुमार ने गृह और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास बरकरार रखे जबकि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त और वाणिज्यिक विभाग दिए गए हैं। कैबिनेट सचिवालय विभाग की ओर से शनिवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता व अन्य उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा को सड़क निर्माण, खान एवं भूविज्ञान और कला एवं संस्कृति विभाग दिए गए हैं। नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए 21 नए मंत्रियों को शामिल किया था। 21 नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ, नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 30 हो गई। राज्य में संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार कुल 36 मंत्री हो सकते हैं।

महाराष्ट्र सरकार ने स्कूल शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू किया

पुणे। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में स्कूल शिक्षकों के लिए एक 'ड्रेस कोड' लागू किया है, जिसके तहत उन्हें टी-शर्ट, जींस या डिजाइन और चित्रों वाली कोई अन्य शर्ट पहनने की अनुमति नहीं होगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी एक सरकारी आदेश (जीआर) के अनुसार, राज्य सरकार ने स्कूलों से अपने संबंधित पुरुष और महिला शिक्षकों के लिए 'ड्रेस कोड' तय करने को कहा है। जीआर के अनुसार यह नियम राज्य के निजी, सहायता प्राप्त और गैर-सहायता प्राप्त सहित सभी स्कूलों पर लागू होगा। इसमें कहा गया है, शिक्षकों द्वारा पहनी जाने वाली पोशाक साफ-सुथरी होनी चाहिए।

कोलकाता : एक स्कूल में बसंत उत्सव उत्सव से पहले श्री कृष्ण की वेशभूषा में होली खेलते दिव्यांग छात्र। ● एजेंसी

आईएसआईएस मॉड्यूल मामला : एनआईए ने चार संपत्तियों को जब्त किया

पुणे (महाराष्ट्र)। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में शनिवार को कोंढवा इलाके में स्थित चार संपत्तियों को कुर्क किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एनआईए ने मामले में 11 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसमें कोंढवा से विस्फोटक, बम बनाने के लिए रसायन, हथियार और आईएसआईएस समर्थित साहित्य बरामद किया गया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-एनआईए ने कोंढवा के मीठा नगर इलाके में स्थित चार संपत्तियों को जब्त किया है, जो आतंकवाद से अर्जित आय के जरिये बनाई गई थीं। यह कार्रवाई पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल के संबंध में की गई है।

ईडी ने मुंबई में छह जगहों पर ली तलाशी

मुंबई, एजेंसी

फर्जी कलाकृति मामला

● जालसाजों में कई प्रमुख कला दीर्घा (आर्ट गैलरी) और व्यक्तियों के नाम शामिल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित तौर पर नकली कलाकृतियों के व्यापार और नकली को असली कलाकृति साबित करने के लिए जाली प्रमाणपत्र तैयार करने में शामिल एक गिरोह के खिलाफ मुंबई में छह स्थानों पर तलाशी ली। जालसाजों में कई प्रमुख कला दीर्घा (आर्ट गैलरी) और व्यक्तियों के नाम शामिल हैं।

एक बयान में ईडी ने कहा कि उसने राजेश राजपाल और अन्य से जुड़े एक मामले में 13 मार्च को मुंबई में छह स्थानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली। तलाशी के दौरान डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए जिनसे गिरोह के संचालन का खुलासा हुआ। बयान में कहा गया कि यह गिरोह नकली कलाकृतियों के व्यापार और इन्हें असली साबित करने के लिए जाली प्रमाणपत्र तैयार करने समेत प्रमुख कला दीर्घाओं और व्यक्तियों की भागीदारी के जरिये नकदी के माध्यम से धन हस्तांतरित करने में शामिल है।

ईडी ने भारतीय दंड विधान (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत ताड़देव पुलिस थाने में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर अपनी जांच शुरू की, जिसमें पुनीत भाटिया नामक व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि राजपाल और विश्वंग देसाई ने उन्हें धोखा देकर जाली प्रमाणपत्रों के साथ नकली कलाकृति की बिक्री के माध्यम से उनसे 17.9 करोड़ रुपये की ठगी करने की साजिश रची थी। तलाशी के दौरान ईडी ने कथित तौर पर दक्षिण मुंबई की एक प्रमुख कला दीर्घा, जाने-माने कॉरपोरेट वकीलों और सराफा व्यापारियों से जुड़े एक गिरोह का पर्दाफाश किया जो कथित तौर पर मूल कलाकृति की नकल को असली के रूप में पेश करते थे। इन कलाकृतियों में जैमिनी रॉय, मकबूल फिदा हुसैन, एफ एन सूजा, जहांगीर सबावाला, एस एच रजा, एन एस बेंद्रे, राम कुमार और अन्य मशहूर कलाकारों की जाली कलाकृतियां शामिल थीं।

बिहार में रेत खनन मामले में ईडी की फिर छापेमारी

पटना। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में कथित अवैध रेत खनन से जुड़े धनशोधन के मामले की जांच के तहत राज्य में शनिवार को फिर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि भोजपुर जिले के आरा शहर के आसपास छापेमारी की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि एक कारोबारी और उससे जुड़े कुछ लोगों के परिसरों में छापे मारे जा रहे हैं। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले हफ्ते इस मामले में सुभाष यादव नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था जो कथित तौर पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से जुड़ा है। ईडी का मामला बिहार पुलिस की ओर से 'ब्रॉडसंस कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' नामक कंपनी और इसके निदेशकों के खिलाफ दर्ज 20 प्राथमिकियों से उपजा है।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक नजर

लक्षद्वीप में पेट्रोल, डीजल की कीमत में 15.3 रुपये तक की कटौती

नई दिल्ली। लक्षद्वीप में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 15 .3 रुपये प्रति लीटर तक की कटौती की गई है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने सुदूर द्वीपों तक ईंधन पहुंचाने के लिए विशेष बुनियादी ढांचा तैयार किया है। अतिरिक्त शुल्क को हटाने से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी हुई है।

देश में पिछले एक साल में हुए एक लाख पेटेंट

नई दिल्ली। भारतीय पेटेंट कार्यालय ने पिछले एक साल में एक लाख से अधिक पेटेंट दिए हैं। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि बौद्धिक संपदा अधिकार से जुड़े पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूत करने के लिए सरकार के उपायों के चलते ये नतीजे आए। बयान के मुताबिक इस दौरान भौगोलिक संकेत (जीआई) पंजीकरण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जो इससे पिछले साल की तुलना में तीन गुना है।

2047 तक जीडीपी में रियल एस्टेट का योगदान 5.17 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान

क्रेडाई ने विकसित भारत के लिए अपना रोडमैप जारी करते हुए जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने विकसित भारत के लिए आज अपना रोडमैप जारी किया जिसमें 2047 तक सकल घेरलू उत्पाद (जीडीपी) में रियल एस्टेट का योगदान 5.17 लाख करोड़ डॉलर का होने का अनुमान है और यह अनुमानित जीडीपी का 17.5 प्रतिशत रह सकता है।

क्रेडाई ने आज अपने युवा इकाई द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन यूथकॉन में विकसित भारत के लिए भारतीय रियल एस्टेट के योगदान पर एक रिपोर्ट जारी किया जिसमें यह बात कही गई है। इस कार्यक्रम के दौरान क्रेडाई ने एक रिपोर्ट बिल्डिंग विकसित भारत-भारत में रियल एस्टेट क्षेत्र की परिवर्तनकारी भूमिका के बारे में एक रिपोर्ट जारी किया। क्रेडाई के अनुसार रियल एस्टेट का भारतीय अर्थव्यवस्था पर निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। वित्त वर्ष 2034 तक इस क्षेत्र के जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ डॉलर अर्थात अनुमानित जीडीपी का 13.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारतीय रियल एस्टेट का वर्तमान बाजार का साइज़ 24 लाख करोड़ रुपये है, जो क्रमशः 80% और 20% के अनुपात में आवासीय और वाणिज्यिक के बीच बंटा है। क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन आर ईरानी ने कहा- 2047 तक भारत की एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा के बीच भारतीय रियल एस्टेट आज एक बेहद महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है।

महत्वपूर्ण सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि देखी जा रही

क्रेडाई के निर्वाचित अध्यक्ष शेखर जी पटेल ने कहा-वर्तमान में, वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत में महत्वपूर्ण सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि देखी जा रही है जो हमारे आर्थिक और क्षेत्रीय लचीलेपन का प्रमाण है। संपूर्ण रियल एस्टेट उद्योग इस मजबूत मंच पर निर्माण करने के लिए बेहद उत्साहित है और एक सुविधाजनक इको-सिस्टम के महत्व पर फिर से जोर देता है जो न केवल उद्योग के निरंतर और टिकाऊ विकास के लिए, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था के लिए सभी संबंधित हितधारकों का समर्थन करता है। अपने निष्कर्षों के माध्यम से, हमने विकसित भारत में भारतीय रियल एस्टेट के योगदान का एक रोडमैप तैयार किया है क्योंकि हम इस उपलब्धि को हासिल करने की दिशा में संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं।

हिमालय क्षेत्र में विदेशी फसलों की खेती को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली। विश्व सहकारी आर्थिक मंच हिमालय क्षेत्र में विदेशी बागवानी फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए आईसीएआर-केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान सहित कई संगठनों के साथ मिलकर काम करेगा। इस मंच की स्थापना भारत में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए की गई है।

विश्व सहकारी आर्थिक मंच ने शनिवार को कहा कि वह भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई), आईसीएआर-केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईटीएच), कंफेडरेशन ऑफ एनजीओ ऑफ रूरल इंडिया (सीएनआरआई) और शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (एसकेयूएएसटी) सहित विभिन्न संस्थानों के साथ सहयोग करेगा।

भविष्य में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा: सीतारमण

तिरुचिरापल्ली, एजेंसी

● वित्त मंत्री ने कालेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने के लिए आर्थिक स्वतंत्रता की जरूरत है। उन्होंने भरोसा दिया कि निकट भविष्य में देश विश्व अर्थव्यवस्था में मौजूदा पांचवें स्थान से तीसरे स्थान पर आ जाएगा।

भारत की चीन से तुलना करने वालों की आलोचना करते हुए सीतारमण ने कहा कि कुछ चीजें उनसे दोहराई नहीं जा सकीं। सीतारमण ने यहां श्रीमती इंदिरा गांधी कॉलेज में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा का अनावरण करने के बाद कहा-भारत को आर्थिक मामलों में आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। देश को एक आर्थिक शक्ति बनना चाहिए। देश वैश्विक रैंकिंग में 10वें स्थान से पांचवें स्थान पर आ गया है और कुछ वर्षों में हम तीसरा स्थान हासिल कर लेंगे। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों से देश की प्रगति में योगदान करने की अपील करते हुए कहा, "आप जैसे विद्यार्थियों के प्रयासों से ही हमारा देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।" चीन में आर्थिक वृद्धि की भारत के साथ तुलना करने के बारे में सीतारमण ने कहा कि ऐसा करना ठीक नहीं। कहा कि चीन ने विभिन्न कारणों से प्रगति की है, जिनका यहां पालन नहीं किया जा सकता है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	75,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,200
गिन्नी (प्रति नग)	50,050-50,250
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,800
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,650
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,800
सोना जेवरात गिन्नी	64,800
चांदी पक्की	741 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,800
चांदी आभूषण	74,900।

डीजीसीए संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों के लिए एक जून की समय-सीमा पर कायम

नई दिल्ली, एजेंसी

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलटों के संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों को लागू करने के लिए तय एक जून की समय-सीमा को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। विमानन नियामक ने एयरलाइंस को 15 अप्रैल तक संशोधित योजनाएं प्रस्तुत करने को कहा है।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) ने नियामक को कम से कम दो बार पत्र लिखकर आठ जनवरी को जारी संशोधित उड़ान सेवा समय सीमा (एफडीटीएल) मानदंडों को लागू करने के लिए अधिक समय मांगा था। एफआईए में एयर इंडिया, स्पाइसजेट और इंडिगो शामिल हैं। एक जून से प्रभावी होने जा रहे नए नियमों के तहत पायलटों को आराम करने का पर्याप्त समय दिया गया है, जिससे उनकी थकान को दूर किया जा सके। डीजीसीए ने कहा कि एयरलाइंस को एक जून, 2024 से संशोधित सीएआर को लागू करने के लिए सभी कदम उठाने होंगे। एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि संशोधित मानदंडों के अनुरूप एफडीटीएल योजनाएं 15 अप्रैल तक अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की जाएं।

चार्जएमओडी देशभर में 1,200 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर लगाएगा

कोच्चि। केरल के ऊर्जा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप, 'चार्जएमओडी' ने अपनी विस्तार योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा है कि वह पूरे भारत में 1,200 और केरल में 600 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जर लगाएगी। कंपनी ने इसी सप्ताह एक बयान में कहा था कि वह भारत के विभिन्न राज्यों में 1,000 धीमे चार्जर और 200 तेज चार्जर स्थापित करने और केरल में 500 धीमे चार्जर और 100 तेज चार्जर स्थापित करने की योजना बना रही है। बयान में कहा गया कि यह विस्तार केरल में मौजूदा 1,500 चार्जिंग स्टेशन और पूरे भारत में 2,000 स्टेशन के अतिरिक्त है।

गुजरात सरकार ने नई खरीद नीति घोषित की

अहमदाबाद, एजेंसी

● 1 अप्रैल से होगी लागू, राज्य की महिलाओं के लिए दिया जाएगा विशेष प्रोत्साहन

गुजरात सरकार ने शनिवार को वस्तुओं और सेवाओं की सरकारी खरीद में एमएसएमई और महिला उद्यमियों के लिए विशेष प्रोत्साहन के साथ अपनी खरीद नीति 2024 घोषित की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि गुजरात खरीद नीति 2024 को 1 अप्रैल से लागू किया जाएगा। किसी अन्य संशोधन या अतिरिक्त प्रावधानों को शामिल करते हुए किसी अन्य नीति की घोषणा होने तक यह नीति लागू रहेगी।

बयान में कहा गया कि नई नीति राज्य सरकार के सभी विभागों, विभागाध्यक्ष, जिला कार्यालयों, प्राधिकरणों, अनुदान प्राप्त संस्थानों, बोर्डों, निगमों और समितियों की खरीद पर लागू होगी। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इस नीति के जरिए सरकारी खरीद में एमएसएमई और महिलाओं द्वारा संचालित उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया है। इसमें कहा गया है कि नई नीति सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से खरीद को प्रोत्साहित करेगी। विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। नई नीति में राज्य के स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने की बात भी कही गई है। इसके तहत राज्य सरकार ने बिना निविदा प्रक्रिया के खरीदारी के लिए पांच लाख रुपये से 15 लाख रुपये तक की विभिन्न सीमाएं तय की हैं।

ली को हराकर सेन ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

बर्मिंघम, एजेंसी

भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए पूर्व चैंपियन मलेशिया के ली जी जिया को हराकर आल इंग्लैंड चैंपियनशिप पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सेन 2022 में यहां उपविजेता थे। उन्होंने आक्रामक और विविधतापूर्ण खेल दिखाते हुए करीब 71 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में 20-22, 21-16, 21-19 से जीत दर्ज की। उन्होंने कहा कि यह अच्छा मैच था और मुझे खुशी है कि मैं जीत सका। यह दबाव को झेलने की बात थी। मुझे पता था कि उसमें वापसी करने और कड़ी चुनौती देने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि जब मैं 18-14 से आगे था, तब भी मुझे पता था कि थोड़ी भी कोताही बरतने पर वह मौका नहीं छोड़ेंगे। मैं उसे कोई मौका नहीं देना चाहता था। विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सेन का

सामना इंडोनेशिया के नौवीं रैंकिंग वाले जोनाथन क्रिस्टी से होगा।

सेन ने पिछले सप्ताह तीन गेम वाले चार मैच फ्रेंच ओपन में खेले थे, लेकिन इसके बावजूद वह रफ्तार बनाए रखने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि मैने पिछले सप्ताह और यहां जैसा खेल दिखाया, शारीरिक तौर पर मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। रिकवरी के लिए अब हालांकि समय नहीं है। मेरी सहयोगी टीम को अगले मैच के लिए काफी मेहनत करनी होगी। दोनों खिलाड़ियों ने अच्छी रेलियों के साथ शुरुआत की, लेकिन ली की गलतियों का फायदा उठाकर सेन ने 8-3 से बढ़त बना ली। यह बढ़त जल्दी ही 12-7 की हो गई, लेकिन ली ने समय पर वापसी करते हुए पहले स्कोर 12-12 और फिर 20-20 करने के बाद पहला गेम जीता। दूसरे गेम में सेन ने शुरू ही से 11-9 की बढ़त बना ली थी और लगातार सात अंक लेकर बराबरी की। निर्णायक गेम में भी उन्होंने यही लय कायम रखी और मुकाबला अपने नाम किया।

कृष्ण-प्रतीक ओरलियंस मास्टर्स से बाहर, भारतीय चुनौती समाप्त

ओरलियंस (फ्रांस), एजेंसी। कृष्ण प्रसाद गरागा और साई प्रतीक की भारतीय जोड़ी को ओरलियंस मास्टर्स बैडमिंटन के पुरुष युगल के क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा, जिससे इस सुपर 300 टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। दुनिया की 70वें नंबर की भारतीय जोड़ी को डेनमार्क के आंद्रियास सोंडरगार्ड और जेस्पर टोफ्ट की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 40 मिनट में 17-21 16-21 से हार मिली। देश की एकमात्र यह भारतीय जोड़ी लुकास रेनोयर और माइल काटोएन पर 21-14 21-9 की जीत से अंतिम आठ में पहुंची थी। शुरुआती मैच में कृष्ण और प्रतीक की जोड़ी ने बुल्गारिया के इवान रूसेव और लियोयान स्टोयनोव को हराया था। महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड, तान्या हेमंत और इमाद फारूखी सामिया टूर्नामेंट के शुरू में ही बाहर हो गयी थी। पुरुष एकल में तीसरे वरीय किरण जॉर्ज, मिथुन मंजूनाथ और एस शंकर मुथुसैमी सुब्रमण्यम भी शुरूआती दौर में ही बाहर गए।

जिम्नास्टिक ने कराई समय से पहले पंत की वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी

ऋषभ पंत की मानसिक दृढ़ता और जिम्नास्टिक खेलने का अनुभव होने से समय से पहले और जल्दी रिकवरी करने में मदद मिली। दिल्ली देहरादून हाइवे पर दिसंबर 2022 में हुए भयावह कार हादसे के बाद पंत को 22 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में खेलने की अनुमति भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से मिल गई है।

राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिजियोथेरेपिस्ट तुलसी युवराज ने कहा कि उसके भीतर की मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास से उसने रिहैब के दौरान हमें शत प्रतिशत देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को लगता था कि उसे पूरी तरह से ठीक होने में दो साल

का लगेंगे। एक बार एनसीए आने के बाद वह तेजी से रिकवर करता गया। एनसीए में स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच निशांता बारदोलोइ ने कहा कि पंत बचपन में जिम्नास्ट भी रहे हैं, जिससे उनकी रिकवरी में मदद मिली। उन्होंने कहा कि पंत की जिम्नास्टिक की पृष्ठभूमि होने से हमें काफी मदद मिली। कई चीजों में यह बड़ा काम आया मसलन जब उसे लगता कि वह आगे नहीं बढ़ सकता है तो वह दोबारा अपने पैरों पर खड़ा हो पाता था। पंत ने रिकवरी के लिए कोई कसर बाकी नहीं रखी, लेकिन उन्हें यह प्रक्रिया उबाऊ लगी। उन्होंने कहा कि रिहैब (चोट के बाद फिटनेस फिर हासिल करने का दौर) काफी उबाऊ होता है। बार-बार एक ही चीज करना, लेकिन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। जितना अधिक करेंगे, उतना ही जल्दी ठीक होंगे।

पंत ने कहा कि मैदान पर लौटकर बहुत खुश हूं। क्रिकेट के लिए मेरा प्यार बढ़ गया है। पहले भी मुझे इससे मुहब्बत थी, लेकिन अब यह बेइंतहा हो गई है।

खेल डायरी

रणजी में लागू किया जाए प्रोत्साहन योजना: गावस्कर

मुबंई, एजेंसी। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टेस्ट प्रोत्साहन योजना को रणजी ट्राफी में भी लागू करने की मांग की है। बीसीसीआई ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए इंसेटिव स्कीम लागू करने की घोषणा की थी, जिसमें भारत के लिए 75 फीसदी टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ी को 45 लाख और 50 से 75 फीसदी तक खेलने वालों को 30 लाख रुपए अतिरिक्त मिलेंगे। यह राशि मैच फ़ीस से अलग होगी। गावस्कर ने कहा कि मैं बीसीसीआई से रणजी पर ध्यान देने के लिए आग्रह करना चाहूंगा। मौजूदा समय में रणजी खिलाड़ी को प्रति मैच दो लाख मिलते हैं। अगर खिलाड़ी रणजी के किसी सीजन का हर मैच खेलता है और टीम फ़ाइनल में पहुंचती है तब उसके हिस्से में 10 मुक़ाबले आते हैं। विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी के लिए मैच फीस 50 हज़ार जबकि सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी के लिए 17 हजार 500 रुपए है। अगर रणजी की फीस दोगुनी या तिगुनी हो जाती है तब अधिक संख्या में खिलाड़ी रणजी खेलते हुए दिखाई देंगे, मैं बीसीसीआई से इस पर ध्यान देने का आग्रह करना चाहता हूं।

ओलंपिक क्वालीफिकेशन मानक राम बाबू ने पाया

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के राम बाबू ने शनिवार को स्लोवाकिया में डुडिंस्का 50 मीट में 1:20:00 सेकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष 20 किमी रेस क्वालीफिकेशन मानक हासिल किया। हांगझोउ एशियाई खेलों में 35 किमी पैदल चाल रेस के कांस्य पदक विजेता बाबू ने इस 'रेस वॉकिंग टूर' के गोल्ड स्तर के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह पहली बार है जब कोई भारतीय एथलीट इस प्रतियोगिता में पोडियम पर पहुंचा हो। ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए कट ऑफ मानक 1:20:10 सेकेंड है। पेरू के सीजर रोड्रिग्ज 1:19:41 सेकेंड से पहले जबकि इक्वाडोर के ब्रायन पिंटाडो 1:19:44 सेकेंड से दूसरे स्थान पर रहे। बाबू इस तरह क्वालीफिकेशन मानक पार करने वाले देश के सातवें एथलीट बने।

कोचों के लिए हॉकी इंडिया निदेशक क्रूस की कार्यशाला

पुणे, एजेंसी। हॉकी इंडिया के हाई परफॉर्मेंस निदेशक हर्मन क्रूस ने घरेलू कोचों के लिए कार्यशाला का संचालन किया, जिसमें कोचिंग के आधुनिक तरीकों और जमीनी स्तर पर हॉकी के विकास पर फोकस था। यह कार्यशाला 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला चैंपियनशिप से इतर आयोजित की गई। इसका लक्ष्य घरेलू कोचों के कौशल को निखारना था। सत्र के दौरान क्रूस ने युवा खिलाड़ियों में सीखने की ललक विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हम ऐसी कोचिंग रणनीतियां बनाना चाहते हैं, जिसमें विचारों के आदान-प्रदान से सीखने की प्रक्रिया का विकास हो। खिलाड़ी गलतियों से सबक लें और उनका आत्मविश्वास बढ़े। सिर्फ आपसी प्रतिस्पर्धा पर ही फोकस नहीं रहे।

शीर्ष रैंकिंग वाली स्वियातेक इंडियन वेल्स के फाइनल में

इंडियन वेल्स, एजेंसी। शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक ने मार्ता कोस्तियुक को 6-2, 6-1 से हराकर बीएनपी परीबस ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्वियातेक का इस साल जीत हार का रिकॉर्ड 19-2 का हो गया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉ और नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। स्वियातेक ने कोको गॉ के खिलाफ 10 में से नौ और सक्कारी के खिलाफ पांच में से तीन मुकाबले जीते हैं। पुरुष युगल के फाइनल में क्रोएशिया के निकोलो मेकटिच और नीदरलैंड के वेसले कूलहोफ ने पांचवीं वरीयता प्राप्त स्पेन के मार्शल ग्रानोलेर्स और अर्जेंटीना के होराशियो जेबालोस को 7-6, 7-6 से हराया।

दिल्ली कैपिटल्स की नजर डब्ल्यूपीएल के खिताब पर

पिछले साल पहले सत्र के फाइनल में दिल्ली को मुंबई ने सात विकेट से था हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स पिछले साल चूक गई थी, लेकिन अब रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ दूसरे महिला प्रीमियर लीग फाइनल में उसकी नजरें खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी। पिछले साल पहले सत्र के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से हराया था। इस बार दिल्ली की टीम शानदार फॉर्म में है और आठ मैचों में 12 अंक लेकर पांच टीमों की लीग में शीर्ष पर है।

मेग लानिंग ने आठ पारियों में 308 रन बनाए हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका की मारियाने काप और आस्ट्रेलिया की स्पिनर जेस जोनासेन ने 11-11 विकेट लिए हैं। इस सत्र में दिल्ली को मुंबई इंडियंस और यूपी वारियर्स ने हराया। आरसीबी के खिलाफ अब तक खेले गए चारों मुकाबले उसने जीते हैं। यह नया दिन और नया मैच है जिसमें दबाव झेलने में कामयाब रहने वाली टीम को ट्रॉफी मिलेगी। दिल्ली को लानिंग और शेफाली वर्मा से अच्छी शुरुआत और जेमिमा रौड्रिग्स भी फॉर्म में है, लेकिन एलिसे कैप्सी और काप से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में जोनासेन, काप और शिखा पांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया है। बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने भी दस विकेट लिए हैं और कोटला की धीमी पिच पर उनकी भूमिका अहम होगी। दूसरी ओर आरसीबी लीग चरण में तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन शुक्रवार को एलिमिनेटर में कम स्कोर बनाने के बावजूद मुंबई को 5 विकेट से हरा दिया। एलिसे पैरी पर बल्लेबाजी का जिम्मा होगा जो अब तक 312 रन बना चुकी है। उन्होंने सात विकेट भी लिए हैं। मुंबई के खिलाफ पैरी का प्रदर्शन नहीं होता तो आरसीबी नहीं जीत पाती। पहले उन्होंने 66 रन बनाए और फिर 1 विकेट भी लिया। उन्हें हालांकि कप्तान स्मृति मंधाना, सोफी डेवाइन, रिचा घोष और सोफी मोलिनू से और सहयोगी की उम्मीद होगी। आरसीबी के गेंदबाजों खासकर रेणुका सिंह, श्रेयांका पाटिल और जॉजिया वेयरहेम को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

मैच : शाम 7:30 बजे

दिल्ली कैपिटल्स : मेग लानिंग (कप्तान), लौरा हैरिस, तान्या भाटिया, जेमिमा रौड्रग्स, शेफाली वर्मा, एलिसे कैप्सी, मरियाने काप, शिखा पांडे, अनाबेल सदरलैंड, जेस जोनासेन, मिन्नु मनी, पूनम यादव, अरूंधति रेड्डी, टिटास साधु, राधा यादव, अश्विनी कुमारी, अपर्णा मंडल, वी स्नेहा दीप्ति।

आरसीबी : स्मृति मंधाना (कप्तान), रिचा घोष, दिशा कासात, एस मेघना, इंद्राणी रॉय, सतीश शुभा, हीदर नाइट, सिमरन बहादुर, एन डि क्लेर्क, सोफी डेवाइन, श्रेयांका पाटिल, एलिसे पैरी, आशा शोभना, एकता बिष्ट, केट क्रॉस, सोफी मोलिनू, श्रद्धा पोखरकर, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहैम।

पुरुष टीम के साथ जो कुछ हुआ उससे कोई संबंध नहीं : मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी

आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले डब्ल्यूपीएल के फाइनल से पहले अपनी टीम पर ज्यादा दबाव नहीं डालना चाहती और उनका कहना है कि वह आईपीएल में फ्रेंचाइजी की पुरुष टीम से तुलना करने के मूड में नहीं हैं।

आरसीबी की पुरुष टीम 17 साल में एक भी आईपीएल नहीं जीत पाई है जबकि तीन बार उपविजेता (2009, 2011, 2016) रही है, लेकिन डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को खिताब जीतने का शानदार मौका मिला है। मंधाना ने एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस पर पांच रन की जीत के बाद कहा कि पहले तो मुझे लगता है कि यह साल हमारे लिए पूरी फ्रेंचाइजी से जुड़ने के लिए अहम था। पुरुष टीम के साथ जो हुआ, कभी कभार इससे दबाव होता है। उन्होंने कहा कि इसलिए हम सिर्फ यही सोच रहे हैं कि हम अभी दूसरे ही सत्र में हैं इसलिए ज्यादा तनाव नहीं लेना चाहिए। पुरुष टीम के साथ क्या हुआ हमें उससे कुछ लेना देना नहीं है।

आरसीबी के लिए डब्ल्यूपीएल का पहला सत्र इतना अच्छा नहीं रहा था, जिसमें टीम लीग तालिका में चौथे स्थान पर थी। मंधाना ने कहा कि क्रिकेट ने जो सिखाया है, उसके अनुसार वर्तमान में रहना अहम है। यह मैच के दिन अच्छा क्रिकेट खेलने के बारे में हैं और कल के मुकाबले में जो भी टीम अच्छा करेगी खिताब जीतेगी। मंधाना फाइनल की प्रतिद्वंद्वी कप्तान मेग लैनिंग का बहुत सम्मान करती हैं लेकिन उन्हें लगता है कि कप्तान हमेशा टीम के जितना ही अच्छा होता है। मंधाना ने कहा कि हम कप्तान को अधिक तवज्जो देते हैं लेकिन कप्तान टीम के जितना ही अच्छा होता है।

हमें हार्दिक की कमी खलेगी: नेहरा

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा ने कहा कि उन्होंने हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस में वापसी नहीं करने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की, लेकिन आईपीएल में उन्हें इस स्टार ऑलराउंडर के अनुभव की कमी खलेगी। गुजरात ने हार्दिक की अगुवाई में अपने पदार्पण वर्ष में ही आईपीएल जीता था जबकि पिछले साल टीम फाइनल में पहुंची थी। हार्दिक हालांकि कप्तान के तौर पर मुंबई इंडियंस से जुड़ गए हैं। नेहरा ने कहा कि किसी भी खेल में आपको आगे बढ़ना होता है। हार्दिक और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की जगह भरना आसान नहीं होता है, लेकिन इससे सीख मिलती है और इसी तरह से टीम आगे बढ़ती है। मैंने हार्दिक को टीम में बने रहने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की। आप जितना अधिक खेलते हो उतना अनुभव मिलता है। अगर वह किसी अन्य टीम में जाते तो मैं उन्हें रोकता। वह यहां दो साल खेले, लेकिन वह ऐसी टीम में वापस जा रहे थे जिसके लिए वह 5-6 साल तक खेले थे। नेहरा ने कहा कि शुभमन गिल को मैं कप्तान के रूप में मैं देखना चाहता हूं और केवल मैं ही नहीं पूरा भारत यह देखना चाहता है क्योंकि वह इसी तरह का खिलाड़ी है।

रोहित के स्वच्छंद होकर खेलने से मुंबई को होगा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

आस्ट्रेलिया के पूर्व टी-20 कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि कप्तानी का बोझ नहीं होने से रोहित शर्मा अब स्वच्छंद होकर बल्लेबाजी करेंगे, जिसका पांच बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। रोहित की अगुवाई में मुंबई ने पांच खिताब जीते, लेकिन अब उनकी जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया गया है।

फिंच ने कहा कि रोहित के लिए अब एकमात्र चुनौती पारी का अच्छी तरह से आगाज करना है जैसा कि वह भारत और मुंबई की तरफ से कई वर्षों से कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब आप टीम की कप्तानी कर रहे होते हो तो आप जहां भी जाते हो टीम के कप्तान होते हो। आप इसके बारे में बहुत अधिक सोच सकते हो, लेकिन अब आप स्वतंत्र होकर खेल सकते हो जिसका उन्हें और मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पिछले सत्र में सातवें स्थान पर रही थी, लेकिन फिंच को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के जुड़ने से इस बार यह टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस बार केकेआर की टीम पिछली बार की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करेगी। जब आपके पास मिशेल स्टार्क जैसा खिलाड़ी हो तो किसी भी टीम के प्रदर्शन में सुधार होता है। वह टीम को शुरू में कुछ महत्वपूर्ण विकेट दिला सकते हैं तथा पावर प्ले में यह किसी भी टीम के लिए महत्वपूर्ण होता है। यही नहीं डेथ ओवरों में भी उसकी गेंदबाजी असाधारण है।

बॉलीवुड हलचल

अभिषेक बच्चन को लेकर फिल्म बनाएंगे शूजित

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक शुजित सरकार जूनियर बी अभिषेक बच्चन को लेकर फिल्म बनाने जा रहे हैं। 'विक्की डोनर', पीकू, और 'पिंक' जैसी कई सुपरहिट फिल्में बना चुके शूजित सरकार जल्द ही अपनी अगली फिल्म शुरू करने के लिए तैयार हैं। शूजित सरकार की इस फिल्म में अभिषेक बच्चन की मुख्य भूमिका होगी। शूजित सरकार ने बताया मैं अपनी अगली फिल्म के लिए अभिषेक बच्चन के साथ काम कर रहा हूं। मेरी कहानियां हमेशा जीवन से जुड़ी होती हैं और उनमें ह्यूमर भी होता है। मैंने हमेशा जीवन की यात्रा को मुख्य विषय मानकर अलग-अलग शैलियों के साथ प्रयोग करने का प्रयास किया है।यह एक इमोशनल फिल्म है। मेरी सभी फिल्मों का लक्ष्य दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचाना है।

कियारा को पसंद आई सिद्धार्थ की 'योद्धा'

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री कियारा आडवाणी को अपने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा बेहद पसंद आई है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म आज रिलीज हो गई है। कियारा को फिल्म बेहद पसंद आई है। कियारा ने फिल्म के एक सीन से सिद्धार्थ की तस्वीर शेयर की है। फोटो के साथ कियारा ने लिखा, सिद्धार्थ आपने हम सबको गर्व महसूस कराया है। आप बेस्ट हैं। उन्होंने लिखा,इस जॉनर में सबसे बढ़िया में से एक। सागर और पुष्कर, भरोसा नहीं हो रहा है कि यह आपका पहला है।कियारा ने दिशा पाटनी और राशि खन्ना के लिए लिखा, इन दो महिला योद्धाओं से सावधान रहिए। फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू, प्रशंसा स्वीकार करें।

सूद की फिल्म फतेह का टीजर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म 'फतेह' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडीज मुख्य भूमिका में हैं। फतेह सोनू सूद के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म का टीजर बेहद खौफनाक है। टीजर की शुरुआत इस वॉयस ओवर से होती है कि फतेह तुमने 40 इतने में 'फतेह के रोल में दिख रहे सोनू सूद ने बोलते हैं 40 नहीं 50' इसके बाद सोनू सूद एक-एक कर बदमाशों को शूट करते दिख रहे हैं। शक्ति सागर प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म फतेह साइबर अपराध की जटिलताओं और चुनौतियों के इर्द-गिर्द घूमती है।

विक्रांत सिंह की फिल्म ससुराल का गुलाम में यामिनी के जलवे

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत की आने वाली फिल्म 'ससुराल का गुलाम' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म ससुराल का गुलाम में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ यामिनी सिंह मुख्य में हैं। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और अरविंद अग्रवाल हैं।निर्देशक इश्तियाक शेख बंटी हैं। कथा - पटकथा और संवाद अरविंद तिवारी का है। विक्रांत सिंह राजपूत ने फिल्म 'ससुराल का गुलाम' को लेकर कहा कि यह फिल्म भी बेहद ख़ास होने वाली है। यह फिल्म आधी आबादी को खूब पसंद आएगी। मेरा किरदार इस फिल्म में अनोखा है। उम्मीद करता हूं कि यह सभी को पसंद आए। फिल्म के गाने भी बेहद खूबसूरत हैं। फिल्म में यामिनी सिंह के साथ मेरी केमेस्ट्री दर्शकों के दिलों को छूने वाली है।

लाडो, काजल और गोल्डी का होली गीत रिलीज

मुंबई, एजेंसी। लाडो मद्धेशिया, काजल त्रिपाठी और गोल्डी यादव का होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।इस गाने में लाडो मद्धेशिया और गोल्डी यादव की आवाज है, वहीं वीडियो में लाडो मद्धेशिया और काजल त्रिपाठी की केमिस्ट्री नजर आ रही है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

यासीन की पार्टी पर 5 साल के लिए बढ़ा प्रतिबंध: गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- कश्मीर पीपुल्स लीग के सभी गुटों पर भी लगाया प्रतिबंध

केंद्र सरकार ने शनिवार को कठोर आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत जम्मू-कश्मीर पीपुल्स फ्रीडम लीग और अलगाववादी समूह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े जम्मू-कश्मीर पीपुल्स लीग के सभी गुटों पर प्रतिबंध लगा दिया। मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (मोहम्मद यासीन मलिक गुट) पर लगा प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।

गृह मंत्रालय ने कहा कि उसका नया कदम जेकेएलएफ-वाई नामक संगठन के खिलाफ प्राप्त त जानकारी के बाद आया है, क्योंकि वह उन गतिविधियों में शामिल है, जो देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर सकती है। गृह मंत्रालय ने 22 मार्च 2019 को जेकेएलएफ-वाई को एक गैरकानूनी पार्टी घोषित किया था। आतंकवाद के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पीपुल्स लीग के चार संगठनों जेकेपीएल (मुख्तार अहमद वाजा), जेकेपीएल (बशीर अहमद तोता), जेकेपीएल (गुलाम मोहम्मद खान) और जेकेपीएल (अजीज शेख) पर बैन लगा दिया है। ये संगठन जम्मू-कश्मीर में आतंक भड़काने और अलगाववाद को बढ़ावा देने में शामिल थे। अमित शाह ने कहा, 'मोदी सरकार आतंकी गतिविधियों में शामिल लोगों और संगठनों के प्रति कठोर बनी रहेगी।

प्रसार भारती के अध्यक्ष बने पूर्व नौकरशाह नवनीत

नई दिल्ली। प्रसार भारती का नया अध्यक्ष सेवानिवृत्त नौकरशाह नवनीत कुमार सहगल को नियुक्त किया गया है। यह पद चार साल से खाली पड़ा था। सहगल ने ए. सूर्य प्रकाश का स्थान लिया है। सूर्य प्रकाश का कार्यकाल फरवरी 2020 में समाप्त हो गया था।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा 15 मार्च 2024 को जारी एक आदेश में कहा गया कि राष्ट्रपति, चयन समिति की सिफारिश पर, नवनीत कुमार सहगल, आईएएस (सेवानिवृत्त) को प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता हैं। सहगल तीन वर्ष तक इस पद पर नियुक्त रहेंगे।

दुनिया के 52% रोबोट सिर्फ चीन में तैनात, सबसे ज्यादा बेरोजगारी

दुनियाभर में रोबोट्स की वजह से सबसे तेजी से बेरोजगारी चीन में बढ़ रही है। अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट के अनुसार, विशेषज्ञों ने अब तक चीन के अलग-अलग उद्योगों में काम कर रहे रोबोट की जितनी संख्या का आकलन किया था, वास्तव में यह उससे 12.5 गुना ज्यादा है। चीन लगातार ऑटोमेशन की ओर बढ़ रहा है। इससे वहां के तमाम उद्योगों में लगातार नौकरियां कम हो रही हैं।



इन कंपनियों में हो रहे इस्तेमाल

चीन के मैन्यूफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स, हॉस्पिटैलिटी, हेल्थकेयर और कंस्ट्रक्सन में रोबोट का खूब इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन सबसे ज्यादा रोबोट की चीन सॉफ्टवेयर के लिए अमेरिका जापान पर निर्भर चीन का घरेलू रोबोट इंडस्ट्री सॉफ्टवेयर के लिए पूरी तरह अमेरिका और जापान जैसे विकसित दशों पर निर्भर है। साथ ही वे इंडस्ट्री में इन्नोवेशन में भी पिछड़े हुए हैं। जबकि रोबोट इंडस्ट्री में 80% खर्च सॉफ्टवेयर का ही है।

चीन के उद्योगों में लगे सबसे ज्यादा रोबोट

दुनिया भर के उद्योगों में जितने रोबोट काम कर रहे हैं, उसमें से 52% अकेले चीन के उद्योगों में लगे हुए हैं। जबकि एक दशक पहले तक यह संख्या सिर्फ 14% थी। चीन दुनिया का सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल रोबोट मार्केट बन चुका है। इसके विपरित अमेरिका अपनी रोबोटिक जरूरतों का सिर्फ 70% का ही इस्तेमाल कर रहा है। दरअसल माना जाता रहा है कि रोबोट के जरिए ऑटोमेशन ज्यादा विकसित देशों में होगा, क्योंकि यहां वेतन ज्यादा है, लेकिन इसके विपरीत चीन जैसे विकासशील देश में सबसे ज्यादा ऑटोमेशन हो रहा है।

रोबोटिक्स को प्राथमिकता

रिपोर्ट में प्रमुख कंपनियों के शोध और वैश्विक विशेषज्ञों की इनसाइट शामिल हैं। यह भी पता चला कि चीन में रोबोटिक्स का उत्पादन और तैनाती दर तेजी से बढ़ रही थी क्योंकि चीनी सरकार ने रोबोटिक्स उद्योग को प्राथमिकता दी है। आईटीआईएफ के अध्यक्ष और रिपोर्ट ने कहा, चीन पहले से ही दुनिया का सबसे बड़ा औद्योगिक रोबोट बाजार है। 2022 में, दुनिया के सभी औद्योगिक रोबोटों में से 52 प्रतिशत चीन में स्थापित किए गए, जो एक दशक पहले 14 प्रतिशत से अधिक था।

इन देशों में सबसे ज्यादा इस्तेमाल

इंसानों के कार्य में मदद के लिए सबसे अधिक चीन, जापान और दक्षिणी कोरिया में रोबोट का इस्तेमाल हो रहा है। इनमें भी चीन रोबोट के इस्तेमाल में सबसे आगे है। वहीं अगर भारत की बात की जाए तो फिलहाल औद्योगिक क्षेत्र से लेकर घरेलू जरूरतों तक में रोबोट की भागीदारी बहुत अधिक नहीं हैं। इसलिए रोबोटिक में निवेश भी बहुत उल्लेखनीय नहीं है, लेकिन कम भी नहीं है।

क्यों बढ़ रही है मांग

दरअसल टेक्नोलॉजी के विकास के साथ ऑटोमेटिक मशीनें इंसानों की पसंदीदा बनती जा रही हैं, क्योंकि इनसे न केवल काम आसान होता है बल्कि समय की भी बचत हो रही है। इसके अलावा विकसित देशों में खास तौर पर ह्यूमन लेबर की कीमतों में तेजी से इजाफा हुआ है। साथ ही कोविड महामारी के बाद बदले परिदृश्य में सुरक्षा चिंताएं भी एक ऐसा कारण हैं।

एक नजर

सिंगापुर, फिलीपीन व मलेशिया के दौरे पर जाएंगे जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर 23 मार्च से सिंगापुर, फिलीपीन और मलेशिया की पांच दिवसीय यात्रा पर है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत इन देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना और आपसी चिंता के क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को कहा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर तीनों देशों के विदेश मंत्रियों के निमंत्रण पर 23 से 27 मार्च तक सिंगापुर, फिलीपीन और मलेशिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जयशंकर के तीनों देशों के अपने समकक्षों के साथ बातचीत में दक्षिण चीन सागर और लाल सागर सहित रणनीतिक जलीय क्षेत्र की समग्र स्थिति पर चर्चा करने की उम्मीद है।

बेंगलुरु। डोसा एक ऐसा व्यंजन है, जिसकी शुरूआत तो दक्षिण भारत से हुई। लेकिन आज इसको देश भर में पसंद किया जाता है। आम तौर पर दुकानों में डोसा प्लेट या थाली के साइज का ही मिलता है, लेकिन राजधानी बेंगलुरु में 70 से ज्यादा शेफों ने मिलकर 123 फीट लंबा डोसा तैयार किया है। बोम्मसंद्रा में एमटीआर के शताब्दी वर्ष के अवसर पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए तैयार किया है।

मुंबई हवाई अड्डे पर 1.72 करोड़ रुपये का सोना बरामद

मुंबई। मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पांच अलग-अलग मामलों में 1.72 करोड़ रुपये का 2.9 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया है। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारी ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार को बरामदगी की गई है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग मामलों में, दुबई से यात्रा कर रहे दो विदेशी नागरिकों के कब्जे से 1,520 ग्राम सोना जब्त किया, जबकि जेद्दा से दो भारतीयों ने खजूर के अंदर 815 ग्राम वजन के सोने के टुकड़े छुपाए थे और इसे अपने सामान में ले जा रहे थे। वहीं दुबई और बैंकॉक आए दो भारतीयों को सोने के साथ पकड़ा गया।

गाजा में इजराइली हवाई हमले में 36 लोगों की मौत, कई घायल

गाजा। गाजा में शरणार्थी शिविर पर इजराइली हवाई हमले में 36 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है। अन्य कई घायल हुए हैं। गाजा के स्वास्थ्य विभाग ने बताया है कि, विमान ने नुसीरात शिविर पर कई मिसाइलों दागी है। हमले में बच्चों और गर्भवती महिलाओं सहित 36 लोग मारे गए। हमास द्वारा संचालित सरकारी मीडिया ने अमेरिकी प्रशासन, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और इजराइल को रक्षाविहीन नागरिकों के खिलाफ इन अपराधों और नरसंहारों की वृद्धि के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया।

राम मंदिर और सीएए के जिक्र पर यूएन में पाकिस्तान को फटकार

रूचिरा बोलीं- दुनिया प्रगति कर रही है, पाकिस्तान एक मुद्दे पर ही फंसा है

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा। इस्लामोफोबिया मसौदा प्रस्ताव से दूरी बनाते हुए भारत ने कहा, केवल एक धर्म के बजाय हिंदू, बौद्ध, सिख और हिंसा व भेदभाव का सामना करने वाले अन्य धर्मों के खिलाफ धार्मिक भय की व्यापकता को भी स्वीकार किया जाना चाहिए।

दरअसल, संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज उस समय भड़क गईं जब संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस्लामाबाद के उच्चायुक्त ने अयोध्या में राम मंदिर और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का हवाला दिया। गौरतलब है, 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में शुक्रवार को पाकिस्तान ने 'इस्लामोफोबिया से निपटने के उपाय' प्रस्ताव को पेश किया था, जिसके पक्ष में 115 देशों ने मतदान किया था। जबकि भारत, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूक्रेन और ब्रिटेन सहित 44 देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। 115 वोट पक्ष में पड़ने के बाद प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया था। इसी दौरान पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने अयोध्या में राम मंदिर और सीएए को लेकर कुछ टिप्पणियां की थीं, जिसका संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा, 'एक प्रतिनिधिमंडल और उसके द्वारा की गई टिप्पणियों के संबंध में सिर्फ यह ही कहा जा सकता है कि यह गलत रिकॉर्ड है। जहां पूरी दुनिया प्रगति कर रही है, वहीं पाकिस्तान एक मुद्दे पर ही फंस गया है।

पाकिस्तान पर तीखे वार

पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि ने अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक के साथ-साथ नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के कार्यान्वयन का भी उल्लेख किया था। कंबोज ने कहा, मेरे देश से संबंधित मामलों पर इस प्रतिनिधिमंडल के सीमित और गुमराह दृष्टिकोण को देखना वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है, खासकर जब महासभा एक ऐसे मामले पर विचार करती है जो पूरी सदस्यता से ज्ञान, गहराई और वैश्विक दृष्टिकोण की मांग करता है। शायद इस प्रतिनिधिनंडल के पास ज्ञान नहीं है।

पाकिस्तान के इस्लामोफोबिया प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा भारत

दुनियाभर में धार्मिक भय बढ़ता जा रहा है। अमेरिका और कनाडा जैसे देशों में हिंदुओं के प्रति घृणा अपराध बढ़ रहे हैं। ऐसे में, पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र में इस्लामोफोबिया पर एक प्रस्ताव पेश किया, जिससे चीन ने सहमति जताई। हालांकि, भारत ने कड़ा रुख अपनाया और इस प्रस्ताव का हिस्सा नहीं बनने का फैसला लिया। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि सिर्फ एक धर्म की बात न करके बल्कि हिंसा तथा भेदभाव का सामना कर रहे अन्य सभी धर्मों की भी बात की जाए और प्रस्ताव रखा जाए। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने यहूदी विरोधी, ईसाई धर्म से घृणा और इस्लाम से भय के खिलाफ सभी कृत्यों की निंदा की।

ओवैसी ने सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के मुद्दे पर एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। कोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए उन्होंने सीएए के कार्यान्वयन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है।

इस दौरान ओवैसी ने एनआरसी का मुद्दा भी उठाया है। ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि सीएए का एनआरसी के साथ गलत गठजोड़ है। एनआरसी के जरिए भारतीय मुसलमानों को निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है। याचिका में ओवैसी ने कहा कि कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6बी के तहत नागरिकता का दर्जा देने की मांग करने वाले किसी भी आवेदन पर सरकार द्वारा विचार या कार्रवाई नहीं की जाए। सीएए को अधिसूचित किये जाने के बाद ओवैसी ने कहा था कि धर्म के आधार पर कोई कानून नहीं बनाया जा सकता और इसपर सुप्रीम कोर्ट के कई निर्णय भी हैं।

चुनाव से पहले भारत-ब्रिटेन 14वीं एफटीए वार्ता बेनतीजा संपन्न

लंदन, एजेंसी

- लोकसभा चुनाव के बाद ही मुक्त व्यापार समझौतों पर होगा फैसला

भारत और ब्रिटेन के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की बातचीत थम गई है। दरअसल भारत में लोकसभा चुनाव की तारीखों का शनिवार को एलान हो गया है, जिसके साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। ऐसे में दोनों देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर 14 दौर की वार्ता के बाद रुकने का फैसला किया है और अब लोकसभा चुनाव के बाद ही इस दिशा में कोई फैसला हो सकेगा।

ब्रिटिश अधिकारियों ने बताया कि बातचीत थमने का पहले से ही अनुमान था क्योंकि भारत में आम चुनाव होने हैं और अब चुनाव के बाद ही मुक्त व्यापार समझौते पर आगे कोई औपचारिक बातचीत हो सकती है। भारत और ब्रिटेन के बीच जनवरी 2022 में मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू हुई थी।

एक अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्षों में से कोई भी समझौते से पीछे हटने के मूड में नहीं हैं, लेकिन अभी तक समझौता न होने की वजह ये है कि हमें अभी तक वो डील नहीं मिली है, जिस पर दोनों पक्षों में सहमति बन सके। दोनों पक्षों के मध्यस्थों ने बीते कुछ वर्षों में समझौते को लेकर कड़ी मेहनत की है और कई मुद्दों पर हमारे बीच सहमति बन भी गई है। हालांकि अभी माल, सेवाएं और निवेश पर सहमति बननी बाकी है। इस हफ्ते की शुरुआत में पीएम मोदी और ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक के बीच फोन पर बातचीत भी हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों ने समझौते को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दिखाई थी।

एक ब्रिटिश अधिकारी ने बताया कि भारत और ब्रिटेन में महत्वकांक्षी व्यापार समझौते को लेकर लगातार काम कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कई मुद्दों पर आपसी सहमति नहीं बन पाई है। हम इसे लेकर साफ हैं कि जब तक समझौता निष्पक्ष, संतुलित और ब्रिटेन के लोगों और हमारी अर्थव्यवस्था के हित में होना चाहिए।

चुनाव की तैयारियों को लेकर सोशल मीडिया कंपनियों से मांगा ब्योरा

वाशिंगटन। भारत में आम चुनावों को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। इसी कड़ी में अमेरिका के एक सांसद ने सोशल मीडिया कंपनियों से पूछा है कि भारत में होने वाले चुनाव के लिए क्या कुछ तैयारी की हैं। दरअसल, मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप सहित सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अफवाहें और गलत जानकारी को बढ़ाने का एक लंबा इतिहास रहा है।

अमेरिकी चुनावों पर निगरानी रखने वाली सीनेट की खुफिया एवं नियम समिति के सदस्य सांसद माइकल बेनेट ने सोशल मीडिया कंपनियों को एक पत्र लिखा है। इन कंपनियों से भारत सहित विभिन्न देशों में चुनाव की तैयारियों के बारे में जानकारी मांगी गई है।

अंगारों पर आस्था का ज्वार...

चिक्कमगलुरु: देश में मंदिरों से हिन्दू अनुयायियों की कई प्रकार की मान्यताएं और गहरी आस्थाएं जुड़ी हुई है। ऐसी ही आस्था कर्नाटक के चिक्कमगलुरु जिले में नेम-निष्ठा के साथ शनेश्वर मंदिर में पूजा की जाएगी। शनिवार को कंदोत्सव के दौरान भक्तों ने शनेश्वर भगवान को कंधों पर रखकर नंगे पैर दहकते अंगारों में चल कर अपनी भक्ति का परिचय दिया। यह पूजा पिछले कई वर्षों से अनवरत हो रही है। हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। यहां बच्चे-बूढ़े, महिलाएं-पुरुष, सभी अंगारों पर नंगे पैर चलकर भगवान के दर्शन करते हैं।

किसान आंदोलन के जरिए अराजकता फैलाने की कोशिशें शुरू: आरएसएस

नागपुर, एजेंसी

- अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में आरएसएस की टिप्पणी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने आरोप लगाया है कि लोकसभा चुनाव से पहले किसान आंदोलन के जरिए अराजकता फैलाने का फिर से प्रयास किया जा रहा है। इसके जरिए पंजाब में अलगाववादी आतंकवाद को बढ़ावा मिल रहा है।

आरएसएस ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में सैकड़ों माताओं और बहनों के खिलाफ किए गए अत्याचारों ने पूरे समाज की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। संघ ने मणिपुर हिंसा पर भी चिंता जताई और कहा कि इसने समाज के दो वर्गों 'मैतेई और कूकी' के बीच अविश्वास पैदा किया है। महासचिव दत्तात्रेय होसबोले द्वारा प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 में ये टिप्पणियां की गई हैं। बता दें, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नागपुर में अपनी प्रतिनिधि सभा की मेजबानी कर रहा है। यह संघ की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। रिपोर्ट के समापन हिस्से 'नेशनल सीन' में देश की विभिन्न घटनाओं के बारे में बात की गई है। उन्होंने कहा कि साल 2024 अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए हमेशा जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी 2024 एक ऐतिहासिक तारीख है।

किसानों के आंदोलन पर आरएसएस ने कहा, 'पंजाब में अलगाववादी आतंकवाद फिर पैर पसारने लगा है। किसानों के आंदोलन के बहाने, विशेष रूप से पंजाब में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अराजकता फैलाने के प्रयासों को फिर से शुरू किया गया है।

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का समर्थन नहीं करेंगे पेंस

वाशिंगटन। अमेरिका के दोबारा राष्ट्रपति बनने के प्रयास में जुटे डोनाल्ड ट्रंप के सहयोगियों का विरोध कम नहीं हो रहा। पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने कहा कि वह नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का समर्थन नहीं करेंगे।

माइक पेंसकहा, इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि मैं इस वर्ष डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन नहीं करूंगा। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति चुनाव में प्रत्याशी बनने की दौड़ में पेंस भी ट्रंप को चुनौती देने वालों में शामिल थे, लेकिन पिछले वर्ष अक्टूबर में वह पीछे हट गए थे। उनके बयान से स्पष्ट है कि पूर्व ट्रंप प्रशासन के कई अधिकारी ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के प्रयास का समर्थन नहीं कर रहे हैं।

आतंकी हमले में पाकिस्तान के दो सेना अधिकारियों की मौत

पेशावर। अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान के अशांत जिले में एक सुरक्षा जांच चौकी पर छह आतंकवादियों द्वारा किए गए कई आत्मघाती हमलों में दो अधिकारियों सहित सात पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। सेना के अफसरों ने कहा- पांच सैनिकों सहित एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक कैप्टन की मौत हो गई।

मीर अली इलाके में चेक पोस्ट पर हमला करने वाले सभी छह आतंकियों को मार गिराया गया। आईएसपीआर के बयान के अनुसार, सैनिकों द्वारा घुसपैठ के शुरुआती प्रयास को विफल करने के बाद, आतंकवादियों ने विस्फोटकों से भरे वाहन को चौकी में घुसा दिया, जिसके बाद कई आत्मघाती बम हमले हुए। बाद के सफाया अभियान के दौरान, सैनिकों ने प्रभावी ढंग से मुकाबला किया और सभी छह आतंकवादियों को मार गिराया, सुरक्षा अभियान जारी है।

विज्ञान टेक्सास में चल रहे 55वें चंद्र व ग्रह विज्ञान सम्मेलन के दौरान हुआ खुलासा

मंगल की धरती पर सक्रिय ज्वालामुखी की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: लालग्रह मंगल आज भी भूगर्भीय दृष्टि से सुरक्षित नहीं है। नई खोज में मंगल की समतल भूमि में छिपा हुआ सक्रिय ज्वालामुखी का पता चला है। यह खोज भविष्य में मंगल की धरती पर मानव अन्वेषण के लिए उपयोगी होगी।

यह विशाल ज्वालामुखी मंगल के भूमध्य रेखा के ठीक दक्षिण में, पूर्वी नोक्टिस लेबिरिंथस व वैलेस मेरिनेरिस के पश्चिम की एक विशाल घाटी में है। इस क्षेत्र से लगे तीन और ज्वालामुखी क्षेत्र हैं। जिनका पता वैज्ञानिक पहले ही लगा चुके थे। नई खोज से यह जानकारी भी मिली है कि इस क्षेत्र में दबा हुआ बर्फ का ग्लेशियर भी हो सकता है। इस खोज का खुलासा टेक्सास में चल रहे 55वें चंद्र व ग्रह विज्ञान सम्मेलन के दौरान किया गया। नासा के मेरिनर 9, वाइकिंग ऑर्बिटर 1 व 2, मार्स ग्लोबल सर्वेयर, मार्स ओडिसी, और मार्स रिकोनाइसेंस ऑर्बिटर मिशन के साथ-साथ यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के मार्स एक्सप्रेस मिशन के डेटा के जरिए यह खोज संभव हो सकी। खोजकर्ता मैरीलैंड विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के स्नातक छात्र सौरभ शुभम के अनुसार मंगल का यह क्षेत्र इतिहास के लंबे समय तक फैले विभिन्न प्रकार के हाइड्रेटेड खनिजों के लिए जाना जाता है। यह खोज मंगल की धरती पर मानव अन्वेषण के लिए उपयोगी है। भविष्य में कई मानव मिशन मंगल में चलाए जाएंगे। जिस कारण मंगल की सतह और भूगर्भ की जानकारी बेहद जरूरी है। मंगल की अंजान निर्जीव धरती की हर जानकारी का पता होना बेहद जरूरी है।



मंगल ग्रह का मानचित्र।

450 किलोमीटर व्यास का है ज्वालामुखी, 9 हजार ऊंचाई

खोजा गया नया विशाल ज्वालामुखी व्यास लगभग 450 किलोमीटर है और इसकी ऊंचाई लगभग 9,022 मीटर है। दूसरे ग्रहों पर जीवन की तलाश में जुटी नासा की संस्था सेटी इंस्टीट्यूट का कहना है कि ज्वालामुखी वाला यह क्षेत्र बेहद रोमांचक है। इस स्थान में भविष्य के रोबोटिक कार्यक्रम चलाए जा सकते हैं। पृथ्वी से अलग जीवन की खोज करने वाले लोगों के लिए आरसिया मोन्स अगला पड़ाव हो सकता है।

भारतवंशी के निर्वासन को लेकर हाईकोर्ट ने सरकार को फटकारा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने एक भारतीय नागरिक के निर्वासन को लेकर गृह मंत्रालय को फटकार लगाई है। दरअसल अब्दुल मुगनी नाम के एक भारतीय नागरिक को 2013 में इस्पहानी रोड के पास से गिरफ्तार किया गया था। उस पर विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। उस दौरान सत्र अदालत ने अब्दुल मुगनी को 6 महीने की सजा सुनाई थी। इसके बाद मुगनी ने हाईकोर्ट में अपनी सजा के खिलाफ अपील की थी।

ग्यारह साल का समय बीतने के बाद भी मुगनी को रिहा नहीं किया गया। ऐसे में सिंध उच्च न्यायालय ने गृह मंत्रालय को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में संबंधित सचिव को यह बताने के लिए बुलाया जाएगा कि उनका विभाग ऐसे मामलों में कैसे काम कर रहा है।

आर्थिक रूप से तंग पाकिस्तान भारत के लिए अभी भी खतरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीडीएस अनिल चौहान ने चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ को लेकर चिंता जाहिर की

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) अनिल चौहान ने शनिवार को एक कार्यक्रम में कहा कि पाकिस्तान भले ही आर्थिक रूप से कमजोर चल रहा है, लेकिन अभी भी पाकिस्तान हमारे लिए खतरा है। साथ ही सीडीएस ने चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ को लेकर भी चिंता जाहिर की। एक कार्यक्रम में सीडीएस ने कहा कि हम अपनी सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम हैं।

सीडीएस ने कहा कि पाकिस्तान सैन्य तौर पर अभी भी काफी मजबूत है और हम इससे वाकिफ हैं। दरअसल कार्यक्रम के दौरान सीडीएस अनिल चौहान से पूछा गया था कि 21वीं सदी में भारत के सामने सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती क्या है? इसके जवाब में सीडीएस ने कहा कि 'जहां तक सुरक्षा बलों की बात है, हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती चीन का उभार और चीन के साथ जारी सीमा विवाद है। हमारे दो पड़ोसी हैं, जिनके साथ हमारे मतभेद हैं। दोनों की गहरी दोस्ती है और दोनों देश हिमालय से ऊंची और समुद्र से गहरी दोस्ती का दावा करते हैं और दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश भी हैं। सीडीएस ने सेना के सामने जो सबसे बड़ी एक और चुनौती बताई वो है लड़ाई की बदलती परिभाषा।